# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026


■ लोक शिक्षण विभाग ने जारी किया आदेश, शासकीय व निजी दोनों में लागू होगा नया नियम




*राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बदलाव, दाखिले के दौरान आयु सीमा में तीन माह की छूट मान्य*

# पहली कक्षा में प्रवेश अब 6 वर्ष में ही, नया सत्र 1 अप्रैल से, इसलिए इसी तारीख से तय होगी उम्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में कक्षा पहली में प्रवेश प्राप्त करने के लिए अब न्यूनतम आयु 6 वर्ष अनिवार्य होगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह निर्णय लिया है। शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों में भी यह नियम लागू रहेगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने संबंधित विभागों और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। नई व्यवस्था के अनुसार, प्रवेश के लिए बच्चे की आयु का निर्धारण संबंधित शैक्षणिक सत्र की 1 अप्रैल की स्थिति के आधार पर किया जाएगा। नए नियम के मुताबिक, बाल वाटिका में प्रवेश के लिए 3 से 4 वर्ष, केजी-1 में 4 से ▶▶| शेष पेज 8 पर



### ग्रीष्मकालीन छुट्टियां 1 मई से 15 जून तक

शैक्षणिक सत्र 2027–28 से सभी स्कूलों में नया शैक्षणिक कैलेंडर लागू होगा, जिसके तहत सत्र 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले वर्ष 31 मार्च तक चलेगा। इससे राज्य का शैक्षणिक कैलेंडर देश के प्रमुख शिक्षा बोर्ड के अनुरूप हो जाएगा। जून माह के दूसरे पखवाड़े में आयोजित स्कूल शिक्षा मंत्री की समीक्षा बैठक में इस संदर्भ में निर्देश दिए गए थे। अब लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संदर्भ में आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। वर्तमान में राज्य में शैक्षणिक सत्र 16 जून से 30 अप्रैल तक ▶▶| शेष पेज 8 पर

### अप्रैल में ही मिल जाएंगी किताबें

*विभाग ने निर्देश दिए हैं कि नए शैक्षणिक सत्र के पहले ही दिन सभी प्रमुख शैक्षणिक और छात्र कल्याण गतिविधियां शुरू की जाएं। इनमें शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण, सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण, स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण सहित अन्य छात्र हितैषी योजनाओं और गतिविधियों का संचालन शामिल है। राज्य सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से छात्रों को सत्र के पहले दिन से ही पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, साइकिल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इससे पढ़ाई बिना किसी बाधा के शुरू होगी और सरकारी स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था अधिक व्यवस्थित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनेगी।*

## खबर संक्षेप

### बीएसएनएल का सैटेलाइट फोन, बिना नेटवर्क कॉलिंग



**नई दिल्ली।** जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं पहुंचता, वहां भी अब फोन पर बात की जा सकेगी। बीएसएनएल ने भारत में नया सैटेलाइट फोन लॉन्च किया है। इसकी कीमत 1.34 लाख रुपए रखी गई है। इसे ऐसे इलाकों के लिए बनाया गया है, जहां मोबाइल टावर नहीं हैं या किसी आपदा के दौरान पूरा नेटवर्क बंद हो जाता है।

### ब्राउन शुगर के साथ धरे गए दो आरोपी

**इंदौर।** इंदौर में पुलिस ने गुरुवार को करीब 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद करने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपियों ने पूछताछ में कथित तौर पर बताया है कि वे मादक पदार्थ की यह खेप मप्र कांग्रेस समिति के अध्यक्ष जीतू पटवारी के छोटे भाई और एक अन्य व्यक्ति को सौंपने जा रहे थे। पटवारी के परिवार के एक वकील ने दावा किया कि पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के छोटे भाई नाना पटवारी को हिरासत में लिया है।

### अदाणी अमेरिकी कोर्ट में दाखिल करेंगे हलफनामा



**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अदाणी इस सप्ताह अमेरिकी संघीय कोर्ट में एक हलफनामा दायर करेंगे। इसमें वह यह स्पष्ट करेंगे कि क्या उन्हें अपने खिलाफ आपराधिक अभियोग को खारिज करने के अमेरिकी सरकार के फैसले से जुड़े किसी वादे, समझौते या लाभ की जानकारी है या नहीं।

### लॉरी और एमयूवी की टक्कर में सात की मौत

**येल्लापुर।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में बुधवार देर रात एक एमयूवी (बहुउद्देशीय वाहन) और लॉरी की आमने-सामने की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा देर रात करीब डेढ़ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर येल्लापुर पुलिस थाने की सीमा में अराबेल घाट खंड के बालगारा क्रॉस के पास हुआ जिसमें सात लोगों की मौत हो गई।

चार्जशीट में सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल के अलावा बेटिंग सिंडिकेट पैनल से जुड़े लोगों के नाम शामिल

# महादेव सट्टा एप में छह और चार्जशीट 6000 करोड़ का मामला, 66 आरोपी

राज्य के साथ देश के चर्चित महादेव सट्टा एप में सीबीआई ने विशेष कोर्ट में बुधवार को छह नई चार्जशीट दाखिल की। महादेव सट्टा एप की अनुमानित राशि छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी गई है। चार्जशीट में आशीम दास, रोहित गुलाटी, विकास छापरिया, अनिल दम्मानी, विशाल आहूजा और धीरज आहूजा को आरोपी बनाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

इनके खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र से जुड़ी धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। पहले से आरोपी बनाए गए महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ भी पूरक साक्ष्य कोर्ट में पेश किए गए हैं। इसके साथ ही सीबीआई ने कोर्ट में पांच अतिरिक्त चार्जशीट भी दाखिल की हैं, जिनमें कुल 66 आरोपी को ▶▶| शेष पेज 8 पर


महादेव सट्टे का मालिक सौरभ ओमान में फंसा, 6000 करोड़ का है नेटवर्क

### देशभर में फैला था महादेव एप का जाल

कोर्ट में पेश किए गए चालान में उल्लेख किया गया है कि महादेव सट्टा एप का नेटवर्क भारत में अब तक सामने आए सबसे बड़े अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी सिंडिकेट में से एक है। इंटरनेट मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए लाखों लोगों को इस नेटवर्क से जोड़ा गया। सिंडिकेट ने कई राज्यों में अलग-अलग बेटिंग पैनल बनाकर क्रिकेट समेत विभिन्न खेलों और आयोजनों पर अवैध सट्टा संचालित किया। जांच में खुलासा हुआ है कि ▶▶| शेष पेज 8 पर

### आर्थिक अपराधी घोषित करने की कार्रवाई

*सीबीआइ ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों का सहयोग लिया है। देश छोड़कर भागे चार प्रमुख आरोपियों के खिलाफ इंटरपोल की रेड कार्नर नोटिस पहले से जारी है। इसके साथ ही उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की कानूनी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यदि अदालत उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करती है तो सरकार उनकी भारत स्थित संपत्तियों को जब्त कर सकेगी।*

### जांच अभी जारी है

सीबीआइ के अफसरों ने कोर्ट को बताया है कि सट्टा एप की जांच अभी समाप्त नहीं हुई है। एजेंसी सिंडिकेट के पूरे भौगोलिक विस्तार, उससे जुड़े राजनीतिक और नौकरशाही संरक्षण, मनी लांड्रिंग नेटवर्क और अन्य छिपे हुए सहयोगियों की भूमिका की जांच कर रही है।

### यूएई से संचालित हो रहा नेटवर्क

जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और उनके कई करीबी सहयोगी ▶▶| शेष पेज 8 पर

5 आईएएस अधिकारियों के तबादले

# गौरेला-पेंड्रा-मरवाही कलेक्टर बने विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ संतोष देवांगन स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव बनाए गए

छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। तबादले में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, शहरी विकास और जिला पंचायत महासमुंद में भी नई नियुक्तियां की गई हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से यह आदेश जारी किया गया। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के कलेक्टर संतोष कुमार देवांगन को विशेष सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग बनाया गया है, जबकि विजय दयाराम के को जीपीएम का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे संचालक, तकनीकी शिक्षा, रोजगार-प्रशिक्षण और छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास अभिकरण का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। हेमंत रमेश नंदनवार को संचालक, तकनीकी शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के मुख्य ▶▶| शेष पेज 8 पर

**एक-दूसरे पर हमले तेज किए खतरे में पड़ा युद्ध विराम समझौता**

# ईरान पर तीसरी बार अमेरिकी हमला, बंदर अब्बास तबाह

एजेंसी ▶▶| दुबई

अमेरिका ने गुरुवार शाम को एक बार फिर ईरान पर हवाई हमले किए हैं। इस बार ईरान की पोर्ट सिटी बंदर अब्बास को निशाना बनाया गया है। बंदर अब्बास से कई धमाकों की खबरें हैं। यह अमेरिका का ईरान पर तीसरा हमला है। बताया जा रहा है कि अमेरिकी हमलों में ईरानी सेना और आईआरजीसी से जुड़े मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया है। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका के सहयोगी अरब देशों जॉर्डन, बहरीन और कुवैत पर हवाई हमले किए हैं। दोनों तरफ से हुए हमलों के कारण वह अस्थायी समझौता खतरा में पड़ गया है, जिसका मकसद पश्चिम एशिया में युद्ध खत्म करने में मदद करना था।

### दो दिन में 14 की मौत

*ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पिछले दो दिन में अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है और 78 लोग घायल हुए हैं। इनमें ज्यादातर सुरक्षा बलों के सदस्य बताए गए हैं।*



### जॉर्डन, कुवैत और बहरीन में भी धमाके

ईरान ने अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमले किए। कुवैत की सेना ने कहा कि उसने तीन बैलिस्टिक मिसाइलें, एक क्रूज मिसाइल और 10 ड्रोन मार गिराए। बहरीन ने कहा कि उसने भी हमलों को रोका है। कतर में नुकसान के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली। पश्चिम एशिया में ईरान के जवाबी हमलों के बीच जॉर्डन में मिसाइल के प्रति सतर्क करने के लिए सायरन बजे। ईरान ने अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में पश्चिम एशियाई देशों पर हमले किए हैं।

### 90 ठिकानों पर हमला

अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरान में करीब 90 ठिकानों पर हमला किया। कमांड ने हवाई अड्डे के रनवे और मिसाइल लॉन्चर पर हमलों के कुछ वीडियो साझा किए। इन हमलों का मकसद होर्मुज में जहाजों की आवाजाही को खतरे में डालने की ईरान की क्षमता को कमजोर करना था।






रामानुजनगर के साल्ही खोरखोरीपारा प्राथमिक शाला का मामला

# नशे में स्कूल पहुंचा प्रधानपाठक, दरवाजे पर ही गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

हरिभूमि सरोकार

सूरजपुर जिले के रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम साल्ही स्थित प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचे और स्कूल गेट के बाहर ही जमीन पर पड़े रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने नशेड़ी शिक्षक का वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच की बात कही है। जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



बता दें कि सूरजपुर जिले के रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम साल्ही के खोरखोरीपारा में आदिम जाति कल्याण विभाग प्राथमिक शाला संचालित है। इस प्राथमिक शाला में आस पास के क्षेत्र के बच्चे पढने के लिए आते है लेकिन इस ▶▶| शेष पेज 8 पर

### शराब ने कराया सस्पेंड

मामले को कलेक्टर सूरजपुर ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर श्रीमती रैना जमील के निर्देश पर प्रभारी डीईओ श्रीमती लता बेक द्वारा जांच कराई गई। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचे थे। प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### की गई है कार्रवाई

*मामले की जानकारी मिली है। बीईओ रामानुजनगर को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है। विभागीय जांच कर कार्रवाई की जाएगी।*

*-लता बेक, प्रभारी डीईओ सूरजपुर*

### ग्रामीणों में रोष कार्रवाई की मांग

*प्रधान पाठक के नशे में स्कूल आने का वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में रोष का माहौल है। बड़ी बात यह है की नशे में धुत प्रधान पाठक ने ग्रामीणों के समक्ष गाली गलौज भी की। लोगों का कहना है कि बच्चों को स्कूल में बेहतर शिक्षा के लिए भेजा जाता है लेकिन अगर जिम्मेदार ही इस तरह नशे में धुत होकर स्कूल आएंगे तो बच्चों पर क्या असर पड़ेगा।*

# घर बनाना महंगा, हजार वर्गफीट का बजट हो गया 25 लाख

## मटेरियल के दाम में 15 से 40 फीसदी तक का इजाफा होने का असर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

महंगाई की मार अपना आशियाना बनाने पर भी पड़ी है। अब मध्य वर्ग के लिए घर बनाना भी बहुत महंगा हो गया है। जो हजार वर्गफीट का घर पहले 19 से 20 लाख में बन जाता था, वह अब 24 से 25 लाख में बन रहा है। ऐसे में पांच लाख रुपए ज्यादा लग रहे हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि हर तरह का मटेरियल महंगा हो गया है। मटेरियल के दाम 40 फीसदी तक बढ़ने के कारण घर बनाना भी 25 फीसदी तक महंगा हो गया है।

अपना घर बनाना हर इंसान का सपना होता है। मध्यम वर्ग का इंसान चाहता है कि उसका खुद का आशियाना कम से कम दाम में बन जाए, लेकिन इस समय युद्ध के कारण हर सेक्टर के सामानों के दाम में आग लग गई है। इसके कारण अपना घर बनाना बहुत महंगा हो गया है। कुछ सेक्टरों ने तो



मौका का फायदा उठाते हुए भी दाम बढ़ा दिए हैं। घर बनाने के काम में आने वाला सरिया और सीमेंट के दाम भी आसमान पर चले गए हैं। जो सरिया पहले 50 हजार रुपए टन था उसके दाम इस समय 60 हजार से ज्यादा हो गए हैं। सीमेंट के दाम तो कंपनियों ने अपनी मर्जी से बढ़ा दिए हैं। इसके दाम में 30 रुपए तक का इजाफा हो गया है। सीमेंट तीन सौ रुपए के पार है। अलग-अलग ब्रांड का सीमेंट 300 से 350 रुपए है। रेत, गिट्टी, ईंट के दाम भी 30 फीसदी बढ़ गए हैं। मानसून में इसके दाम और बढ़ेंगे।

गुजरात के मोरबी में सबसे ज्यादा टाइल्स का उत्पादन होता है। एलपीजी गैस न मिलने के कारण यहां के पांच सौ से ज्यादा प्लांट बंद हो गए थे। हालांकि अब प्लांट वापस खुलने लगे हैं, लेकिन सभी प्लांट अभी नहीं खुल पाए है। ऐसे में अपने प्रदेश में भी टाइल्स की सप्लाई बहुत कम हो रही है। टाइल्स की कीमत भी 20 से 25 फीसदी बढ़ गई है। जो टाइल्स पहले 60 रुपए फीट में मिलती थी, उसके दाम 75 से 80 रुपए हो गए हैं। कम कीमत वाली 40 रुपए फीट वाली टाइल्स के दाम 50 से 55 रुपए हो गए हैं। इसी के साथ स्टील और पीवीसी के विंडो के दाम 20 फीसदी तक बढ़े हैं। लकड़ी के दरवाजों के दाम भी 15 फीसदी तक बढ़े हैं। प्लाई का रेट भी 15 से 20 फीसदी बढ़ा है। एल्युमिनियम के दाम भी बढ़ने से इसके दरवाजे और खिड़कियों के दाम 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। बिजली का सामान इस समय बहुत ज्यादा महंगा हो गया है। सबसे ज्यादा असर बिजली के तारों पर पड़ा है। इसके दाम 30 से 40 फीसदी बढ़ गए हैं। कॉपर महंगा होने के कारण कॉपर के तार महंगे हो गए हैं। जो ढाई एमएम की तार पहले 25 रुपए फीट के हिसाब से मिलती थी, उसके दाम 35 से 40 रुपए हो गए हैं। इसी तरह से चार एमएम की तार के दाम 40 रुपए से बढ़कर 55 से 60 रुपए हो गए है। प्लास्टिक महंगा होने के कारण बिजली के स्विच और अन्य सामानों के दाम भी 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गए हैं। बिजली के पाइप के दाम भी इजाफा हो गया है।

रंग और पेंट के दाम में भी भारी इजाफा हो गया है। इसके दाम भी 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गए हैं। अच्छी कंपनी का जो पेंट पहले 200 रुपए लीटर आता था, उसके दाम 250 रुपए लीटर हो गए हैं। 400 रुपए लीटर वाले पेंट के दाम 500 रुपए और 800 रुपए वाले पेंट के दाम 1000 रुपए हो गए हैं। अन्य रंग-रोगन का दूसरा मटेरियल भी 15 से 20 फीसदी महंगा हो गया है। सेनेटरी का सामान भी 20 फीसदी तक महंगा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### प्राध्यापक करेंगे राष्ट्रीय सेवा योजना की मॉनिटरिंग

**रायपुर।** प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विभिन्न जिलों में 29 अंशकालीन जिला संगठकों की नियुक्ति की गई है। संबंधित प्राध्यापकों व व्याख्याताओं को उनके वर्तमान शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ आगामी 2 वर्षों के लिए जिला संगठक की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची में राज्य के सभी प्रमुख जिलों और अंचलों को शामिल किया गया है। सभी नवनियुक्त जिला संगठकों को निर्देशित किया गया है।कि वे अपने-अपने जिलों के कलेक्टर से तत्काल संपर्क स्थापित कर 'जिला स्तरीय सलाहकार समिति' का गठन सुनिश्चित करें और नियमानुसार बैठकों का आयोजन करें। सभी संगठकों को हर महीने अपना दौरा कार्यक्रम, कार्यों का संकलित प्रतिवेदन और निरीक्षण रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में संबंधित विश्वविद्यालयीन रासेयो प्रकोष्ठ और राज्य एनएसएस प्रकोष्ठ को अनिवार्य रूप से भेजनी होगी।

### 61 एसआई प्रमोशन पाकर बने टीआई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में पदोन्नति का इंतजार कर रहे 61 एसआई को टीआई बनाने बुधवार को आदेश जारी किया गया है। प्रमोशन पाने वाले सभी एसआई की योग्यता सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार, निर्धारित मानकों और विभागीय प्रक्रिया के तहत चयनित 61 सब इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी इस सूची के बाद प्रमोशन पाने वाले एसआई में खुशी है। पदोन्नति की आगामी प्रक्रिया विभागीय नियमों के अनुरूप पूरी की जाएगी। इसके बाद एसआई से टीआई के लिए चयनित पुलिस अफसरों का औपचारिक पदोन्नति आदेश जारी कर नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

### 64 टीआई का बस्तर ट्रांसफर

**रायपुर।** मैदानी क्षेत्र के अलग-अलग थानों में पदस्थ 64 टीआई का बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में स्थानांतरण किया गया है। जिन टीआई का स्थानांतरण किया गया है, उनकी बुधवार को स्थानांतरण सूची पुलिस मुख्यालय ने जारी कर दी है। जिन टीआई का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है, उनमें क्राइम ब्रांच में पदस्थ टीआई सचिन सिंह के साथ गुढ़ियारी थाना टीआई बीएल चंद्राकर, शिवेंद्र सिंह राजपूत सहित तीन अन्य टीआई के नाम शामिल हैं।

### विधायकों से नटकी में आवास ना लेने अनुरोध करेगी आप

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी नकटी गांव में हुई कार्रवाई के विरोध में राज्यव्यापी अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत 8 जुलाई को प्रत्येक विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधायक से मुलाकात कर उनसे लिखित सहमति-पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेगा कि वे गरीबों की जमीन और उजड़े हुए आशियानों पर बनने वाले प्रस्तावित विधायक निवास को स्वीकार नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी प्रदेश पदाधिकारियों सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। पार्टी ने कहा, इस अभियान के माध्यम से यह स्पष्ट हो सकेगा कि कौन विधायक गरीबों के साथ खड़ा है और कौन सत्ता के साथ है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने से जुड़ा मामला

# जल जीवन मिशन की प्रगति पर निगरानी रखेगा हाईकोर्ट



हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन व ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए मिशन की प्रगति पर लगातार निगरानी रखने का निर्णय लिया है। कोर्ट ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने से जुड़ा यह अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए जल जीवन मिशन की प्रगति पर कोर्ट की निगरानी जारी रहेगी। इसी उद्देश्य से मामले को सितंबर 2026 में पुनः सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई दौरान राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत हलफनामे में बताया गया कि जल जीवन मिशन केन्द्र और राज्य सरकार की समान वित्तीय भागीदारी से संचालित किया जा रहा है। राज्य ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 3000 करोड़ रुपए तथा अन्य मदों में 561.41 करोड़ रुपए, कुल 3561.41 करोड़ रुपए की प्रतिपूर्ति की तथा बाद में 149.50 करोड़ रुपए और जारी किए। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टोकन मद के तहत 306.26 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। हलफनामे में यह भी कहा गया कि केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त 612.52 करोड़ रुपए का उपयोग पूर्ण हो चुकी योजनाओं के लंबित भुगतान के लिए किया जा रहा है। राज्य सरकार का दावा है कि उसने अपने निर्धारित अंशदान से अधिक राशि खर्च की है और प्रदेश के प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल के लिए प्रतिबद्ध है। भारत संघ की ओर से उपस्थित डिप्टी सालिसीटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि जल जीवन मिशन के लिए आगे की वित्तीय सहायता मिशन की आपरेशनल गाइडलाइंस के तहत निर्धारित शर्तों की पूर्ति पर निर्भर करेगी।

### पर्याप्त वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराने केन्द्र ने दी जानकारी

केन्द्र सरकार का कहना था कि उसने मिशन के लिए पर्याप्त वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया है तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। दोनों पक्षों की दलीलों और रिकार्ड पर प्रस्तुत हलफनामें का अवलोकन करने के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि केन्द्र और राज्य, दोनों ने मिशन के तहत धनराशि जारी करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। हालांकि राज्य का कहना है कि उसने अपने हिस्से से अधिक राशि खर्च की है जबकि केन्द्र का मत है कि आगे धनराशि जारी करना निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर निर्भर करेगा।

### हाईकोर्ट ने मुंगेली कलेक्टर के आदेश को किया रद्द

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने मुंगेली जिले के लोरमी जनपद पंचायत चुनाव से जुड़ी याचिका पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मुंगेली कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव याचिका को बिना साक्ष्य दर्ज किए और बिना मुद्दे तय किए खारिज करने के आदेश को अवैध ठहराते हुए रद्द कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने मामला कलेक्टर को वापस भेजने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि चुनाव याचिका एक सिविल ट्रायल की तरह होती है। इसमें विवादित बिन्दुओं को तय करना और दोनों पक्षों को अपने दावे के समर्थन में गवाह प्रस्तुत करने का अवसर देना अनिवार्य है। शुरुआती स्तर पर बिना प्रक्रिया का पालन किए याचिका को संक्षेप में खारिज कर देना कानून के सिद्धांतों के खिलाफ है। कोर्ट ने इन टिप्पणियों के साथ ही कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली द्वारा पारित 7 जनवरी 2026 का आदेश को रद्द कर दिया है। कलेक्टर के आदेश को रद्द करने के साथ ही कोर्ट ने मामले को कलेक्टर को वापस भेजने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मुंगेली कलेक्टर को निर्देशित किया है कि दोनों पक्षों की याचिकाओं, दावों के आधार पर नियमानुसार इश्यूज तय करें, दोनों पक्षों को साक्ष्य गवाह पेश करने का पूरा मौका दें और 60 दिनों के भीतर मामले का अंतिम निराकरण करें।

# छत्तीसगढ़ में ईवी चार्जिंग नेटवर्क को मिलेगा बढ़ावा, सरकार लाएगी एकीकृत एप

### अलग-अलग कंपनियों के एप में अंतर, एकीकृत पायलट एप तैयार कर रहा ऊर्जा विभाग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को तेज़ी से बढ़ाने का फैसला लिया है। अभी अलग-अलग कंपनियों के अलग-अलग एप हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। सरकार अब राज्य स्तर पर एकीकृत प्लेटफॉर्म/एप बनाएगी। भारत सरकार भी यूनिवर्सल ईवी चार्जिंग एप ला रही है। चिप्स के जरिए ऊर्जा विभाग पहले ही पायलट एप पर काम कर रहा है।

केंद्र की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत चार्जिंग स्टेशन लगाने पर वित्तीय सहायता और छत्तीसगढ़ ईवी नीति-2022 के प्रोत्साहन दिया जाएगा। सभी जिलों के आरटीओ, डीटीओ से कहा गया है कि अपने क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशनों के लिए जगह चिन्हित करने और एनओसी की प्रक्रिया तेज करें। एचपीसीएल, बीपीसीएल, एलओसीएल, जिओ-बीपी के निर्माताओं ने राज्य में लगे और प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशनों की जानकारी दी और आगे विस्तार की योजना बताया। सचिव सह-परिवहन आयुक्त एस प्रकाश ने बताया कि ईवी चार्जिंग का मजबूत नेटवर्क बनाना और लोगों को समय पर जानकारी देना जरूरी है। इससे हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और प्रदूषण कम होगा। छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य राज्यभर में आसान और सुलभ चार्जिंग सुविधा देकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को ईवी अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### 200 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनेंगे

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के चार्जिंग के लिए विभिन्न स्थानों में 200 से ज्यादा स्टेशन खुलेंगे। इसके लिए नियमानुसार चार्जिंग स्टेशन खोलने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी। नियमानुसार एनओसी और बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं उसके क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया गया।

# अब संविदा, प्लेसमेंट और आउटसोर्स कर्मी भी होंगे डिजिटल, मिलेगा 'कर्मयोगी भारत' का प्रशिक्षण

### सभी विभागों को 100 फीसदी ऑनबोर्डिंग के निर्देशए जारी की गई विस्तृत एसओपी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक क्षमता निर्माण और डिजिटल प्रशिक्षण व्यवस्था का दायरा बढ़ाते हुए अब संविदा, प्लेसमेंट तथा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को भी कर्मयोगी भारत के आईगॉट पोर्टल से जोड़ने का निर्णय लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भी राज्य के सभी नगरीय निकायों, क्षेत्रीय कार्यालयों और राज्य शहरी विकास अभिकरण को पत्र जारी कर इन कर्मचारियों की 100 प्रतिशत ऑनबोर्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इस निर्णय के बाद पहली बार राज्य सरकार की डिजिटल प्रशिक्षण व्यवस्था का दायरा नियमित कर्मचारियों से आगे बढ़कर संविदा, प्लेसमेंट और आउटसोर्स कर्मचारियों तक पहुंचेगा। इससे स्थानीय निकायों और अन्य विभागों में कार्यरत बड़ी संख्या में कर्मचारियों को भी सरकारी प्रशिक्षण मॉड्यूल, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और ऑनलाइन सीखने के अवसर उपलब्ध होंगे। सरकार का उद्देश्य सभी श्रेणी के कर्मचारियों को समान रूप से दक्ष बनाकर प्रशासनिक कार्यकुशलता और सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार लाना है। सामान्य प्रशासन विभाग ने अपने आदेश में शासन के सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि उनके प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत सभी संस्था, संविदा और प्लेसमेंट कर्मचारियों का पंजीयन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाए। इस कार्य को आसान बनाने के लिए विभाग ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 9 जुलाई को जारी पत्र में संचालक नगरीय प्रशासन, राज्य शहरी विकास अभिकरण, सभी क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों, नगर निगम आयुक्तों तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों का पालन करने कहा है।

आईगॉट पोर्टल केंद्र सरकार के कर्मयोगी भारत मिशन का डिजिटल प्रशिक्षण मंच है। इसके माध्यम से सरकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण, क्षमता विकास, कौशल उन्नयन और विभिन्न विषयों पर ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाते हैं। अब छत्तीसगढ़ सरकार इस व्यवस्था का लाभ संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों तक भी पहुंचाना चाहती है।

एसओपी में कर्मचारियों के पंजीयन के दो तरीके बताए गए हैं। पहला, विभागीय नोडल अधिकारी बल्क अपोलड़ के माध्यम से एक साथ सभी कर्मचारियों का डेटा अपलोड कर सकते हैं। इसके लिए एमडीओ पोर्टल में लॉगिन कर निर्धारित टेम्पलेट डाउनलोड करना होगा, कर्मचारियों का विवरण भरना होगा और उसे अपलोड कर यूजर अकाउंट बनने की पुष्टि करनी होगी।दूसरा, विभागीय नोडल अधिकारी कस्टम रजिस्ट्रेशन लिंक तैयार कर संबंधित कर्मचारियों को भेज सकते हैं। कर्मचारी उस लिंक के माध्यम से स्वयं अपना पंजीयन पूरा करेंगे, जिसके बाद विभाग उनके सफल पंजीयन और अकाउंट सक्रिय होने की पुष्टि करेगा।

**जीमेल आईडी ही होगी मान्य**

सरकार ने एसओपी में स्पष्ट किया है कि संविदा, प्लेसमेंट और संस्था कर्मचारियों के ऑनबोर्डिंग के लिए केवल जीमेल आईडी का उपयोग किया जाएगा। इस प्रक्रिया में एनआईसी अथवा अन्य सरकारी डोमेन की ई-मेल आईडी का उपयोग नहीं किया जाएगा। विभागों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी जीमेल आईडी वैध हों तथा कर्मचारी पंजीयन के समय सही व्यक्तिगत और कार्यालयीन जानकारी दर्ज करें।

## मरीज की उम्र और लिंग तक गलत दर्ज

# अटल लैब ने दी गलत रिपोर्ट, सीएम से शिकायत के बाद हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिला अस्पताल की अटल आरोग्य लैब में मरीजों की रिपोर्ट में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आने के बाद लाइफ केयर लिमिटेड ने अपनी जांच में कर्मचारियों की गलती स्वीकार कर ली है। शहर निवासी ने मुख्यमंत्री को शिकायत की थी। पिछले 13 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अटल लैब का शुभारंभ किया था, इससे नागरिकों में उत्साह था। लेकिन शुभारंभ के महज दो दिन बाद जिला अस्पताल में इसकी पोल खुल गई, जब मरीज के ब्लड जांच में ही गलत जानकारी दे दी गई। सुकमा निवासी राठी परिवार ने अपने पिता के ब्लड जांच की मुख्यमंत्री से की गई शिकायत के बाद जारी स्पष्टीकरण में कंपनी ने माना है कि डेटा एंट्री के दौरान टाइपिंग त्रुटि के कारण मरीज की उम्र और लिंग गलत दर्ज हो गया था। हालांकि इतनी गंभीर चूक के बावजूद संबंधित कर्मचारियों पर किसी अनुशासनात्मक कार्रवाई के बजाय केवल काउंसलिंग और समझाइश दिए जाने से पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं।




### काउंसलिंग तक कार्रवाई सीमित क्यों

अब बड़ा सवाल यह है कि जब कंपनी स्वयं कर्मचारियों की चूक स्वीकार कर रही है, तो फिर केवल काउंसलिंग तक कार्रवाई सीमित क्यों रखी गई। क्या इससे भविष्य में लापरवाही पर अंकुश लग पाएगा या फिर मरीजों की जान से जुड़े मामलों में भी जवाबदेही सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाएगी।

### उम्र 80 को बताया 30 और पुरूष को बना दिया महिला

एचएलएल ने 19 जून 2026 को जारी पत्र में बताया है कि जांच के दौरान पाया गया कि पंजीयन प्रक्रिया के समय मरीज की जानकारी दर्ज करते हुए मानवीय त्रुटि हुई। रिपोर्ट में 80 वर्ष के मरीज की उम्र 30 वर्ष दर्ज कर दी गई, वहीं पुरुष के स्थान पर महिला दर्ज कर दिया गया। कंपनी ने इसे टाइपोग्राफिकल एरर और अस्थायी सिस्टम संबंधी समस्या बताया है।

### काउंसलिंग के बाद कड़ाई के निर्देश

पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मचारियों की काउंसलिंग की गई तथा भविष्य में ऐसी गलती न हो इसके लिए मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन सवाल यह है कि यदि किसी मरीज की मेडिकल रिपोर्ट में उम्र और लिंग जैसी मूलभूत जानकारी गलत दर्ज हो सकती है, तो इसका असर उपचार और चिकित्सकीय निर्णयों पर भी पड़ सकता है। ऐसे में क्या केवल समझाइश देकर मामले को समाप्त करना पर्याप्त माना जा सकता है।





बिलासपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष दशमी | वर्ष : 26, अंक : 109 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00*** | haribhoomi.com










# प्रकृति का सौंदर्य निखरा... शबाब पर जल धाराएं

रायपुर/जगदलपुर/ गरियाबंद/छुइहा। देर से सही, पर मामला दुरुस्त रहा। मानसून की शुरुआती आतिशीबाजी ने प्रकृति के सौंदर्य को न केवल निखार दिया है, बल्कि पर्यटकों को भी जल धाराओं की ओर खींचने लगा है। बस्तर के चित्रकोट का उन्मादी शोर हो या तीरथगढ़ का कल-कल करता सुरीला संगीत, या फिर जतमई-घटारानी की सुकून भरी फिजा....सब कुछ बारिश के साथ लौट आया है और इसी के साथ प्रकृति प्रेमियों ने इन प्रपातों की ओर कूच कर दिया है।

### कोल लेवी घोटाले में बड़ा खुलासा

# कांग्रेस के पूर्व खजांची ने किया था आधा अरब इधर-उधर!


कोल, कस्टम मिलिंग के साथ शराब घोटाले में नाम
कांग्रेस के खजांची रहे रामगोपाल हिरासत में, तीन साल से थी तलाश
सरेंडर करने के दौरान हिरासत में लेने की चर्चा
इन बिंदुओं पर होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल लेवी घोटाला के फरार आरोपी कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को ईओडब्लू ने बुधवार को गिरफ्तार कर गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ईओडब्लू के आवेदन पर कोर्ट ने रामगोपाल से पूछताछ करने 17 जुलाई तक पुलिस रिमांड स्वीकृत की है। जांच एजेंसी ने कोर्ट से 22 जुलाई तक रिमांड देने की मांग की थी।

- रामगोपाल अग्रवाल कोर्ट में पेश, पूछताछ करने 17 जुलाई तक मिली पुलिस रिमांड
- बेटा वैभव की कंपनी में निवेश कर घोटाले की रकम मैनेज करने का आरोप

**हरिभूमि फॉलोअप**

ईओडब्लू ने रामगोपाल अग्रवाल के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष ने 244 करोड़ रुपए के कोल लेवी घोटाले की रकम में से 52 करोड़ 62 लाख 20 हजार रुपए कलेक्शन करने के साथ मैनेज करने का काम किया है। जांच एजेंसी के आरोपों के अनुसार घोटाले की रकम को मैनेज करने उसके द्वारा अपने बेटे वैभव की कंपनी, फर्म में निवेश, मैनेज कर वैध दिखाने का ▶▶| शेष पेज 8 पर

### आईटी रेड पड़ने पर सूर्यकांत ने कोल वाशरी बेची

ईडी की जांच का हवाला देते हुए राज्य की जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि सूर्यकांत तिवारी को प्राप्त अवैध लेवी को मेसर्स इन्दरमणि ग्रुप के सुनील अग्रवाल द्वारा इंडस उद्योग एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड तथा सत्या पॉवर एवं इस्पात लिमिटेड नामक कोल वाशरी को 96 करोड़ में क्रय कराया गया। इस बाशरी को खरीदने के लिये मां मड़वारानी कोल बेनिफिकेशन प्रा. लिमिटेड नामक कंपनी की स्थापना की गयी। इस कंपनी में सूर्यकांत तिवारी के साथ हेमंत जायसवाल फाउंडर मेंबर था, जिसकी 20 प्रतिशत की भागीदारी थी। सूर्यकांत तिवारी एवं उसके सहयोगियों के यहां आईटी रेड पड़ने पर सूर्यकांत तथा हेमंत द्वारा कोल लेवी वसूली पैसा से खरीदी गई उक्त बाशरी एवं अन्य अचल संपत्तियों को रातों रात सुनील अग्रवाल के पास बेच दिया गया।

### घोटाला करने ऑनलाइन सिस्टम को एरर बताया

ईओडब्लू ने आरोप लगाया है कि सूर्यकांत तिवारी ने अपने राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर तत्कालीन उप सचिव सौम्या चौरसिया, आईएएस समीर विश्नोई, तत्कालीन कोरबा कलेक्टर रानू साहू, खनिज विभाग के अधिकारी एवं अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर राजनीतिक हस्तियों के संरक्षण में अपराधिक षड़यंत्र किया। इन सभी ने मिलकर सिंडीकेट के रूप में कार्य किया। इसके बाद 15 जुलाई 2020 को खनिज के डीओ एवं ट्रांसपोर्ट परमिट को ऑनलाईन के स्थान पर मैनुअल पद्धति से जारी करने का आदेश पारित कराया। इसके लिए ऑनलाइन सिस्टम में एरर होना दर्शाया गया।

### पीएम मोदी का ऊर्जा सुरक्षा पर मास्टरस्ट्रोक, चीन को बड़ा झटका

# भारत को परमाणु संपन्न न मानने वाले ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम डील!

*इंडोनेशिया दौरे के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचे पीएम मोदी का जमकर स्वागत हुआ है। जिस ऑस्ट्रेलिया ने वर्षों तक भारत को परमाणु अप्रसार संधि के तहत मान्यता प्राप्त परमाणु हथियार संपन्न देश न मानने के आधार पर यूरेनियम निर्यात से दूरी बनाए रखी, वही ऑस्ट्रेलिया आज भारत के लिए यूरेनियम आपूर्ति का अहम साझेदार बन गया है। पीएम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान यूरेनियम सप्लाई के लेकर दोनों देशों के बीच समझौता हुआ। इसे भारत की एक बड़ी जीत माना जा रहा है।*

- भारत और ऑस्ट्रेलिया में परमाणु, समुद्र और खनिज क्षेत्रों में और मजबूत हुए संबंध
- मोदी ने 16 साल के बच्चों को सोशल मीडिया बैन पर ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की
- प्रधानमंत्री ने मेलबोर्न में 30 हजार भारतीयों को किया संबोधित

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज ने शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में द्विपक्षीय साझेदारी की अहम भूमिका को रेखांकित किया। उनकी इस मुलाकात के दौरान भारत एवं ऑस्ट्रेलिया ने असैन्य परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने संबंधी कई महत्वपूर्ण समझौतों को गुरुवार को अंतिम रूप दिया। मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई नेता के साथ व्यापक बातचीत की। मोदी तेजी से बदलते और विभाजित होते भू-राजनीतिक माहौल के बीच व्यापार एवं रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में इंडोनेशिया से ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। मोदी एवं अल्बनीज की बैठक के बाद दोनों पक्षों ने सुरक्षा ▶▶| शेष पेज 8 पर



### भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध नई ऊंचाइयों पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी आज नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है और दोनों देशों के संबंध अब पारंपरिक कूटनीति से आगे बढ़कर रणनीतिक, आर्थिक और जन-जन के रिश्तों में बदल चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित मार्वल स्टेडियम में आयोजित भव्य मेलबर्न मीट्स मोदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने एक लाख से अधिक भारतीय मूल के लोगों के उत्साह का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया में बसे भारतीय समुदाय ने दोनों देशों की मित्रता को नई मजबूती प्रदान की है।



### ग्रो मोर, अचीव मोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय मूल के 30 हजार से ज्यादा लोगों को मेलबर्न में एक कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भी मौजूद थे। अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंथनी अल्बानीज की मौजूदगी में पीएम मोदी ने 'ग्रो मोर, अचीव मोर' का नारा दिया। उनके भाषण के दौरान पूरा स्टेडियम 'मोदी-मोदी' के नारों से गूंजता रहा। उन्होंने 21वीं सदी के भारत की महत्वाकांक्षाओं और प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रहा है।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया में बड़े समझौते

- सैन्य अभ्यास और सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने पर सहमति
- भारत को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम सप्लाई करेगा ऑस्ट्रेलिया
- भारतीय तटरक्षक और ऑस्ट्रेलियाई मेरीटाइम बॉर्डर कमांड के बीच एमओयू
- निवेश और निजी क्षेत्र के सहयोग को बढ़ाने के लिए भी करार
- दोनों देश लिथियम समेत महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई चेन और प्रोसेसिंग में मदद करेंगे

### ऑस्ट्रेलिया के पास दुनिया का 28 फीसदी यूरेनियम

ऑस्ट्रेलिया के पास दुनिया का 28% प्रतिशत यूरेनियम भंडार है। वह न तो न्यूक्लियर पावर का इस्तेमाल करता है, न ही हथियार बनाता है। वह सारा यूरेनियम निर्यात कर देता है। इससे 1.4 अरब की आबादी वाला भारत 2047 तक 100 गीगावाट न्यूक्लियर पावर क्षमता को स्थापित करना चाहता है।

### मिलकर बनाएं स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल

भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण 1974 में ही किया था। 1998 में परमाणु परीक्षण करने के बाद भारत पर इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी बैन, और यूरेनियम बिजनेस पर रोक लगा दी गई थी, लेकिन हालात 2008 में बदले।

## खबर संक्षेप

### सेनाध्यक्ष ने पुंछ में अग्रिम क्षेत्रों का किया दौरा

**जम्मू।** थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में अग्रिम इलाकों का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति, अभियानगत तैयारियों तथा सैनिकों की युद्ध तत्परता की समीक्षा की। अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। पदभार संभालने के बाद पुंछ के अग्रिम क्षेत्रों की उनकी यह पहली यात्रा है।

### खड़े ट्रक से टकराई कार परिवार के चार की मौत

**उमरिया।** मप्र के उमरिया जिले में एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, जिससे एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। पुलिस ने पहले हादसे में पांच लोगों की मौत होने की जानकारी दी थी, लेकिन जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा गहन 'कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन' दिए जाने के बाद मृत समझी गई एक महिला की सांसें लौट आईं।

### महिला ने दो बेटियों को कुएं में फेंका, मौत

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में घरेलू झगड़े के बाद एक महिला ने कथित तौर पर अपनी दो बेटियों को कुएं में फेंक दिया और फिर खुद भी उसमें कूद गई। इस घटना में दोनों बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। घटना बुधवार रात नवाबाजा थाना क्षेत्र के कांडा गांव में हुई। मरने वाली बच्चियों की उम्र दो और तीन साल थी।

### देशभर में पहुंचा दक्षिण-पश्चिम मानसून

# देश के कई हिस्सों में तबाही आम जनजीवन अस्त-व्यस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मूसलाधार मानसूनी बारिश ने गुरुवार को देश के कई हिस्सों में भारी तबाही मचाई, जिससे सड़कों पर पानी भर गया, बड़ी संख्या में पेड़ उखड़ गए, संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा और आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अधिकारी पूरे दिन हालात को सामान्य बनाने की कोशिशों में जुटे रहे। कई शहरों में सड़कें और रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए, जिसके चलते लोग घुटने तक भरे पानी से होकर गुजरते नजर आए, जबकि मुख्य मार्गों पर यातायात की रफ्तार बहुत धीमी हो गई। तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे रास्ते बंद हो गए, जबकि बाढ़ की वजह से वाहनों की आवाजाही बाधित हुई और घरों को नुकसान पहुंचा।

### दिल्ली में रेड अलर्ट

आईएमडी ने दिल्ली के लिए 'रेड' अलर्ट जारी किया, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में 72.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस अवधि में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी इलाके के तुकमीरपुर में सबसे ज्यादा 160 मिलीमीटर बारिश हुई।

### वायनाड में अब भी तीन लापता


वायनाड में भूस्खलन वाली जगह से गुरुवार दो और शव मिलने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई, जबकि तीन लोग अब भी लापता हैं। वायनाड और कोझिकोड के बीच संपर्क बेहतर बनाने के लिए निर्माणाधीन अनाक्कोम्पोयिल-मेप्पाडी सुरंग परियोजना स्थल पर सात जुलाई को भूस्खलन हुआ था।

### हिमाचल में डूब गया 100 फुट लंबा पुल

उधर, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से 100 फुट लंबा लोहे का पुल डूब गया, जिससे लिप्पा गांव का बाकी इलाकों से संपर्क टूट गया। शिमला मौसम विभाग ने राज्य में कुछ जगहों पर 15 जुलाई तक भारी बारिश की आशंका जताते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। चंबा के जोट में 45.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

# चार प्रदेशों में 22 लाख मतदाताओं के कटे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- एसआईआर का तीसरा चरण

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण के तहत चार प्रदेशों की मसौदा मतदाता सूची से करीब 22 लाख मतदाताओं के नाम बाहर हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों में मिजोरम, ओडिशा, मणिपुर और सिक्किम के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के अनुसार, इन चारों राज्यों के कुल मतदाताओं की संख्या में लगभग 22 लाख की कमी आई है। इन राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले कुल 3.68 करोड़ मतदाता थे, जो अब घटकर 3.46 करोड़ रह गए हैं। सबसे अधिक 20.11 लाख नाम ओडिशा में मतदाता सूची से हटाए गए हैं। हालांकि, जिन लोगों के नाम सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें अवसर मिलेगा।

### उपचुनाव में ममता के साथ कर दिया खेला

# टीएमसी के तीन पूर्व सांसदों को रास के लिए भाजपा से टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 24 जुलाई को होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर रॉय और प्रकाश चिक बराइक को अपना उम्मीदवार घोषित किया। ये तीनों नेता कुछ घंटे पहले ही तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। तृणमूल के इन तीनों पूर्व सांसदों ने हाल ही में राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था और आज पार्टी भी छोड़ दी। उनके इस्तीफे से खाली हुई तीनों सीटों पर निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव की घोषणा की है।



### गुजरात के लिए पटेल उम्मीदवार

भाजपा ने गुजरात की मंजलपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवार की घोषणा की। पार्टी ने इस सीट से सतीशभाई गोविंदभाई पटेल को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा उपचुनाव 24 जुलाई को होगा और मतगणना भी उसी दिन होगी।

# घुसपैठ रोकने शाह की पुलिस कप्तानों से मंथन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- सीमावर्ती जिलों की हाईलेवल मीटिंग

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को देश के 119 सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। सीमा पर चौकसी में पुलिस की अब तक की भूमिका, जिम्मेदारी बताने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर के राज्यों सहित विभिन्न सीमावर्ती राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एसपी शामिल रहे। बैठक का उद्देश्य देश की सीमा ▶▶| शेष पेज 8 पर

### निर्देशों का पालन न करने पर शीर्ष अधिकारी होंगे जिम्मेदार

# अवैध कब्जों पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बिना मंजूरी के हुए निर्माण और हाल में दिल्ली एवं लखनऊ में आग लगने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निकायों को फटकार लगाई। कोर्ट कहा कि उसके निर्देशों का पालन न करने पर शीर्ष अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। पीठ ने दिल्ली निगम और गुरुग्राम एवं लखनऊ के नगर निकायों के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा।

### विशेषज्ञ समिति गठित

शीर्ष अदालत ने जमीनी सर्वेक्षण के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रोफेसर और एमसीडी अधिकारियों की एक समिति गठित करते हुए कहा कि कानून का शासन सुनिश्चित करने और व्यापक जनहित में कुछ विशेष निवारक तथा तत्काल कदम उठाए जाने जरूरी हैं।



### लखनऊ और दिल्ली हादसों का जिक्र

वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत सिन्हा ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि तीन जून को दिल्ली के मालवीय नगर और 22 जून को लखनऊ में हुई आग की घटनाएं किसी एक विफलता का नतीजा नहीं थीं, बल्कि कई खामियों के एक साथ सामने आने से ये हादसे हुए।

### 20 मई के आदेश के बाद क्या कार्रवाई की?

कोर्ट ने बीती 20 मई को सुरक्षा अधिकारियों को सुरक्षा मानदंड पर निर्देश जारी करने का आदेश दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन मीडिया रिपोर्ट्स पर भी संज्ञान लिया, जिनमें बताया गया कि गुरुग्राम की 93 प्रतिशत इमारतें अग्नि सुरक्षा ऑडिट में फेल रही हैं। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि अधिकारियों को 20 मई को निर्देश दिए गए थे कि क्या करना है। लेकिन आदेश के बावजूद एनसीआर में अग्निकांड हुए।

# दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में हो गए 53 गैंडे

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में इस वर्ष गैंडों की नवीनतम गणना से पता चला है कि उनकी संख्या बढ़कर 53 हो गई है, जिसमें पांच गैंडों की वृद्धि दर्ज की गई है। दुधवा बाघ अभयारण्य के अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल दुधवा में गैंडों की संख्या 51 पाई गई थी। इनमें से तीन गैंडों की अलग-अलग कारणों से मौत हो गई। वार्षिक अभ्यास के लिए गैंडों की गिनती के लिए 'टोटल हेड काउंट' पद्धति अपनाई जाती है। उप निदेशक ने कहा, पांच गैंडों की वृद्धि बेहद उत्साहजनक है।'' उप निदेशक जगदीश ने कहा कि वर्तमान जनसंख्या में 17 नर और 25 मादा शामिल हैं।

## चिंतन

# ऑस्ट्रेलिया से 'नाभिकीय' समझौता लाएगा बदलाव

क्वाड पर अमेरिका के ठंडे रुख के बाद भारत ने अपने स्तर पर क्वाड के अन्य प्रमुख साझेदार देशों जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को नई गति देने की रणनीति अपनाई है। क्वाड चार प्रमुख लोकतांत्रिक देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान का रणनीतिक समूह है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करना है। बदलते वैश्विक समीकरणों और बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत अब अपने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत और व्यावहारिक आधार देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में पहले जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने भारत का दौरा किया, जहां दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इससे स्पष्ट है कि भारत अपने भरोसेमंद साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता दे रहा है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच यूरेनियम आपूर्ति से जुड़ा बहुप्रतीक्षित असैन्य परमाणु समझौता हुआ है। माना जा रहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह 'नाभिकीय' समझौता ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। इसके साथ ही रक्षा, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिज, साइबर सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, अंतरिक्ष सहयोग और निवेश सहित लगभग 18 महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। डिफेंस इनोवेशन कॉरिडोर, मैरीटाइम सिक्योरिटी रोडमैप और यूरेनियम सप्लाई एग्रीमेंट जैसे समझौते दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देंगे। ये समझौते केवल द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सामरिक समीकरणों का भी स्पष्ट संकेत हैं। बढ़ती साझेदारी यह दर्शाती है कि दोनों लोकतांत्रिक देश अब केवल व्यापारिक साझेदार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोगी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस परमाणु समझौते के बाद भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम की व्यावसायिक आपूर्ति का मार्ग खुल जाएगा। दोनों देशों ने क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर विकसित करने का भी निर्णय लिया है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर, रक्षा उपकरण और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों के लिए आवश्यक लिथियम, कोबाल्ट तथा अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल स्थापित किए जाने से भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित अन्य अंतरिक्ष अभियानों को तकनीकी सहायता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की तीन बहुमूल्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक कलाकृतियां लौटाने की घोषणा की है। इनमें देवी भद्रकाली की आकृति वाला धातु का त्रिशूल, भगवान शिव के वाहन नंदी की पत्थर की प्रतिमा तथा छह मुख वाले भगवान कार्तिकेय की दुर्लभ प्रतिमा शामिल हैं। इनकी स्वदेश वापसी दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास और सांस्कृतिक सहयोग का भी प्रतीक है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री की यह यात्रा संकेत देती है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, तकनीकी प्रगति और आर्थिक हितों को मजबूत करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को तैयार है। भारत रक्षा समेत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ यह 'नाभिकीय' समझौता इसी नई सोच और दूरदर्शी रणनीति का महत्वपूर्ण उदाहरण है।



**मुद्दा**
डॉ. आशीष वशिष्ठ

# आतंक व बातचीत साथ नहीं चल सकते

> भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने की उम्मीद से दोनों देश के प्रधानमंत्रियों को जानी-मानी 117 हस्तियों ने मिलकर पत्र लिखा है। पत्र लिखने वालों में 61 लोग भारत से और 56 पाकिस्तान से हैं। पत्र में मांग की गई है कि अब संबंधों को सामान्य किया जाए और तल्खियां घटाई जाएं। ये पहल सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस के अध्यक्ष ओपी शाह की तरफ से की गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत का स्पष्ट रुख रहा है कि जब तक पाकिस्तान से आतंकवाद पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक कोई वार्ता संभव नहीं है। इस पत्र को लेकर अब प्रश्न भी उठ रहे हैं।

अहम सवाल यह है कि भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत क्यों करे? राजनयिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंध क्यों पुनः स्थापित किए जाएं? आतंकियों को पालने-पोसने वाले देश को कड़ा सबक सिखाना चाहिए अथवा संवाद के माध्यम से प्रेम का प्रदर्शन करना चाहिए? जो 117 चेहरे आज पाकिस्तान के पक्षकार बने हैं, क्या वे भूल गए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है? क्या वे पहलगाम का नरसंहार भूल गए? क्या पुलवामा में 40 'शहीदों' का बलिदान भूल गए? क्या उरी से लेकर 26/11 मुंबई आतंकी हमले तक पाक परस्त शैतानों और हत्यारों के षड्यंत्र भी भूल गए? पत्र लिखने वालों में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर और सैफुद्दीन सोज भी शामिल हैं। मणिशंकर ने सलमान खुर्शीद के साथ पाकिस्तान जाकर आर्त पुकार की थी कि मोदी सरकार हटाने में सहायता करें। यह नवंबर, 2015 का प्रसंग है। दोनों कथित कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मोदी को हटाए बिना भारत-पाक संबंध बेहतर नहीं हो सकते। अब समर्थकों की सूची में शामिल हैं, तो वह बिल्कुल निरर्थक है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का पाकिस्तान प्रेम जगजाहिर है। इनके बयानों से ऐसा अहसास होता है मानो पाकिस्तान सरकार का कोई प्रवक्ता बोल रहा है। भारत की गुप्तचर एजेंसी रॉ के प्रमुख रहे एएस दुलत भी सूची में हैं, जो पाकिस्तान की आत्मा तक से परिचित हैं और कई आतंकी हमलों के साक्षी रहे हैं। ओपी शाह, मनोज झा, जवाहर सरकार आदि कितने बड़े कूटनीतिज्ञ हैं, यह हम नहीं जानते, लेकिन सूची में जो 61 नाम भारतीयों के हैं, वे विश्वासपूर्वक प्रधानमंत्री मोदी के कट्टर विरोधी हैं और पाकिस्तान के अनुयायी चेहरे हैं। आज उन्हें कौन पूछता है? क्या प्रासंगिकता है इनकी? क्या इनमें से किसी ने भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि आतंकी सांपों को पालना बंद करें? आतंक के अड्डे समाप्त किए जाएं। सरकार और फौज आतंकियों की आर्थिक मदद करना और उन्हें 'जेहादी समर्थन' देना भी



बंद करें। पत्र लिखने वालों की मंशा क्या है, यह वे स्वयं बेहतर जानते हैं। पत्र लिखने वालों में से किसी ने आतंकवाद में अपने किसी परिजन को खोया है? यह पीड़ा, हत्या, दर्द, खालीपन, सूने आंगन, उजड़े सिंदूर को कैसे और कौन भूल सकता है? और फिर क्या गारंटी है कि संवाद और संबंधों की पुनर्स्थापना के बाद सीमा पर तनाव कम हो जाएगा? सीमा पार से आतंकी भेजे नहीं जाएंगे? वैश्विक मंचों पर, कश्मीर की आड़ में, भारत-विरोधी दुष्प्रचार थम जाएंगे? पत्र से जुड़े लोग इससे भी भलीभांति परिचित होंगे कि पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान का केंद्र हमेशा से सेना रही है और वर्तमान सेना प्रमुख तो इतने शक्तिशाली बना दिए गए हैं कि उन्हें फील्ड मार्शल की पदवी प्राप्त हो चुकी है।

वास्तव में, आतंकवाद की चर्चा जब भी होती है, तो ये समर्थक हकलाने लगते हैं या अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो आजकल 'एटमी युद्ध' की धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तान के कथित उप प्रधान मंत्री इशाक डार सिंधु नदी का पानी रोकना युद्ध की कार्रवाई मानते हैं। क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' के हमले भूल गया है पाकिस्तान, जिनमें उसके 11 एयरबेस को मिट्टी-मलबा कर दिया गया था? ऐसे आतंकी, धमकीबाज मंत्रियों की सरकार से भारत बात क्यों करेगा? पाकिस्तान में सार्वजनिक कार्यक्रमों, जनाजों और सरकारी आयोजनों में आतंकवादियों का खुलकर घूमना आम बात है। जिन लोगों पर संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादी होने का आरोप है, वे पाकिस्तान में खुलेआम दिखाई देते हैं। ऐसे देश के साथ बैठकर बातचीत कैसे की जाए और भरोसा कैसे किया जाए? पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले चेहरे यह भूल गए हैं कि पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों ने हमारे 40,000 से अधिक बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हैं? मठ-मंदिर ध्वस्त किए हैं? महिलाओं का सतीत्व लूटा है? पाकिस्तान में कौन लोग हैं, जो आपसी संबंध मधुर और श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं? पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है कि एक तरफ बातचीत की मेज पर बैठना और दूसरी तरफ आतंकी हमले करवाना। शिमला समझौते के करीब 25 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर का दौरा किया। पाकिस्तानी जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए वे मीनार-ए-पाकिस्तान भी गए कि त्रासद विभाजन के बावजूद भारत पाकिस्तान की संप्रभुता को पूरी तरह स्वीकार करता है। उन्होंने वहां विजिटर्स बुक में यह भी लिखा कि एक स्थिर और समृद्ध पाकिस्तान भारत के हित में है।

वाजपेयी की इस राजनयिक पहल का जवाब पाक ने कारगिल युद्ध छेड़कर दिया और शांतिपूर्ण संबंधों की प्रक्रिया पटरी से उतर गई।अटलजी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को अपनी भली मंशा के संकेत देने के लिए दिसंबर 2015 में काबुल से भारत लौटते समय लाहौर का दौरा किया और उस समय प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ से मिले। दस दिन बाद पाकिस्तान ने पठानकोट हमले को अंजाम दिया। पत्र लिखने वाले भारतीयों को इतना तो याद रखना चाहिए कि उरी हमले के बाद भारत का दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट रहा कि बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं। इसमें सिंधु जल संधि को रोकना भी शामिल है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से यह पूरी तरह सही भी है। इस कसौटी को अनदेखा करते हुए भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं ने एक ऐसे पत्र पर स्वाक्षर किए हैं, जिसमें आतंकवाद का उल्लेख भी नहीं है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**जल संरक्षण**
बाल मुकुन्द ओझा



# आज पानी बचाएंगे तो भविष्य होगा सुरक्षित

देश में हर साल मानसून आता है और सर्वत्र बारिश होती है, इसके बावजूद लोग पानी के लिए तरस जाते हैं। इसका एक मुख्य कारण है हम वर्षा जल का संचयन नहीं कर पाते। मौसम विभाग की मानें तो मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। मानसून अपने साथ अपार खुशियां लेकर आता है। लोगों को पीने के लिए जहां पानी मिलता है, वहीं किसान अपने खेतों में बुवाई शुरू कर देते हैं। बारिश से कई जगह बाढ़ की हालत भी हो गई है। वर्षा जल की एक-एक बूंद अनमोल है। जल है तो जीवन है। इसका संचय, संरक्षण से ही मानव जीवन की रक्षा संभव है। जल की अनावश्यक बर्बादी नहीं होने दें। जल संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा और सामूहिक प्रयास करना होगा। इससे जल संरक्षण की दिशा में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। देश में जल संसाधन सीमित और दुर्लभ हैं। पानी घट रहा है और साल 2050 तक यह कमी एक बड़ा संकट बन सकती है। ऐसे में हमें वर्षा जल संचयन जैसे जल संरक्षण के स्थायी तरीकों को अपनाना चाहिए। देशभर में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। राजधानी दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। भूस्खलन एवं वर्षा के बाद विभिन्न घटनाओं में अनेक लोगों की मौत हो गई। हर साल की तरह इस साल भी देश में मानसून की एंट्री के साथ ही बाढ़ की तबाही भी शुरू हो गई है। वर्षा के जल को किसी खास माध्यम से संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को वर्षा जल संचयन कहा जाता है। विश्व भर में पेयजल की कमी एक संकट बनती जा रही है। इसका कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। इसके लिए अधिशेष मानसून अपवाह जो बहकर सागर में मिल जाता है, उसका संचयन और पुनर्भरण किया जाना आवश्यक है ताकि भूजल संसाधनों का संवर्धन हो पाए। अकेले भारत में ही व्यवहार्य भूजल भण्डारण का आकलन 214 बिलियन घन मी. (बीसीएम) के रूप में किया गया है, जिसमें से 160 बीसीएम की पुनः प्राप्ति हो सकती है। इस समस्या का एक समाधान जल संचयन है। यहां सवाल यह उत्पन्न होता है कि भारी मात्रा में मानसूनी जल उपलब्ध होने के बावजूद हम जल संकट का सामना क्यों कर कर रहे हैं। इसका जवाब है कि हमने अपने परंरागत जल स्रोत समाप्त कर दिए। भारत को कुए, बावड़ी और तालाबों का देश कहा जाता है। यहां नदियां हर समय पानी से लबालब भरी होती थी। इसके बावजूद हम जल समस्या का सामना कर रहे हैं। यह समस्या हर साल गहराती जा रही है। खेत तो दूर की बात, पीने को भी पानी नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि भारत सरकार ने जल शक्ति मंत्रालय का गठन कर जल संचयन का बीड़ा उठाया है। हमारे देश में हर साल मानसून में बहुत सा पानी व्यर्थ बह जाता है, जिसके संचयन की कारगर व्यवस्था अब तक नहीं खोजी जा सकी है। साल भर में होने वाली बारिश का कम से कम 31 प्रतिशत पानी धरती के भीतर रिचार्ज के लिए जाना चाहिए। जबकि केवल 13 प्रतिशत पानी ही धरती में समाता है। रिचार्ज नहीं होने की वजह से भूगर्भ में पानी की कमी हो जाती है और उसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष देश में औसत बारिश हो सकती है। इस बारिश का संचय कर पेयजल संकट से निपटने के साथ खेतों में बंपर पैदावार हासिल की जा सकती है। देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है। भारत अब तक के सबसे बड़े जल संकट से जूझ रहा है। करीब 60 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। करीब 75 प्रतिशत घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, देश में करीब 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिलने की वजह से हर साल करीब दो लाख लोगों की मौत होती है। पृथ्वी पर कुल जल का अढ़ाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है। अगर बरसात के बाद नदी-नालों से बहने वाले पानी का प्रभावी तरीके से संग्रहण किया जाए तो पानी कई गुना और ज्यादा मिलने लगेगा। वैश्विक संस्थाओं की लगातार चेतावनियों का लगता है लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा है। विभिन्न संगठनों की पानी सम्बन्धी रिपोर्टों में साफ कहा गया है कि भूगर्भ में अब पानी नहीं रहा है और वर्षांत का पानी सहेजने में हम नकारा साबित हुए हैं। विशेषकर भारत में पानी के प्रति घोर लापरवाही का परिणाम आम आदमी को शीघ्र भुगतना होगा। दुनियाभर में 200 करोड़ से ज्यादा लोग साफ पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# छोटे-छोटे संकल्प हमारा आत्मविश्वास बढ़ाते हैं



संकलित
**दर्शन**

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का।

# गुरु की बात को गिरिधारी भी नही टाल सकते



संकलित
**प्रेरणा**

वृंदावन में एक संत के पास कुछ शिष्य रहते थे उनमें से एक शिष्य मंद बुद्धि का था। एक बार गुरु देव ने सभी शिष्यों को अपने करीब बुलाया और सब को एक मास के लिए ब्रज में अलग-अलग स्थान पर रहने की आज्ञा दी और उस मंद बुद्धि को बरसाने जाकर रहने को कहा। मंद बुद्धि ने बाबा से पूछा बाबा मेरे रहने खाने की व्यवस्था वहां कौन करेगा। बाबा ने हंस कर कह दिया राधा रानी, कुछ दिनों बाद एक-एक करके सब बालक लौट आए पर वो मंद बुद्धि बालक नही आया। बाबा को चिंता हुई की दो मास हो गए मंद बुद्धि बालक नही आया जाकर देखना चाहिए, बाबा अपने शिष्य की सुध लेने बरसाने आ गए। बाबा ने देखा एक सुन्दर कुटिया के बाहर एक सुन्दर बालक बहुत सुन्दर भजन कर रहा है, बाबा ने सोचा क्यों ना इन्ही से पूछा जाए। बाबा जैसे ही उनके करीब गए वो उठ कर बाबा के चरणों में गिर गया और बोला आप आ गए गुरु देव! बाबा ने पूछा ये सब कैसे तु ठीक कैसे हो गया शिष्य बोला बाबा आपके ही कहने से किशोरी जी ने मेरे रहने खाने पीने की व्यवस्था की और मुझे ठीक कर भजन करना भी सिखाया। बाबा अपने शिष्य पर बरसती किशोरी जी की कृपा को देख खुब प्रसन्न हुए और मन ही मन सोचने लगे मेरे कारण मेरी किशोरी जी को कितना कष्ट हुआ। उन्होंने मेरे शब्दो का मान रखते हुए मेरे शिष्य पर अपनी सारी कृपा उडेल दी। इसलिए कहते है गुरु की बात को गिरिधारी भी नही टाल सकते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जागो, नहीं तो गर्मी से जल जाएगा संसार

आजकल दुनिया के कुछ देशों में कुदरत का प्रकोप झुलसाने वाली गर्मी के रूप में बरप रहा है। यूरोप में जर्मनी और अन्य देशों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया, शायद यहां जून और जुलाई महीनों में तापमान 30 डिग्री से कम रहता है। ऐसे ही गर्मी और भी कई देशों में अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। अमरीका और अन्य कुछ देशों में तो भयंकर गर्मी कुछ लोगों की जान की दुश्मन भी बन गई। अगर हम अपने देश भारत की बात करें तो यहां भी गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। हमारे देश में आजकल मानसून का समय है, देश के कुछ राज्यों में इस बार मानसून में अब तक बहुत कम बारिश हो रही है। इन राज्यों में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। धरती पर बढ़ता तापमान सारी दुनिया के लिए बड़ी चिंता का विषय है। *-मनोज साहू, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल



दिल्ली सरकार ने पेड़ लगाने के लिए 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल शुरू किया है, जिसके ज़रिए मुफ़्त पौधे मिलेंगे। जहाँ भी ज़मीन उपलब्ध हो, लोगों को पेड़ लगाने चाहिए और 'ग्रीन दिल्ली' के संकल्प को पूरा करना चाहिए।
**- अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### खेती-बाड़ी व्यवस्था



युवाओं को खेती को नए नज़रिए से देखने की ज़रूरत है। अपनी इनोवेशन, स्किल्स और एंटरप्रेन्योरशिप के ज़रिए वे एक ऐसी खेती-बाड़ी व्यवस्था बनाने में योगदान दे सकते हैं जो आधुनिक, आत्मनिर्भर, स्मार्ट, प्रकृति-अनुकूल और टिकाऊ हो।
**-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### ऊर्जा सुरक्षा



भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा के मामले में नए मानक स्थापित कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम की आपूर्ति को लेकर हुआ यह महत्वपूर्ण समझौता देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा।
**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार


### विरोध दबाने की कोशिश



सरकार इथेनॉल के मामले में दूसरे देशों के उदाहरण देकर लोगों के विरोध को दबाने की कोशिश कर रही है। सच तो यह है कि जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में ई10 से ज़्यादा ग्रेड वाले ईंधन का इस्तेमाल भी नहीं हो रहा है। जापान में अभी सिर्फ़ ई3 का इस्तेमाल हो रहा हैं।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर


# मेक्सिको के गांव में मादक पदार्थ तस्करों के ड्रोन हमले



मेक्सिको के एक गांव में मादक पदार्थ तस्करों के गिरोह ने बुधवार सुबह छह बजे ड्रोन से हमले किए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी दी। गुआजेस डी अयाला नामक गांव के ग्रामीणों को कई हफ्तों से 'ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना' नाम के मादक पदार्थ तस्कर गिरोह से चेतावनी मिल रही थी। हालांकि उनकी मदद की गुहार पर किसी ने ध्यान नहीं दिया क्योंकि उस समय मेक्सिको सिटी, ग्वाडलहारा और मॉन्टेरी जैसे बड़े शहरों में फुटबॉल विश्वकप आयोजन को लेकर जश्न का माहौल था। मारिलु सोलोरियो नाम की 24 वर्षीय प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मादक पदार्थ गिरोह के तस्करों और समुदाय के सतर्कता विभाग के बीच गोलीबारी शुरू होने के बाद 70 अन्य महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने पास के एक बंद पड़े मेडिकल क्लिनिक में शरण लिया। अपने आश्रय स्थल से सोलोरियो ने फोन पर हुई बातचीत में फुटबॉल टूर्नामेंट का जिक्र करते हुए कहा, 'एक तरफ कुछ लोग फुटबॉल के गोल का जश्न मना रहे हैं, तो दूसरी तरफ बम ले जा रहे ड्रोन लोगों की जान ले रहे हैं। जिन जगहों पर विश्व कप खेला जा रहा है वहां के लोगों की सुरक्षा करने के बजाय (मेक्सिको की सरकार को) हम जैसे लोगों की सुरक्षा करनी चाहिए जिन्होंने कभी कुछ गलत नहीं किया।'

## ऑफ बीट

# फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान



मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। जहां ये कुछ लोगों को अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं कई लोगों में चिंता, अपराधबोध, तनाव और खान-पान संबंधी अस्वास्थ्यकर व्यवहार भी देखने को मिला है। पिछले एक दशक से इस विषय पर शोध कर रहे विशेषज्ञ ने फिटनेस ट्रैकिंग से जुड़े पांच प्रमुख जोखिमों की पहचान की है। विशेषज्ञ के अनुसार, पहला खतरा प्रतिदिन 10,000 कदम चलने के लक्ष्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य 1960 के दशक में जापान में एक पेडोमीटर के प्रचार अभियान से जुड़ा था और इसे सभी लोगों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानक नहीं माना जाता। कई शोध बताते हैं कि अधिकतर वयस्कों के लिए लगभग 7,000 कदम भी पर्याप्त और अधिक व्यावहारिक हो सकते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

*from*
# GALGOTIAS
*to*
# CAMBRIDGE

**Pursuant to the MoU between**

GALGOTIAS UNIVERSITY

×

GIRTON COLLEGE
UNIVERSITY OF CAMBRIDGE

## 16 STUDENTS FROM GALGOTIAS UNIVERSITY

Embark on a


**Fully Sponsored Global Journey**

attending prestigious

**Entrepreneurship and Artificial Intelligence (AI) Program**

*At*

**Girton College, University of Cambridge**




*A Global Milestone. A Lifetime of Possibilities.*

**Nitya Upadhyay** – B.Tech IT, 3rd Year
**Krishna Garg** – B.TECH CSE, 3rd Year
**Aditya** – B.TECH (CSE -AI&ML), 3rd Year
**Pushkar Singh** – EE, 2nd Year
**Abhishek Kumar** – B.Tech in CSE with specialization in AI&ML, 3rd Year
**Archit Kumar** – B.TECH (CSE), 3rd Year
**Aman Singh** – B.Tech in CSE (Data Science) iOS Development Centre, 3rd Year
**Swastick Bisht** – B.Sc. (Hons. With Research) Microbiology, 3rd Year
**Saksham Saxena** – B.Tech CSE with AI&ML, 4th Year
**Ansh Sharma** – B.Tech CSE AI&ML, iOS Development Centre | 3rd Year
**Yashika Sharma** – B.Tech CSE AI&ML, 3rd Year
**Tanishqa Giri** – BBA in Financial Investment Analysis, 3rd Year
**Vayu Nandan Tripathi** – B.Tech CSE AI&ML, 2nd Year
**Gaurang Pant** – B.TECH CSE, 3rd Year
**Kavya Singh** – BBA in Financial Investment Analysis, 3rd Year
**Keshav Madan** – Btech cse + cyber security, 3rd Year

A proud step towards advancing **India–UK** collaboration through education, innovation, industry and young talent.

For Admissions Scan to Apply

RANKED 1201-1400

**#16** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked 3rd amongst Private Universities in Uttar Pradesh

Ranked 46th amongst Top Private and Government Universities in India

Scan to Explore the World of Galgotias

GLOBALLY RANKED FOR 3 CONSECUTIVE YEARS

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** | **97173 00343** | **0120-4370000**

NAAC GRADE A+ Accredited University | **Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

GALGOTIAS UNIVERSITY

टेक्नोलॉजी
शिखर चंद जैन


बच्चो, वैज्ञानिकों ने आधुनिक तकनीक से युक्त बहुत से ह्यूमेनॉयड रोबोट्स तो बनाए ही हैं, साथ ही कई ऐसे सुपर रोबोट्स भी बनाए हैं, जिनकी आकृति किसी न किसी जीव-जंतु से मिलती-जुलती है। ऐसे ही कुछ 'रोबोट एनिमल्स' के बारे में जानो। साथ ही यह भी जानो कि ये रोबोट्स क्या काम करते हैं?



# बड़े काम के हैं ये रोबोट एनिमल्स


बच्चो, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने हाल ही में शनि ग्रह के उपग्रह एंसेलेडस पर पानी और जीवन का पता लगाने के लिए रोबोटिक सांप 'ईल्स' भेजने की प्लानिंग की है। इसका मुख्य उद्देश्य शनि के बर्फीले चंद्रमा एंसेलेडस की गहराई में छिपे रहस्यों का पता लगाना है। बच्चो, यह कोई पहला रोबोटिक एनिमल नहीं है। वैज्ञानिकों ने ईल्स के अलावा भी जीव-जंतुओं के आकार-प्रकार से इंस्पायर होकर कई सारे अद्भुत रोबोट्स बनाए हैं। ये रोबोट्स उन जगहों पर भी जा सकते हैं, जहां इंसान और पहिए वाले रोबोट या ह्यूमेनॉयड रोबोट्स नहीं पहुंच सकते।

## बायोनिक व्हील बॉट रोबोटिक मकड़ी



इस बायोनिक व्हील बॉट रोबोटिक मकड़ी को मोरक्कन फ्लिक-फ्लैक मकड़ी से प्रेरित होकर बनाया गया है। यह 8 पैरों वाला रोबोट चलने और पहिए की तरह लुढ़कने दोनों में सक्षम है। यह रोबोट ऊबड़-खाबड़ जमीन पर चल सकता है, प्लेन सरफेस पर लुढ़ककर दोगुनी गति से आगे बढ़ सकता है, साथ ही यह कुछ हद तक चढ़ाई भी कर सकता है। यह अपने 6 पैरों को मोड़कर एक पहिया बनाता है, बाकी 2 पैरों का उपयोग खुद को आगे धकेलने के लिए करता है। इसमें 15 छोटे मोटर्स और 14 ऑटोमेटिक-लॉकिंग वॉर्म गियर यूनिट्स हैं, जो ऊर्जा बचाने में मदद करते हैं। इसमें एक साथ चलने और लुढ़कने की क्षमता मौजूद है। जटिल इलाकों में नेविगेट करने के लिए इसे ऐसे डिजाइन किया गया है। *

## कोरलियो रोबोटिक घोड़ा




जापान की कंपनी कावासाकी द्वारा विकसित यह अनोखा रोबोट घोड़े की फुर्ती और बाइक की तकनीक का अनोखा मिश्रण है। इसमें 150 सीसी का हाइड्रोजन इंजन लगा है, जो बिजली पैदा करता है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस है, जो ऊबड़-खाबड़ रास्तों, पहाड़ों और बर्फीली सतहों पर गिरते समय भी खुद को संतुलित करने में मदद करता है। इसमें कोई हैंडल नहीं होता। इसकी सवारी करने वाला अपनी बॉडी के वजन को आगे-पीछे या दाएं-बाएं झुकाकर इसे नियंत्रित करता है, ठीक वैसे ही जैसे एक असली घोड़े की सवारी की जाती है। कोरलियो की बॉडी मेटल और कार्बन से बनी है, जो इसे हल्का और मजबूत बनाती है। इसके पैरों में रबर के खुर लगे हैं, जो जमीन पर बेहतर पकड़ प्रदान करते हैं। इसे उन दुर्गम इलाकों के लिए बनाया गया है, जहां पहिए वाले वाहन नहीं पहुंच सकते। *

## भारतीय सेना में शामिल रोबोटिक डॉग्स

रोबोटिक डॉग्स चार पैरों वाले स्वचालित या रिमोट-कंट्रोल्ड रोबोट होते हैं, जिन्हें रियल डॉग्स की शारीरिक बनावट और व्यवहार की नकल करके डिजाइन किया गया है। इन्हें 'क्वाड्रुप्ड रोबोट' भी कहा जाता है। ये कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलने, सीढ़ियां चढ़ने और बाधाओं को पहचानने में सक्षम होते हैं। भारतीय सेना इनका उपयोग दुर्गम क्षेत्रों में निगरानी और बम निरोधक कार्यों के लिए करती है। हाल ही में 'संजय' और 'परम' जैसे स्वदेशी रोबोटिक डॉग्स को रक्षा क्षेत्र में शामिल करने के लिए परखा गया है। ये रोबोट तेल और गैस संयंत्रों या खतरनाक वातावरण में जाकर उपकरणों की जांच और डेटा एकत्र करते हैं। साथ ही भूकंप या अन्य आपदाओं के बाद, ये मलबे के नीचे फंसे लोगों का पता लगाने में मदद करते हैं, जहां इंसानों का पहुंचना कठिन होता है।





## मेंटा रे रोबोटिक मछली

चीन के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित मेंटा रे रोबोटिक मछली एक बायो-इंस्पायर्ड सॉफ्ट रोबोट है, जो समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को खाने और इसे साफ करने में सक्षम है। यह अनोखी रोबोटिक मछली, वास्तविक मछली जैसा व्यवहार करती है। यह लगभग 13 मिमी. लंबी है। यह रोबोटिक मछली 5 किलोग्राम तक प्लास्टिक अवशोषित कर सकती है। यह बिल्कुल असली मछली की तरह पानी में तैरती है। करीब 2,000 मीटर की गहराई तक जा सकती है। समुद्री जीवों की निगरानी के लिए इसका उपयोग किया जाता है। *



## बायोनिक स्विफ्ट रोबोटिक अबाबील

जर्मनी की कंपनी फेस्टो द्वारा बनाया गया यह एक रोबोटिक पक्षी है, जो बिल्कुल 'अबाबील' पक्षी की तरह उड़ता है। इसका वजन मात्र 42 ग्राम है, पंखों का फैलाव 68 सेंटीमीटर है। इसके पंख फोम के बने होते हैं, जो हवा के दबाव के हिसाब से फैलते और सिकुड़ते हैं, जिससे इसे असली पक्षी जैसी उड़ान मिलती है। यह रेडियो सिग्नल की मदद से बिना किसी रिमोट के, अपने आप एक साथ झुंड में उड़ सकता है। इसमें एक छोटी मोटर, बैटरी और सेंसर लगे होते हैं। यह रोबोट हवा में कलाबाजी करने और तेजी से मुड़ने में भी सक्षम है। *

बच्चो, हमारे घरों के ज्यादातर पंखों में तीन ब्लेड लगे होते हैं, जबकि अमेरिका और कुछ पश्चिमी देशों के पंखों में चार या पांच ब्लेड लगे होते हैं। क्या तुम जानते हो ऐसा क्यों होता है? यहां बता रहे हैं, इसके पीछे की वजह?

# क्यों होते हैं भारतीय पंखों में तीन अमेरिकी पंखों में चार-पांच ब्लेड!

यह भी जानो
नयनतारा



बच्चो, तुमने देखा होगा कि हम लोगों के घरों में सीलिंग फैन यानी छत के पंखे में सामान्यतः तीन ब्लेड होते हैं, जबकि अमेरिका सहित कई वेस्टर्न कंट्रीज में प्रायः चार या पांच ब्लेड वाले सीलिंग फैन मिलते हैं। अब तुम्हारे मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि भारतीय और अमेरिकी पंखों की ब्लेडों की संख्या में यह अंतर क्यों होता है? जानो, इस बारे में।

**पंखे की उपयोगिता:** पहले तो तुम यह जान लो कि भारत और अमेरिका में पंखे का इस्तेमाल अलग-अलग मकसद से किया जाता है। अपने देश में साल के ज्यादातर समय मौसम गर्म व उमस भरा रहता है। इस कारण लोगों को तेज हवा के बहाव की जरूरत होती है ताकि तुरंत ठंडक महसूस होने लगे। तेज हवा और ठंडक के लिए भारतीय घरों में पंखे का इस्तेमाल किया जाता है। इसके विपरीत अमेरिका का मौसम भारत की तुलना में ठंडा होता है। इसके साथ ही अमेरिका में अधिकतर घरों में पहले से ही एचवीएसी (हीटिंग वेंटिलेशन एयरकंडीशनिंग) सिस्टम लगे होते हैं, जो मौसम के हिसाब से हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग की सुविधा प्रदान करते हैं। इसलिए यहां सीलिंग फैन का इस्तेमाल आमतौर से कमरे में एचवीएसी वाली हवा को फैलाने के लिए किया जाता है न कि तेज हवा का बहाव बनाने के लिए।



**ब्लेडों की संख्या का असर:** सीलिंग फैन में लगे ब्लेडों की संख्या उसकी परफॉर्मेंस तय करने में बड़ी भूमिका निभाते है। कम ब्लेड होने से मोटर, फैन को तेजी से घुमाती है। इससे हवा का बहाव नीचे की तरफ ज्यादा तेज हो जाता है। हवा का यह केंद्रीय बहाव लोगों को बिना एयर कंडीशन के भी ठंडक महसूस करने में मदद करता है। अतः तीन ब्लेड वाला डिजाइन तेज रफ्तार से ठंडक देने के लिए, सबसे सही माना जाता है।

ब्लेड की संख्या रफ्तार और हवा के प्रतिरोध पर असर डालती है। ज्यादा ब्लेड होने से पंखे का वजन और हवा का प्रतिरोध बढ़ जाता है, जिससे घूमने की रफ्तार कम हो जाती है। ज्यादा ब्लेड हवा को धीरे-धीरे और समान रूप से घुमाते हैं। इससे पूरे कमरे में समान रूप से एयरकंडीशन या एचवीएसी की हवा का वितरण होता है।

अब तुम समझ गए होगे कि आखिर क्यों अपने देश के सीलिंग फैन में ज्यादातर तीन ब्लेड और अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में यूज किए जाने वाले सीलिंग फैंस में चार या पांच ब्लेड का इस्तेमाल किया जाता है। *

कविता / जयश्री साकल्ले

## छपाक-छप

छप-छप छप-छप छपाक-छप,
पानी में खेलें हम सब।
भीग रहे सोनू के जूते,
भीग रही नीना की चोटी।
रिमझिम बारिश की बूंदों में,
पत्ते दिखलाते करतब।
छप-छप छप-छप छपाक-छप।
भीग गए कपड़े रस्सी के,
भीग गए ठेले सब्जी के।
पानी गड्ढों में भर-भरकर,
बना रहा है छोटे कप।

छप-छप छप-छप छपाक-छप।
भीगा-भागा साइकिल वाला,
भीग रहा स्कूटर वाला।
बस और कार की खिड़की पर,
पट-पट पानी की दस्तक।
छप-छप छप-छप छपाक-छप।
भीग रहा आंगन नानू का,
टपक रहा छप्पर भानू का।
गरम चाय के संग पकौड़े,
अम्मा बना रही है अब।
छप-छप छप-छप छपाक-छप।



एआई इमेज



कहानी
नीना सिंह सोलंकी

बरसात आई तो सुरभि वन के पक्षियों के सामने बारिश से बचने की समस्या आ खड़ी हुई। पक्षियों को समझ में ही नहीं आ रहा था कि कहां जाएं? तभी चीची गिलहरी मदद के लिए आगे आई। उसने जो किया, सभी पक्षियों के लिए बहुत बड़ी बात थी।

# दोस्ती का फर्ज



एआई इमेज

चीची गिलहरी सुरभि वन में एक बरगद की खोह में घर बनाकर रहती थी। उसके तीन बच्चे भी उसके साथ रहते थे। उसका घर पूरे वन में मशहूर था। उसने बड़ी मेहनत से इसे बनाया था। बरगद के मोटे तने की खोह में जगह भी काफी थी। उसने तिनके तोड़-तोड़ कर चार कमरे बना रखे थे। एक कमरे में वह दाना इकट्ठा करके रखती थी। दूसरे में नरम घास बिछा कर सोने के लिए इंतजाम किया था। तीसरे में बच्चे सारा दिन खेलते। पड़ोस की टिन्नी गौरैया और मुनमुन मैना के बच्चे भी चीची के बच्चों के साथ खेलते। चौथे कमरे में चीची अपने दोस्तों टिन्नी, मुनमुन, टेंटें तोता और गुटरू कबूतर के साथ गपशप करती। कभी-कभी गपशप बहुत लंबी चलती। वे सब चीची के घर को बहुत पसंद करते थे। कभी किसी को भूख लगती वह सीधा चीची के घर आ जाता। वह उसे प्यार से बिठाती, खिलाती-पिलाती और अच्छी-अच्छी बातें करती।

चीची बारिश का मौसम आने से पहले ही दाना एकत्रित करना प्रारंभ कर देती थी। वह बड़ी दूर-दूर तक दाने की खोज में जाती थी। चीची बच्चों को समझा कर घर से निकलती थी। दाने का स्थान मिल जाने पर सारे दिन दाना ढोती। जब शाम होने लगती, दाना ढोना बंद कर देती। दाना यथास्थान रखकर फिर बच्चों को पेट भर दाना खिलाती। वह अपने बच्चों को खूब प्यार करती थी।

चीची ने बड़ी मेहनत से इस वर्ष फसल कम होने के बावजूद हर वर्ष की भांति ही दाना एकत्रित कर लिया था। बारिश शुरू हो चुकी थी। उस दिन सुबह से ही मौसम कुछ खराब था। आसमान में बादल छाए हुए थे। तेज हवाएं बादलों को उड़ाए लिए जा रही थीं। एकाएक तेज बारिश होने लगी। चारों ओर अंधेरा छा गया। हवा और बारिश ने तूफान का रूप ले लिया। सुरभि वन के सारे पशु-पक्षी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए यहां-वहां दौड़ने लगे। कितने ही वृक्ष उखड़ गए। चीची हिम्मत करके बाहर आई और सभी पक्षियों को अपने घर बुलाने लगी। बरगद का पेड़ मजबूत होने के कारण उसके घर को कोई खतरा नहीं था। टिन्नी, मुनमुन, टेंटें, गुटरू और भी कई दोस्त चीची के यहां अपने बच्चों को लेकर आ गए। अंदर आकर सबने चैन की सांस ली। चीची सबकी आव-भगत में लग गई। मौसम कई दिन बाद खुला। इतने दिन चीची ने सबको अपने घर में ही रखा। सबके भोजन की व्यवस्था की। जब मौसम बिल्कुल साफ हो गया तो सब चीची से विदा लेकर जाने लगे। टिन्नी बोली, 'बहन, तुम न होती तो हम सबका बहुत बुरा हाल हो जाता।'

'चीची, तुमसे अच्छा दोस्त तो कोई हो ही नहीं सकता।' मुनमुन ने भी हां में हां मिलाई।

टेंटें कहने लगा, 'तुम्हारी इस नेकी को हम सब कभी नहीं भूल पाएंगे। तुम्हें भी कभी किसी सहायता की जरूरत हो तो बताना। हम सब तुम्हारे साथ होंगे।'

'कैसे उतारेंगे तुम्हारा यह अहसान। तुम न होती तो हमारे बच्चों का क्या होता?' गुटरू भावुक होते हुए बोला।

सबकी बातें सुनकर चीची हंसते हुए बोली, 'अरे भाई! मैंने किसी पर कोई अहसान नहीं किया। यह तो मेरा फर्ज था। दोस्त यदि संकट में काम न आए तो फिर वो दोस्त ही कैसा।'

'चीची आंटी, हमें तो आपके यहां इतना अच्छा लगा कि घर जाने का मन ही नहीं हो रहा है।' मुनमुन के बच्चों की बात सुनकर सब ठहाका मार कर हंस पड़े। कुछ देर बाद सभी खुशी-खुशी अपने घर वापस चले गए। *

## हंसगुल्ले



**टीचर** : बताओ पिंकी, 6 के बाद क्या आता है?
**पिंकी** : सर, उस वक्त मेरे घर तो दूध वाले अंकल दूध लेकर आते हैं।
**-हर्ष, बिलासपुर**

**टीचर** : सबसे ज्यादा ठंड कहां होती है?
**राहुल** : सर, फ्रीजर में।
**-खुशी, रायपुर**

**सोना** : अच्छा हुआ कि मैं गुजरात में पैदा नहीं हुई।
**मोना** : क्यों?
**सोना** : मुझे गुजराती बोलना नहीं आती है न, तो वहां मैं लोगों से बात कैसे कर पाती?
**-सौम्य, रोहतक**

## जीके क्विज-213

1. पिछले दिनों किस दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया?
2. भारतीय वायुसेना के 51वें उप-प्रमुख कौन बने हैं?
3. भारत के 97वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
4. इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले बेन स्टोक्स किस देश के खिलाड़ी हैं?
5. किस युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म अपनाया था?
6. राज्यसभा के सभापति कौन होते हैं?
7. किस तत्व की उपस्थिति के कारण हमारे खून का रंग लाल होता है?
8. किस गैस को लाफिंग गैस भी कहा जाता है?
9. महात्मा गांधी के पिता का नाम क्या था?
10. रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) नामक बीमारी किस विटामिन की कमी से होती है?




बच्चो, जीके क्विज-213 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-212 का उत्तर:** 1 लियोनेल मेसी, 2.रूस, 3.तुषार मेहता, 4.राज्यसभा, 5.चंद्रगुप्त मौर्य, 6.अफ्रीका, 7.कीव, 8.नई दिल्ली, 9.यकृत (लिवर), 10.चार्ल्स बैबेज

**जीके क्विज-212 का सही उत्तर देने वाले:** वेदिका-बालोद, जियांश-झज्जर, कबीर-हिसार, जिया शिया-रायगढ़, कोमल-रायपुर, शिवम-दुर्ग, शशांक-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, पूजा-महासमुंद, संजना-बलौदा बाजार, हर्ष-कटनी

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण



## मनोरंजक कहानियां

बच्चो, हाल में ही साहित्यकार कल्पना मनोरमा के द्वारा लिखी गई बाल कहानियों की किताब 'देखा एक सपना' छपकर आई है। इस संग्रह में कुल ग्यारह बाल कहानियां संकलित हैं। ये कहानियां कहीं हंसाती हैं, कहीं गुदगुदाती हैं तो कहीं सरल ढंग से कोई सीख देती हैं। इस किताब की पहली कहानी 'देखा एक सपना' में तुम पढ़ोगे कि एक नन्ही सी बुलबुल सपने में पेड़ से कैसी मीठी-मीठी बातें करती है! इस कहानी में विभिन्न ऋतुओं की महत्ता के साथ ही बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रहने की भी सीख दी गई है। यह कहानी तुम्हें अपने पर्यावरण के प्रति सजग और संवेदनशील भी बनाती है। संग्रह में संकलित 'छगन का बांका मुर्गा' नटखट भोला की मजेदार कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे वह खुद ही सुबह देर से जगने की आदत को छोड़ने को तैयार हो जाता है? दिल्ली स्थित अमृत उद्यान में मुनमुन की मस्ती भरी सैर को तुम 'मुनमुन की सैर' कहानी में पढ़ सकते हो तो पढ़ने में होशियार बच्चा निक्कू क्यों झूठ बोलता है, इसे जानने के लिए तुमको 'निक्कू फेमस हो गया' कहानी पढ़नी होगी। अन्य कहानियों में तुमको कहीं गिलहरी फुदकती नजर आएगी तो कहीं गौरैया की चहक सुनाई पड़ेगी। ये कहानियां तुम्हारा मनोरंजन तो करेंगी ही तुम्हें अपने आस-पास के वातावरण के प्रति सजग भी बनाएंगी। *

**किताब :** देखा एक सपना (बालकथा संग्रह), **लेखिका :** कल्पना मनोरमा,
**मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** अनन्य प्रकाशन, दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक गिलहरी अपने कोटर में मूंगफली स्टोर कर रही है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।





**उत्तर:** 1.गिलहरी के कोटर में पहले से रखी मूंगफली गायब है। 2.पीछे बाईं तरफ पेड़ की पतली टहनी गायब है। 3.गिलहरी की आंखें खुली हुई हैं। 4.गिलहरी के पास कुछ अधिक मूंगफलियां हैं। 5.पेड़ की मोटी टहनी के नीचे की तरफ से पत्तियां गायब हैं।

## सही मिलान करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ चार अलग-अलग जंतुओं के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो सीक्वेंस में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर : 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

# डायबिटीज मरीजों के लिए बड़ी खुशखबरी! सप्ताह में एक बार लगाने वाला इंसुलिन का इंजेक्शन भारत में लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

डायबिटीज के इलाज में एक बड़ा बदलाव आ गया है। डेनमार्क की दवा कंपनी नोवो नॉरडिस्क ने एविक्ली इंसुलिन आइकोडेक को भारत में लॉन्च किया है। इसको सप्ताह में केवल एक बार दिया जाने वाला बेसल इंसुलिन बताया जा रहा है। यह इस तरह का दुनिया में डायबिटीज को कंट्रोल करने वाला पहला इंसुलिन बन गया है। अभी तक जो दवाएं थीं उनको इंजेक्शन की मदद से रोज लेना पड़ता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। नया इंसुलिन टाइप-1 और टाइप-2 दोनों तरह के डायबिटीज के मरीजों के लिए विकसित किया गया है। अभी तक डायबिटीज के टाइप-1 वाले मरीजों को साल में पूरे 365 दिन इंसुलिन के इंजेक्शन लेने पड़ते थ, लेकिन एविक्ली के केवल साल में 52 इंजेक्शन लेने होंगे। इससे मरीजों के लिए इलाज का पालन करना आसान हो सकता है। इससे बार-बार इंजेक्शन लगाने की परेशानी भी कम होगी। जो मरीज पूरी तरह इंसुलिन पर ही निर्भर है उनको इससे काफी फायदा होगा।

डेनमार्क की दवा कंपनी का है एविक्ली इंसुलिन आइकोडेक

टाइप-1 और टाइप-2 दोनों तरह के मरीजों के लिए है यह

## हर दिन धीरे- धीरे शरीर में जाएगा इंसुलिन

यह इंसुलिन शरीर में जान के बाद एल्ब्यूमिन प्रोटीन के साथ मिल जाती है। इससे शरीर में जाने के बाद यह हर दिन धीर- धीरे शरीर के हिसाब से इंसुलिन छोड़ती है। इसको हफ्ते में एक दिन किसी भी समय ले सकते हैं। इस दवा को अमेरिका के एफडीए और यूरोप के ईएमए सहित कई देशों में मंजूरी मिल चुकी है और इसे अब भारत में भी लॉन्च किया गया है। इस इंसुलिन को फ्लैक्सटच नाम के पेन डिवाइस की मदद से आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है।




### एविक्ली इंसुलिन से कंट्रोल में रहेगी ब्लड शुगर

एविक्ली इंसुलिन लेने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहेगा। इसको लेकर क्लीनिकल ट्रायल भी हुए हैं। इनमें पता चला कि एविक्ली ने ब्लड शुगर कंट्रोल (एचबीए1सी) बेहतर किया। मरीजों का ब्लड शुगर लंबे समय तक सामान्य सीमा में भी बना रहा, अच्छी बात यह रही कि इसकी सुरक्षा भी रोजाना दी जाने वाली इंसुलिन के बराबर पाई गई। मरीज को इससे कोई रिस्क नहीं हुआ. ट्रायल में यह भी पता चला कि टाइप-2 डायबिटीज के अधिक मरीजों का एचबीए1सी 7% से नीचे रहा. जो डायबिटीज मरीजों के लिए एक अच्छा मानक है।

### मरीजों का कम होगा मानसिक तनाव इससे

नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रांत श्रोत्रिया ने कहा कि यह भारत में डायबिटीज के इलाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हफ्ते में सिर्फ एक बार इंसुलिन लेने की सुविधा से मरीजों का मानसिक तनाव कम होगा।

### ये दवा किसके लिए है?

अब जान लेते हैं कि कौन से रोग इसका फायदा ले पाएंगे? कंपनी की तरफ से बताया गया कि यह दवा टाइप-1 और टाइप-2 दोनों तरह के डायबिटीज वाले वयस्क मरीजों के लिए है, इसे फ्लेक्स टच नाम के आसान पेन से लगाया जाता है। अच्छी बात ये है कि कंपनी के क्लिनिकल ट्रायल में देखा गया कि यह दवा रोज वाली इंसुलिन जितनी या उससे बेहतर ब्लड शुगर कंट्रोल करती है। इससे भी उतनी ही सेफ्टी मिलती है। डॉक्टरों का कहना है कि कम इंजेक्शन की वजह से मरीज इलाज शुरू करने में कम डरेंगे और नियमित जांच भी कराते रहेंगे और समय पर डोज लेंगे।

### भारत के लिए क्यों जरूरी?

भारत में पिछले कुछ सालों में डायबिटीज के मरीजों की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है। करोड़ों लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं, बड़े तो बड़े युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। फिर भी कई लोग इंसुलिन शुरू नहीं करते क्योंकि रोज इंजेक्शन लगाने का डर होता है। नोवो नारडिस्क के भारत प्रमुख विक्रांत श्रोत्रिय ने कहा कि यह दवा उन मरीजों के लिए बड़ी राहत है जो रोज इंजेक्शन से परेशान थे।


## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में यूसीसी लागू करने की तैयारी



**मुंबई।** महाराष्ट्र में भी अब यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू करने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। राज्य की फड़नवीस सरकार ने इसको लेकर गुरुवार को 7 सदस्यों वाली एक कमेटी के गठन करने ऐलान किया है। कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त जज रंजना देसाई करेंगी। उन्होंने कहा कि हम नागपुर में राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश करने का प्रयास करेंगे।

### आंध्रप्रदेश में कोरोना से 46 साल के मरीज की मौत



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा में बुधवार को 46 साल के व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। उसे पिछले महीने वेल्लोर के सीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया था। 4 दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि मरीज के फेफड़े खराब हो गए थे। मरीज को कंटेनमेंट जोन में रखा गया था। उसके संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग भी की जा रही है। इलाके में सैनिटाइजेशन भी शुरू कर दिया गया है। कोरोना से मौत की खबर के बाद कडप्पा और तिरुपति जिलों में 5 और पॉजिटिव मामले सामने आए हैं।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी में एक और अहम खुलासा!

# चोरी की रकम सीधे अपने खातों में रखने की बजाय रिश्तेदारों को भेजते थे आरोपी

राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले में कस्टडी रिमांड पर लिए गए तीनों आरोपियों से हुई पूछताछ में चोरी के तरीके से लेकर रकम को ठिकाने लगाने तक कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि वे चोरी की रकम सीधे अपने खातों में रखने की बजाय वे अपने रिश्तेदारों और करीबी लोगों के बैंक खातों में ट्रांसफर करते थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले में पुलिस की जांच लगातार नए खुलासे कर रही है। आरोपी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडेय ने पूछताछ में बताया कि चोरी की रकम सीधे अपने खातों में रखने की बजाय वे अपने रिश्तेदारों और करीबी लोगों के बैंक खातों में ट्रांसफर करते थे। इसके बाद कुछ समय बाद वही रकम अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए वापस अपने खातों में मंगवा ली जाती थी। पुलिस का मानना है कि ऐसा इसलिए किया जाता था, ताकि पैसों का सोर्स छिपा रहे और किसी को संदेह न हो। जांच के दौरान बैंक खातों की पड़ताल में भी इस तरह के लेनदेन की पुष्टि होने की बात सूत्रों ने कही है।

### खास बातें

- गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन ने उगले हैं कई अहम राज
- पैसों का सोर्स छिपाते और बाद में फिर अपने खाते में करवाते ट्रांसफर



### अंदरूनी मिलीभगत के चलते बेखौफ थे आरोपी

हरिभूमि फालोअप

सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें भरोसा था कि वे कभी पकड़े नहीं जाएंगे। इसी वजह से वे बेखौफ होकर चढ़ावे से अधिक से अधिक नकदी निकालने की कोशिश करते थे। उनका मानना था कि मंदिर की व्यवस्था और अंदरूनी मिलीभगत के चलते उन पर किसी का शक नहीं जाएगा। पूछताछ में आरोपियों ने यह भी बताया कि चोरी की रकम को बाहर निकालने में उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं होती थी, क्योंकि कथित तौर पर कुछ लोगों का सहयोग उन्हें मिलता था। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने दावा किया कि टिन्नू और गणना प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव की मिलीभगत के कारण नकदी बाहर ले जाना आसान हो जाता था।

### यह है पुलिस की कोशिश

सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि आरोपियों की मंदिर में नौकरी ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों की सिफारिश पर लगी थी। इस दौरान अनिल मिश्रा का नाम भी सामने आया है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस की पूरी कोशिश चोरी की रकम, जेवर और इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने की है। आने वाले दिनों में बरामदगी और पूछताछ के आधार पर इस मामले में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### अब तक इतने लोग हुए हैं गिरफ्तार

राम मंदिर चोरी मामले में अविनाश शुक्ला, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रमाशंकर मिश्रा, राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और सुभाष श्रीवास्तव पुलिस की गिरफ्त में हैं। लगातार जांच पड़ताल और पूछताछ चल रही है।

### अब चंपत, अनिल, गोपाल की 'आईडी' की गई समाप्त

(अयोध्या राम मंदिर के दान चोरी केस में लगातार नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। पुलिस, एसआईटी और राज्य सरकार सब सख्ती कर रहे हैं। अब दान चोरी मामले में एक और एक्शन लिया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट से निष्कासित चंपत राय. डॉक्टर अनिल मिश्रा और गोपाल राव की पावर छीन ली गई है। उनके पास जो आईडी थी उसे समाप्त कर दी है। अब वह राम मंदिर में वीआईपी और सुगम दर्शन के लिए पास जारी नहीं कर सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने यह बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। यह व्यवस्था मंदिर के भूमि पूजन के समय से लागू थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है।



ममता को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

# 440 करोड़ के फ्रीज खातों से टीएमसी निकाल सकेगी पैसा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। ममता बनर्जी की पार्टी अपने दिन प्रतिदिन के खर्चों और सैलरी देने के लिए ईडी के द्वारा फ्रीज किए गए 440 करोड़ के बैंक खातों में से पैसा निकाल सकेगी। लेकिन पैसे कोर्ट के द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी की निगरानी में ही निकाले जा सकेंगे। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बैंक खाते फ्रीज करने के मामले में पुलिस और ईडी की जल्दबाजी पर भी सवाल उठाए।



### खातों की निगरानी के लिए स्पेशल ऑफिसर

कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की बेंच ने फैसला सुनाया है। साथ ही कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस सुब्रत तालुकदार को टीएमसी बैंक खातों की निगरानी के लिए 'स्पेशल ऑफिसर' नियुक्त किया है, जो 30 सितंबर 2026 तक लागू रहेगी, लेकिन पार्टी को खातों से कोई बड़ा लेन-देन करने की अनुमति नहीं होगी। स्पेशल ऑफिसर को 1.25 लाख सैलरी दी जाएगी, जो कालीघाट स्थित तृणमूल कांग्रेस यानी ममता बनर्जी के गुट द्वारा ही दी जाएगी।

**कार्यालय, नगर पंचायत देवकर, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रं. / 658/ न.पं. / 2026 **ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना** देवकर दिनांक 09/07/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग में प्रचलित पी.डब्ल्यू. डी. एस. ओ. आर ( भवन / इलेक्ट्रीकल 10.06.2026, सड़क 15/06/2026 एवं पी. एच.ई. 2020 अबेडमेंट 2022–23) के तहत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम टेंडर क्रं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 195062 | वार्ड 10 में बबली यादव के घर से पुरूषोत्तम साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 29.11 | 30/07/2026 |
| 195064 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 20.63 | |
| 195070 | वार्ड क्र. 06 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य । | 20.74 | |
| 195105 | वार्ड क्रं. 10 में कम्पोस्ट शेड परिसर में सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 13.10 | |
| 195107 | वार्ड क्र. 07 में डॉ भीमराव अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के सामने बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य । | 23.14 | |
| 195103 | वार्ड क्रं. 10 में कम्पोस्ट शेड परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य । | 8.74 | |
| 195080 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कोसरिया यादव पारा । | 8.48 | |

**टीप :-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल www.eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत देवकर**

### सोनम की जमानत फिलहाल बरकरार



**नई दिल्ली।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट व्यापारी राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान हुई हत्या के मामले मे आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ दाखिल मेघालय सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब मंगलवार को सुनवाई करेगा। तब तक यानी फिलहाल सोनम रघुवंशी की जमानत पर रिहाई बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई मंगलवार 14 जुलाई को करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय सरकार को सोनम की गिरफ्तारी के समय उसे दिए अरेस्ट मेमो और अन्य दस्तावेजों की कॉपी दायर करने को कहा है।

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT**
**DEVKAR DISTRICT BEMETARA, CHHATTISGARH**

**NOTICE INVITING TENDER (3rd Call)**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

SYSTEM TENDER NO / 195060/NIT NO: 656, Dated 09/07/2026

Online tender are invited by the Chief Municipal Officer, DEVKAR for the following work in Form "A" for PERCENTAGE RATE TENDER AND CONTRACT FOR WORKS from the contractors registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD & e-Procurement System Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) as per the 'key Dates' mentioned below. All other conditions for submission of tenders and criteria for prequalification etc. have been mentioned in the tender documents. SOR-Building SOR 2015, Electrical SOR 2020, PHE SOR 2020, Road SOR 2025.

| SYSTEM TENDER NO: | Name of Work | Probable Amount of Contract | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 195060 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of DEVKAR, Chhattisgarh | Rs 22.51 Lakhs | 20/07/2026 |

The tender documents containing detailed terms & conditions are available for free download on GoCG e-Procurement portal http://eproc.cgstate.gov.in through sub portal of Urban Administration & Development Department http://uad.cg.gov.in Bidders have to quote online their prices along with Technical and Commercial bids in prescribed formats on the above mentioned portal only.

**Chief Municipal Officer**
**Nagar Panchayat Devkar**

पवार-शिंदे की मुलाकात से मिला चर्चाओं को बल

# पवार के एनडीए में जाने की अटकलें, पार्टी ने किया खंडन

**मुंबई।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार की पार्टी के एनडीए में शामिल होने की राजनीतिक गलियारे में चर्चा है। हालांकि, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने इन सभी चर्चाओं को अफवाह बताया है। दरअसल पवार ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर 8 जुलाई को मुंबई में विधान भवन में हुई बैठक के बाद डिप्टी सीएम उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कमरे में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की थी। इसके बाद से ही इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। बता दें, महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर राज्य सरकार की उच्चस्तरीय समिति की 8 जुलाई को हुई बैठक में शरद पवार 28 साल बाद शामिल हुए। बैठक के बाद उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की और वहीं अपनी पार्टी के विधायकों से भी मिले।

### पार्टी ने दी सफाई



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और एनसीपी (शरद पवार गुट) के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल की मंगलवार को मुंबई के एक होटल में मुलाकात हुई। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम पर जयंत पाटिल ने कहा कि शिंदे के कमरे में शरद पवार का पार्टी विधायकों से मिलना पूरी तरह व्यावहारिक कारणों से लिया गया फैसला था। विधायक विधान भवन से रवाना होने से पहले शरद पवार से मिलना चाहते थे। लेकिन पवार की उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें लंबी दूरी तक पैदल चलाना उचित नहीं था।

### रोहित ने किया है विरोध

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एनडीए में शामिल होने की संभावना को लेकर एनसीपी (एसपी) पार्टी में मतभेद हैं। जानकारी के मुताबिक, विधायक रोहित पवार ऐसे किसी भी फैसले के पक्ष में नहीं हैं और महाविकास आघाड़ी के साथ बने रहने के समर्थक बताए जा रहे हैं। शिंदे के ऑफिस में पवार के अपनी पार्टी के विधायकों से मिलने के मुद्दे पर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के दो सहयोगी दल आमने-सामने आ गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने इसे 'गद्दारों का महिमामंडन' बताया, जबकि एनसीपी (एसपी) ने इसे संवैधानिक पद पर बैठे नेता से शिष्टाचार मुलाकात बताते हुए राउत पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
**e-mail - cmoramanujganj@rediffmail.com**

क्रमांक/1107/ई-टेण्डर/लो.नि.शा./2026-27 रामानुजगंज, दिनांक 08/07/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद् रामानुजगंज में अधोसंरचना मद/ राज्य प्रवर्तित / जोनल वर्क अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु एकल पंजीयन में पंजीकृत सक्षम निविदाकारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 195013 | वार्ड क्र. 13 में अटल स्मृति तालाब निर्माण कार्य। | 49.90 | 30.07.2026 |
| 2 | 195007 | वार्ड क्र. 06 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति तालाब निर्माण कार्य | 49.78 | 30.07.2026 |
| 3 | 195027 | वार्ड क्र. 07 में मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य। | 24.89 | 30.07.2026 |
| 4 | 195020 | जेनल वर्क 2026-27 बिल्डींग एस.ओ.आर. 10.06.2026 (प्रत्येक कार्य 5.00 लाख) | 50.00 | 30.07.2026 |
| 5 | 195017 | जेनल वर्क 2026-27 रोड एस.ओ.आर. 15.06.2026 (प्रत्येक कार्य 5.00 लाख) | 50.00 | 30.07.2026 |

नोट:- उपरोक्त कार्य की निविदा की नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा प्रभारी से प्राप्त की जा सकती है एवं छत्तीसगढ़ शासन के ई- प्रोक्यूमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर अवलोकन / डाउनलोड किया जा सकता है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् रामानुजगंज, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पंचायत बलौदा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

क्रमांक /810/न.प.ब./2026-27 बलौदा, दिनांक 08-07-2026

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि | अनुमानित लागत (रू. रू. में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 194953 | Construction of Crematoriya, Pathway, Plantation & lawn Development Boundrywall, Entrance Gate, Chabutra, Borewell, Shade, Concrete Chair, Mural Work, MS railin, Truss & Light Pole MUKTIDHAM NIRMAN WORK, NAGAR PANCHAYAT BALODA | 28-07-2026 18:30 PM | 37,42,000.00 | 28,000.00 |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर अवलोकन एवं कार्यालय के लोक निर्माण शाखा नगर पंचायत बलौदा से कार्यालयीन समय में प्राप्त, की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बलौदा**

### कॉकरोच जनता पार्टी का 'संसद मार्च' का ऐलान

**नई दिल्ली।** पिछले कई दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट कर रही 'कॉकरोच जनता पार्टी'ने ऐलान किया है कि वह 20 जुलाई को मॉनसून सत्र के पहले दिन संसद तक शांतिपूर्ण मार्च करेगी। यह ऐलान तब किया गया, जब गुरुवार को भारी बारिश के बीच जंतर-मंतर पर उनका विरोध प्रदर्शन 20वें दिन में प्रवेश कर गया। युवाओं के नेतृत्व वाला यह संगठन परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहा है। गुरुवार सुबह जारी एक बयान में सीजेपी ने कहा, '20 जुलाई को हमारा संसद मार्च जंतर-मंतर से शुरू होगा।' इस मार्च में शिक्षाविद और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल होंगे।

**Home First Finance Company India Limited** — कब्जा सूचना
CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्ज़ा नोटिस**

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/उधारकर्ताओं, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के अंदर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर **कब्जा** कर लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास चतुर्वेदी, वंदना शर्मा | प्लॉट-मौजा निरतु, ख.नं. 1704/3/क/2, प.ह.नं. 53, मौजा निरतु, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-भोला श्रीवास की भूमि, उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-विक्रेता की शेष भूमि | 06-05-2026 | 1,716,790 | 07-07-2026 |
| 2. | मुकेश मिश्रा, सुनीता मिश्रा | प्लॉट-ख.नं. 917/1 व 920/1, मौजा मुंगेली, प.ह.नं. 19/59, ब्लॉक/सर्कल मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495334 चौहद्दी-पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 06-05-2026 | 1,199,413 | 07-07-2026 |
| 3. | बाउछर कुरेसी, नेहा बाउछर कुरेसी | फ्लैट-मौजा कोटा, ख.नं. 957/1, प.ह.नं.-5, मौजा कोटा, तहसील-कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006, चौहद्दी-पूर्व-सड़क, पश्चिम-विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर-निखिल की भूमि, दक्षिण-राजेश की भूमि। | 06-05-2026 | 831,437 | 07-07-2026 |

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक/जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।


**ऋणधारकों/जमानतदारों** तथा **आम जनता** को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और **पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।**

**ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।**

स्थान: बिलासपुर दिनांक: 10-07-2026 अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### टीसीएस का शुद्ध लाभ बढ़कर 13,349 करोड़




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 4.61 प्रतिशत बढ़कर 13,349 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी।

### भारत को ग्रिड-स्तर की बैटरी क्षमता बढ़ाने की जरूरत



**नई दिल्ली।** देश में बिजली की चुनौती अब उत्पादन नहीं, बल्कि उसकी उपलब्धता और लचीलेपन से जुड़ी हुई है, लिहाजा ग्रिड-स्तर की बैटरी क्षमता बढ़ाना जरूरी है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने यह बात कही है। बिजली क्षेत्र की चुनौती का सबसे सीधा समाधान अतिरिक्त बिजली का भंडारण करना और जरूरत के समय उसे उपलब्ध कराना है।

### नाटको फार्मा को द. अफ्रीका में निवेश की मंजूरी मिली

NATCO

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी नाटको फार्मा नए बाजारों में विस्तार के उद्देश्य से दक्षिण अफ्रीका में करीब 2,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अनुषंगी कंपनी में 1,400 करोड़ रुपये का निवेश भी शामिल है। दक्षिण अफ्रीका की होल्डिंग्स प्रॉप्राइटरी लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 35.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत करेगी।

# टायर में हवा कम होने से हर साल 4500 करोड़ के ईंधन का नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में वाहनों के टायर में कम हवा होने के कारण हर साल 4,500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 42 करोड़ लीटर से ज्यादा पेट्रोल का नुकसान हो रहा है। उद्योग संगठन एटीएमए के एक अध्ययन में यह बात सामने आई।

- हर साल 42 करोड़ लीटर से ज्यादा पेट्रोल का नुकसान हो रहा

वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) की तकनीकी इकाई इंडियन टायर टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी (आईटीटीएसी) के अध्ययन में सामने आया कि भारतीय सड़कों पर बड़ी संख्या में ऐसे वाहन हैं जिनके टायर में हवा यात्री वाहन विनिर्माता द्वारा अनुशंसित स्तर से कम होती है। इससे ईंधन की भारी बर्बादी, वाहन रखरखाव लागत में वृद्धि और सड़क सुरक्षा जोखिम बढ़ रहे हैं।

## वाहन टायर विनिर्माता संघ के अध्ययन में सामने आई बात

### 32 प्रतिशत टायर में स्तर से 20 फीसदी कम हवा

एटीएमए ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देशभर में 1.3 लाख से अधिक यात्री वाहनों (जिनमें दोपहिया वाहन भी शामिल हैं) के टायर की जांच की गई। इनमें से लगभग एक लाख टायर जांच केवल पिछले वर्ष के दौरान की गई। इसमें कहा गया, '' निष्कर्षों से पता चला कि 32 प्रतिशत टायर में हवा अनुशंसित स्तर से 20 प्रतिशत से अधिक कम थी। वहीं 21 प्रतिशत टायर में हवा अनुशंसित स्तर से 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत कम पाई गई।'



**टायर में कम हवा से सुरक्षा को भी खतरा :** एटीएमए सेफ्टी अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुदर्शन एस. गुसैन ने कहा कि आर्थिक नुकसान के अलावा टायर में कम हवा से सुरक्षा को भी गंभीर खतरा है। गुसैन ने कहा कि टायर में कम हवा से वे असमान रूप से घिसते हैं, जिससे वे ज्यादा समय तक नहीं चलते और और बदलने की भी लागत बढ़ जाती है।

**वार्षिक पेट्रोल खपत 56.77 अरब लीटर आंकी गई :** एटीएमए ने कहा, '' भारत में वार्षिक पेट्रोल खपत लगभग 56.77 अरब लीटर आंकी गई है और इसका लगभग पूरा उपयोग यात्री वाहनों (जिनमें दोपहिया वाहन भी शामिल हैं) द्वारा किया जाता है। इसका मतलब है कि हर साल लगभग 42.57 करोड़ लीटर पेट्रोल का नुकसान हो रहा है। मौजूदा खुदरा ईंधन कीमतों के आधार पर इस बर्बाद ईंधन का मूल्य 4,500 करोड़ रुपये से अधिक बैठता है।

### एक पीएसआई की कमी से ईंधन दक्षता 0.2 फीसदी घट जाती है

अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों का हवाला देते हुए एटीएमए ने कहा कि टायर में हर एक पीएसआई (पाउंड प्रति वर्ग इंच) की कमी से ईंधन दक्षता लगभग 0.2 प्रतिशत घट जाती है। सर्वेक्षण के दौरान जुटाए गए आंकड़ों के आधार पर एटीएमए का अनुमान है कि टायर में हवा कम होने कारण भारत के कुल वाहन ईंधन उपभोग के बराबर 0.75 प्रतिशत ईंधन क्षमता का नुकसान हो रहा है।

## नागेश्वरन ने कहा, सरकार ने बजट में कई उपायों की घोषणा की

# सरकार ने जीसीसी के लिए अपना काम किया, अब उद्योग क्षमताएं बढ़ाएं: सीईए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने बजट में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को समर्थन देने के लिए कई उपायों की घोषणा कर अपना काम कर दिया है। अब उद्योग को कृत्रिम मेधा (एआई) से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण और नवाचार में निवेश करना चाहिए।*

नागेश्वरन ने कहा कि एआई ने पुराने कारोबारी मॉडल को चुनौती दी है। इसके कारण नियमित, दोहराए जाने वाले और नियम-आधारित कार्य प्रभावित होने की संभावना है। केवल कम लागत पर आधारित कारोबारी मॉडल के समक्ष मौजूद जोखिमों को नजरअंदाज करना व्यावहारिक नहीं होगा।

### उद्योग की लंबित मांग को पूरा किया गया

उद्योग और सरकार के सहयोग की भूमिका का उल्लेख करते हुए सीईए ने कहा कि केंद्रीय बजट में जीसीसी के लिए 'ट्रांसफर प्राइसिंग सेफ हार्बर' व्यवस्था को सरल एवं विस्तारित कर उद्योग की काफी समय से लंबित मांग को पूरा किया गया है।

### सरकार छोटे शहरों में भी जीसीसी को प्रोत्साहित कर रही

सीईए ने यहां 'सीआईआई जीसीसी शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि संशोधित व्यवस्था में एक समान मार्जिन, काफी अधिक सीमा एवं कई वर्षों की अवधि के लिए तेज तथा अधिक भरोसेमंद मंजूरी का प्रावधान है, जिससे ऐसे केंद्रों के लिए कर संबंधी निश्चितता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने छह प्रमुख महानगरों से आगे बढ़कर छोटे व मझोले शहरों में जीसीसी के विस्तार को प्रोत्साहित करने के लिए एक राष्ट्रीय रूपरेखा भी शुरू की है।

### सरकार रनवे तैयार कर सकती है विमान नहीं उड़ा सकती

नागेश्वरन ने कहा, '' यह केवल एक आर्थिक लक्ष्य नहीं है, बल्कि समान अवसर का भी विषय है। अवसर केवल कुछ महानगरों तक सीमित नहीं रहने चाहिए।' उन्होंने हालांकि, इस बात पर भी जोर दिया कि केवल सरकारी नीतियों के बल पर इस क्षेत्र में भारत का नेतृत्व सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। सीईए ने कहा, '' सरकार रनवे तैयार कर सकती है, लेकिन विमान नहीं उड़ा सकती। लागत-आधारित मॉडल से क्षमता-आधारित मॉडल और निष्पादन से नवाचार की ओर बढ़ने का काम कंपनियों और लोगों को करना होगा।'



- अब उद्योगों को एआई के विकास में निवेश करना चाहिए
- एआई ने पुराने कारोबारी मॉडल को चुनौती दी है
- नियम आधारित कार्य प्रभावित होने की संभावना

### एआई प्रणालियों की रूपरेखा तैयार करनी होती है

सीईए ने कहा, '' एआई स्वयं न तो इन प्रणालियों का निर्माण करती है, न उन्हें लागू करती है और न ही उनका संचालन करती है। किसी न किसी को इन प्रणालियों की रूपरेखा तैयार करनी होती है, उन्हें प्रशिक्षित करना होता है, उनकी जांच करनी होती है, उनमें सुधार करना होता है और उनकी जवाबदेही तय करनी होती है। किसी को यह भी तय करना होता है कि इनका उपयोग कहां किया जाना चाहिए और कहां नहीं।''

### प्रतिस्पर्धी देश अपनी क्षमता बढ़ा रहे

नागेश्वरन ने साथ ही आगाह करते हुए कहा कि सफलता आत्मसंतोष का कारण नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के साथ भारत ने जो बढ़त हासिल की है, वह खत्म भी हो सकती है, क्योंकि प्रतिस्पर्धी देश अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं, लागत बढ़ रही है और कुशल प्रतिभाओं की उपलब्धता लगातार चुनौतीपूर्ण होती जा रही है।

# तनाव के बावजूद भारत का कच्चा तेल आयात मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- केप्लर के एक विश्लेषक ने यह बात कही
- होर्मुज की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ी है

भारत के कच्चे तेल आयात पर होर्मुज जलडमरूमध्य में हालिया तनाव का असर सीमित रहने की संभावना है। हालांकि, यदि क्षेत्र में लंबे समय तक अस्थिरता बनी रहती है तो एलपीजी और एलएनजी आपूर्ति प्रभावित हो सकती है तथा जहाजरानी लागत बढ़ सकती है।

केप्लर के एक विश्लेषक ने यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संघर्षविराम संबंधी टिप्पणियों के बाद क्षेत्र में हुई ताजा झड़पों ने दुनिया के सबसे व्यस्त ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

केप्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि भारत की कच्चे तेल आपूर्ति पर इसका असर सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय तेल शोधन कंपनियों ने आयात स्रोतों में विविधता लाई है। उन्होंने कहा, हालिया तनाव बढ़ने से पहले भी होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये कच्चे तेल का प्रवाह पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ था। हालांकि, भारत के लिए पिछले 100 दिन में स्थिति काफी हद तक सामान्य रही है और तेल शोधन कंपनियों ने विविध आयात स्रोतों के जरिये आपूर्ति का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है। रितोलिया ने कहा कि भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी काफी अधिक बनी हुई है। वहीं, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से होने वाली आपूर्ति से ऊर्जा सुरक्षा को अतिरिक्त मजबूती मिलती है।

### रूस, भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता

होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास आपूर्ति बाधित होने की आशंका से तेल शोधन कंपनियों ने अधिक खरीदारी की, जिससे आयात में वृद्धि हुई। रूस से भारत का कच्चे तेल आयात बढ़कर करीब 27 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया, जो जून में भारत के कुल कच्चे तेल आयात का आधे से अधिक है। इससे रूस, भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

## रुपया सात पैसे मजबूत होकर 95.41 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को सात पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.41 (अस्थायी) पर रहा। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों में डॉलर के मजबूत होने का रुख बना रहा पश्चिम एशिया में फिर से तनाव उत्पन्न होने के बाद पैदा हुई अस्थिरता के बावजूद शेयर बाजार में रहा सुधार। और सरकारी बैंकों द्वारा डॉलर की बिकवाली से स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.52 प्रति डॉलर पर खुला जो उसके पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 95.58 से 95.28 के दायरे में रहा। अंत में यह 95.41 (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से सात पैसा अधिक है।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 238 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से पिछले कारोबारी सत्र में आई भारी गिरावट के बाद स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स तथा निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई सेंसेक्स 238.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,741.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 823.05 अंक चढ़कर 77,326.65 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 80.75 अंक बढ़कर 23,962.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 24,134.70 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचा, लेकिन कारोबार के अंतिम घंटे में इसने अपनी कुछ बढ़त गंवा दी।विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच लगातार दूसरे दिन भी हमले होने से बाजार में सतर्कता का माहौल बना रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर सबसे अधिक 2.7 प्रतिशत और भारती एयरटेल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा। इनके अलावा बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक बढ़त में रहे। वहीं, इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 1.8 प्रतिशत की गिरावट में रहा। मारुति, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे।



- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की खरीदारी
- बाजार ने अंतिम घंटे में अपनी बढ़त गंवाई


### घटनाक्रमों पर निवेशकों की नजर बनी हुई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, '' भारतीय शेयर बाजारों में वैश्विक संकेतकों के समर्थन से मध्यम स्तर की वापसी देखने को मिली, हालांकि पिछले कारोबारी सत्र में बिकवाली की वजह बने भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निवेशकों की नजर बनी रही।''

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति स्पेशल ट्रेन से कराएगी गंगा सागर यात्रा, बुकिंग शुरू

**कोरबा।** पिछले लगभग 18 साल से धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्राओं का सफल संचालन कर रही श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए स्पेशल ट्रेन से गंगा सागर तीर्थ यात्रा का आयोजन कर रही है। यह विशेष यात्रा 18 सितम्बर से 25 सितम्बर तक आयोजित होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी के साथ-साथ कोलकाता स्थित दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर एवं बेलूर मठ का दर्शन कराएगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था विगत लगभग दो दशकों से देशभर के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्राओं का सफल संचालन कर रही है। यह आरक्षित स्पेशल ट्रेन पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ रहेगी।

इससे यात्रियों को कहीं भी ट्रेन बदलने की आवश्यकता नहीं होगी तथा उनका सामान भी पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षित रहेगा। यात्रा में शुद्ध एवं स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन, आरामदायक आवास, स्थानीय परिवहन, प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, स्वच्छता एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसमें भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा यात्रा शुल्क स्लीपर श्रेणी के लिए 10,900, थर्ड एसी के लिए 18,500 तथा सेकंड एसी के लिए 23,500 निर्धारित है। इन सभी शुल्कों पर 5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देय होगा।अब तक लगभग 70 प्रतिशत सीटों की बुकिंग हो चुकी है, जबकि शेष सीटों पर तेजी से पंजीयन जारी है। सीमित सीटें उपलब्ध होने के कारण इच्छुक श्रद्धालुओं से शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की गई है।



# एडीबी ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

- वर्ष 2026-27 के लिए घटाकर किया 6.6 प्रतिशत
- पहले वृद्धि दर अनुमान 6.9 फीसदी तय किया गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में संभावित बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बृहस्पतिवार को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया।


वृद्धि दर में इस कमी के बावजूद हालांकि, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) जुलाई 2026 रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 2026-27 के लिए घटाकर 6.6 प्रतिशत किया गया है। 2027-28 के लिए इसे 7.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया, '' 2026-27 के लिए वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल में लगाए गए 6.9 प्रतिशत से घटाया गया है, क्योंकि ऊर्जा की ऊंची कीमतों से वास्तविक आय पर दबाव पड़ रहा है।

## बायर एजी ने बायर क्रॉपसाइंस में 11.9% खरीदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** जर्मनी की बहुराष्ट्रीय कंपनी बायर एजी ने थोक सौदे के जरिये बायर क्रॉपसाइंस लिमिटेड की 11.91 प्रतिशत हिस्सेदारी 2,207 करोड़ रुपये में खरीद ली है। इस सौदे के बाद बृहस्पतिवार को बायर क्रॉपसाइंस का शेयर करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,128 रुपये पर कारोबार कर रहा था। आंकड़ों के मुताबिक, कंपनी की प्रवर्तक इकाई बायर एजी ने कृषि-रसायन कंपनी बायर क्रॉपसाइंस लिमिटेड के 53,54,030 शेयर खरीदे, जो कंपनी की 11.91 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। यह सौदा बुधवार को प्रति शेयर औसतन 4,122.30 रुपये के भाव पर हुआ, जिससे कुल लेनदेन का मूल्य 2,207.09 करोड़ रुपये रहा।




## शब्द पहेली - 6282



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6281 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | म | क | स | द | ■ |
| म | ■ | ■ | न | ■ | अ | ■ | ल | ■ | ■ | नि |
| न | ■ | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | ■ | य |
| मा | न | व | ■ | ■ | दा | ■ | ■ | कि | म | त |
| नी | ■ | था | ■ | आ | स | न | ■ | र | न | ■ |
| ■ | र | ■ | हा | य | ■ | ह | त्या | ■ | का | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | म | क | र | ■ | क | ■ | य |
| ह | म | ला | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | वे | शी |
| वे | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | फ |
| ली | ■ | ■ | स | ■ | व | ■ | य | ■ | ■ | ल |
| ■ | र | ह | म | त | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल 6292

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल 6291 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

# बोधघाट प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना घोषित, पहली बार हासिल हुई बस्तर को यह उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बोधघाट थाना को छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना घोषित किया है। पहली बार बस्तर पुलिस के किसी थाना को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान मिला है। हर वर्ष गृह मंत्रालय विभिन्न मानकों पर देशभर के पुलिस थानों का मूल्यांकन करता है। इन्हीं मानकों पर खरा उतरने पर बोधघाट थाना को यह सम्मान दिया गया है। सीएसपी सुमीत कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस और बस्तर पुलिस के लिए यह अत्यंत गौरव एवं सम्मान का विषय है कि वर्ष 2025 के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक पुलिस थाना रैंकिंग में बोधघाट थाना को राज्य का सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना घोषित किया गया है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सहित बस्तर संभाग तथा बस्तर के लिए ऐतिहासिक है । गौरतलब है कि गृह मंत्रालय हर साल देशभर के पुलिस थानों का मूल्यांकन अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम, अनुसंधान की गुणवत्ता, सामुदायिक पुलिसिंग, जनसहभागिता, पुलिस अधोसंरचना, नवाचार, नागरिक-अनुकूल पुलिसिंग, अभिलेख संधारण तथा समग्र कार्य निष्पादन जैसे मापदंडों पर करता है। इन सभी बिंदुओं पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बोधघाट थाना को यह सम्मान प्रदान किया गया है।

### केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वार्षिक पुलिस थाना रैंकिंग में रहा अव्वल



### केंद्रीय गृह मंत्री के नाम से जारी प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान आईजी ने दिया

बोधघाट थाना को मिले राष्ट्रीय सम्मान पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम से जारी प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान बस्तर के तत्कालीन आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम तथा वर्तमान आईजी बद्रीनारायण मीना द्वारा तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौड़ एवं वर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक तामेश्वर चौहान को एसपी शलभ कुमार सिन्हा तथा एएसपी महेश्वर नाग की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर तत्कालीन सीएसपी आकाश श्रीमाल तथा वर्तमान सीएसपी सुमीत कुमार धोत्रे भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### माय भारत जिला समन्वय समिति की पहली बैठक हुई

रायपुर। युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शैक्षणिक संस्थानों और प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस कॉन्फ्रेंस हॉल में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में माय भारत जिला समन्वय समिति की पहली बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन, माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी, जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष (एचओडी) तथा प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिकतम युवाओं को माय भारत से जोड़कर उन्हें माय भारत यूथ वॉलंटियर्स के रूप में पंजीकृत करना तथा राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष फोकस युवाओं पर है और माय भारत युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का सशक्त मंच प्रदान करता है।

### सीएम हेल्पलाइन से दिव्यांग को मिली बैटरी चलित ट्राइसाइकिल

रायपुर। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से अब दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राइसाइकल भी मिलने लगी है। विकासखंड आरंग के ग्राम गोरभाठा निवासी दिव्यांग छन्नूराम यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत की थी। इस शिकायत पर 24 घंटे के भीतर छन्नूराम को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई।

# एक होमगार्ड-एक चौकीदार के भरोसे पूरा कलेक्टोरेट परिसर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

राजधानी रायपुर का कलेक्टोरेट परिसर एक होमगार्ड एवं एक चौकीदार के भरोसे है। रात में कलेक्टोरेट में विभिन्न विभागों के दफ्तरों की सुरक्षा के लिए सिर्फ एक होमगार्ड एवं एक चौकीदार की डयूटी लगाई गई है। इन दोनों के हवाले ही पूरा कलेक्टोरेट परिसर रहता है। ऐसे में रात के समय में अगर 4 से 5 की संख्या में असामाजिक तत्वों द्वारा किसी विभाग के दफ्तर में चोरी, आग लगाने से लेकर अन्य किसी तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं, तो यहां तैनात गार्ड एवं चौकीदार के द्वारा उन्हें रोक पाना भी मुश्किल होगा। कलेक्टोरेट परिसर में विभिन्न विभागों के दफ्तर संचालित होते हैं। इन दफ्तरों में विभागों से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं कम्प्यूटर सिस्टम में महत्वपूर्ण डेटा हैं, जिसके जरिए विभागों का ऑनलाइन काम होता है। इसके अलावा रिकार्ड रूम भी है, जहां सालों पुराने भू-अभिलेखों के रिकार्ड रखे हुए हैं। इन सभी की सुरक्षा के लिए रात के समय यहां सिर्फ एक चौकीदार और एक होमगार्ड को तैनात किया गया है। ये चौकीदार एवं होमगार्ड रातभर ईमानदारी से पहरा देते हैं या नहीं, इसका निरीक्षण तक नहीं किया जाता। इसके कारण कलेक्टोरेट परिसर में हर दिन विभागों के दफ्तरों में चोरी, आग लगाने का भय, डेटा में गड़बड़ी करने की आशंका बनी रहती है।

**पेट्रोलिंग पार्टी नहीं करती गश्त, सीसीटीवी कैमरे खराब, असामाजिक तत्वों के जमावड़ा पर अंकुश लगाने हाईमास्ट सोलर लाइट लगी**

कलेक्टोरेट परिसर में पूर्व में एसएसपी दफ्तर लगता था। इस दफ्तर के होने से परिसर में रात के समय में असामाजिक तत्व भी जमावड़ा लगाने से डरते थे, लेकिन दफ्तर के हटने के बाद से यहां रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगातार बढ़ने लगा है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी भी रात में कलेक्टोरेट परिसर में गश्त नहीं करती, जिसके कारण रात में यहां शराबी एवं नशेड़ियों का जमावड़ा भी लगा रहता है। कलेक्टोरेट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी ज्यादातर खराब पड़े हुए हैं। इन खराब कैमरों को सुधारा तक नहीं जा रहा है। ऐसे में अगर रात में किसी विभाग में चोरी या अन्य किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है, तो आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करना पुलिस के लिए चुनौती से कम नहीं होगा।

इधर प्रशासन ने कलेक्टोरेट परिसर में नशेड़ियों एवं असामाजिक तत्वों के जमावड़ा पर अंकुश लगाने के लिए गार्डन में हाईमास्ट सोलर लाइट लगवाई है। इस लाइट की रोशनी पूरे गार्डन से लेकर दफ्तरों तक फैल रही है, जिससे रात में भी परिसर में उजाला रहता है। संभावना जताई जा रही है कि इस लाइट के लगने से कलेक्टोरेट परिसर में रात में अब नशेड़ियों एवं असामाजिक तत्वों के जमावड़ा पर अंकुश लगेगा।

### ट्रैजरी विभाग के लिए अलग गार्ड तैनात

कलेक्टोरेट में ट्रैजरी विभाग का दफ्तर भी है। इस दफ्तर से जिले के सभी सरकारी विभागों, कर्मचारियों का लेनदेन का हिसाब रखा जाता है। इसके साथ ही कोषालय में लाखों के स्टाम्प पेपर सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। इस तरह कलेक्टोरेट में यह विभाग सबसे महत्वपूर्ण है। सूत्रों के अनुसार इस दफ्तर की सुरक्षा के लिए अलग से गार्ड 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहता है।

# राजधानी सबसे गर्म, बारिश सामान्य से 18 प्रतिशत कम

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

33.1 डिग्री तापमान के साथ राजधानी गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रही। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सामान्यतः प्रदेश में सबसे अधिक गर्म रहने वाले राजनांदगांव में दर्ज किया गया। रायपुर का न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। रायपुर में दिनभर बादल छाए रहे, लेकिन बारिश की स्थिति निर्मित नहीं हुई। पूरे प्रदेश में फिलहाल हल्के बादल छाए रहेंगे, लेकिन मानसून द्रोणिका के कारण उत्तर छत्तीसगढ़ में मुख्यतः वर्षा की संभावना है। बस्तर संभाग के जिलों में भौगोलिक कारण से वर्षा होने की संभावना है।

गुरुवार को दधिण छग के अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में हल्की बारिश ही दर्ज की गई। प्रदेश में बारिश अब भी सामान्य से 18% कम है।गंगालूर में 3, दंतेवाड़ा, करपावंड, पेण्ड्रा रोड, गीदम, लोहंडीगुडा व सकोला में 2, रेंगाखार कला, बस्तर, मरवाही, धानोरा, डोंगरगढ़, धबहारपुर व भैरमगढ़ में 1-1 सेमी बारिश दर्ज की गई है।


**वज्रपात की भी चेतावनी**

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अनूपगढ़, रोहतक, दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश, फुरसतगंज, डेहरी, धनबाद, बांकुरा दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर बिहार और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में 10 जुलाई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

**रायपुर में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता**

# राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चौंपियनशिप में शिक्षक मेहुल ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



माकड़ी विकासखंड के उच्च प्राथमिक शाला देवडोंगर में पदस्थ शिक्षक मेहुल कुमार साहू ने नया रायपुर स्थित दावड़ा यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चौंपियनशिप के टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं गोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के नॉकआउट, स्ट्रोक, स्पीड, सिंगल, डबल्स और मिक्स डबल्स मुकाबले हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन नवंबर में थाईलैंड में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।मेहुल कुमार साहू को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अध्यापक एसोसिएशन बस्तर की क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

# नाबालिग छात्रा की मौत पर जनाक्रोश, चक्काजाम; आईसी मार्ट सील, तीन पर केस



**बैकुंठपुर**। 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा की आत्महत्या के बाद गुरुवार को शहर में जनाक्रोश फूट पड़ा। पुलिस परिवार, आदिवासी समाज और बड़ी संख्या में लोगों ने आईसी मार्ट के बाहर प्रदर्शन कर चक्काजाम किया तथा आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। आरोप है कि 7 जुलाई को छात्रा और उसकी बहन पर आईसी मार्ट में चोरी का आरोप लगाकर दबाव में लिखित बयान लिया गया और उनकी स्कूटी रोक ली गई। अगले दिन छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने आईसी मार्ट को सील कर संचालक दीपक वैद, विनोद वैद और जगत वैद के खिलाफ बीएनएस एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। तीनों आरोपी फिलहाल फरार हैं। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि स्कूटी लौटाने के बदले 50 हजार रुपये मांगे गए थे। घटना के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। विधायक भईयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव और गुलाब कमरो सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विनोबा कार्यक्रम के नवाचारी शिक्षकों का सम्मान

रायपुर। जिला प्रशासन रायपुर द्वारा संचालित पढ़े रायपुर, लिखे रायपुर और बढ़े रायपुर अभियान के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार के लिए कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। विनोबा कार्यक्रम के माध्यम से उन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट हैम्पर प्रदान किए गए जिन्होंने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए कहानी वाचन, कविता वाचन, टीएलएम निर्माण एवं उसके प्रभावी उपयोग जैसे नवाचारों से सीखने सिखाने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावी बनाया है।

# बिजली कनेक्शन और विद्युत संस्थापनाओं के नियम बदले

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने विद्युत संस्थापनाओं के निरीक्षण और विद्युत आपूर्ति शुरू करने से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ऊर्जा विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब 33 केवी से अधिक वोल्टेज वाले उपभोक्ताओं अथवा विद्युत आपूर्तिकर्ताओं की विद्युत संस्थापनाओं के निरीक्षण और परीक्षण के बाद ही विद्युत निरीक्षक द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किया जाएगा।



राज्य सरकार ने यह आदेश विद्युत अधिनियम, 2003 तथा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत आपूर्ति एवं सुरक्षा संबंधी उपाय) विनियम, 2023 के तहत जारी की है। इसके साथ ही 30 मार्च 2018 को जारी पूर्व अधिसूचना को निरस्त कर दिया गया है। नई व्यवस्था प्रभावी हो गई है।

### 33 केवी और उससे कम क्षमता वाले संस्थापनों को राहत

नए आदेश के अनुसार 33 केवी तथा उससे कम वोल्टेज वाले विद्युत संस्थापनों में बिजली आपूर्ति शुरू करने या छह महीने अथवा उससे अधिक समय से बंद पड़े कनेक्शन को पुनः चालू करने से पहले सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण, परीक्षण और स्व-प्रमाणीकरण (सेल्फ सर्टिफिकेशन) किया जा सकेगा।इसकी जिम्मेदारी संबंधित स्वामी, विद्युत आपूर्तिकर्ता या उपभोक्ता की होगी। उन्हें निर्धारित प्रारूप (फॉर्म-1, फॉर्म-2 अथवा फॉर्म-3) में स्व-प्रमाणीकरण रिपोर्ट विद्युत निरीक्षक को प्रस्तुत करनी होगी।

### चाहें तो विद्युत निरीक्षक से भी करा सकेंगे जांच

सरकार ने यह विकल्प भी रखा है कि संबंधित स्वामी, आपूर्तिकर्ता अथवा उपभोक्ता यदि चाहे तो अपने विद्युत संस्थापन का निरीक्षण एवं परीक्षण विद्युत निरीक्षक से भी करा सकता है। अर्थात स्व-प्रमाणीकरण के साथ सरकारी निरीक्षण का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।

### इन मामलों में निरीक्षक की जांच रहेगी अनिवार्य

हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 54 के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत संस्थापनों का निरीक्षण और परीक्षण केवल विद्युत निरीक्षक ही करेंगे। इन मामलों में स्व-प्रमाणीकरण का प्रावधान लागू नहीं होगा।क्या होगा असरनई व्यवस्था से कम वोल्टेज वाले औद्योगिक, वाणिज्यिक और अन्य विद्युत संस्थापनों में निरीक्षण संबंधी औपचारिकताएं कम होंगी।

**COLLEGE OF DAIRY SCIENCE AND FOOD TECHNOLOGY, RAIPUR (CG)**
**DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA, DURG**

No. DSVCKV/CDSFT/Estt./91/2026/398
Raipur, Date: 08-07-2026

**// ADVERTISEMENT //**

Applications are invited for 07 posts of Teaching Associate (Temporary) in the Departments of Dairy Technology, Dairy Engineering, Dairy Microbiology, Dairy Chemistry and Dairy Business Management at College of Dairy Science and Food Technology, Raipur (Chhattisgarh). Last date of submission of application form is 23-07-2026 by registered post. The detailed advertisement, schedule and application form is available on the university website www.dsvckvdurg.ac.in.

Any further information after this advertisement will be displayed on the university website only.

S. 48407 Dean

**जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, रायगढ़ (छ.ग.)**
**(के.आई.टी. कॉलेज के पास, अग्रसेन आई.टी.आई. के बगल में, उड़िसा रोड, गढ़उमरिया, रायगढ़ छ.ग.)**
**Email-dplcs-raigarh@cg.gov.in. website- splc.cgstate.gov.in, cssda.cg.nic.in. Phone-07762-299505**

**संक्षिप्त विज्ञापन प्रारूप**

**रूचि की अभिव्यक्ति तिथि परिवर्तन सूचना**

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, रायगढ़ द्वारा दिनांक 16.06.2026 को जारी "रूचि की अभिव्यक्ति" के माध्यम से आमंत्रित आवेदन की तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

**निविदा आवेदन जमा करने की संशोधित अंतिम तिथि:- 22.07.2026, सायं 05:00 बजे तक**
**निविदा आवेदन खोलने की संशोधित तिथि:- 23.07.2026, सायं 03:00 बजे से**

शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट https://raigarh.gov.in एवं https://cssda.cg.nic.in अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

**संयुक्त कलेक्टर / सहायक परियोजना अधिकारी**
**जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, रायगढ़ (छ.ग.)**

संवाद- 48403

**प्रारूप - एक** **(नियम 11 देखिये)**
**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कोरबा**

पत्र क्र. /8309 / भू-अर्जन/ कोरबा, दिनांक 6/7/2026

**अधिसूचना**
**भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत**

नीचे अनूसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रायोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात:-

| जिला | तहसील | ग्राम/ नगर | क्षेत्रफल | लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| कोरबा | कटघोरा | जेंजरा | 0.101 हे. | जेंजरा एनीकट योजना के डूबान/ शीर्ष क्षेत्र हेतु |

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 16/07/26 को समय 12.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन जेंजरा पर नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि का अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

1. लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण : जेंजरा एनीकट योजना के डूबान / शीर्ष निर्माण हेतु
2. प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या : 02 परिवार
3. अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या : 02 परिवार
4. प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या : निरंक
5. प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या : निरंक
6. क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ? : हॉ
7. क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है? : हॉ
8. परियोजना की कुल लागत : रू. 783.29 लाख
9. परियोजना से हाने वाले लाभ : परियोजना से 25 हे. में खरीफ सिचाई सुविधा उद्वहन सिंचाई द्वारा (स्वयं के खर्चे पर) उपलब्ध कराई जावेगी
10. प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय : प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये संभावित उपाय किये जा रहे हैं तथा उसपर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है।
11. परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक : निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी / सुझाव देना हो, तो विहित तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**(कुणाल दुदावत) कलेक्टर, जिला - कोरबा एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

जी. 262701999/2

**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**
**E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in**

NIT No. 668/TC/EinC/PWD/2026-27 Dated- 30.06.2026

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-II** in the district of Sukma for construction of 01 Road with estimated cost amounting **Rs 200.35 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 03.07.2026 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 14.07.2026

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002 as per provisions of bid document through Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Departmenthttp://pwd.cg.nic.in

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

G. 262701987/2

**CAVEAT NOTICE**
**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BILASPUR (CHHATTISGARH)**

CAVEATOR Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran, (NRANVP)
**VERSUS**
NON-CAVEATOR General Public

**CAVEAT UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 READ WITH RULE 142 OF THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES**

The caveator most humbly and respectfully begs to submit as infra:
1. That, tenders have been invitedvide NIT No. 26/ TPS/EEC5/CE/NRANVP/2026-27 and System Tender No.: 194807, dated 01/07/2026 titled "Selection of Developer for Development of Infrastructure of the Town Development Scheme (TDS) in Layer-II of Nava Raipur Atal Nagar in Lieu of Development Rights/ Selling Rights of Mixed-Use Land" (2nd call). The caveator, through this tender seeks to appoint a developer for Infrastructure Development of a Town Development Scheme (TDS) sanctioned under Section 50 (8) of the Chhattisgarh Nagar Tatha Gram NiveshAdhiniyam, 1973 published vide Gazette Notification dated 12/01/2026.
2. That, the caveator apprehends that anyone from the general public, may file a writ petition either challenging the tender or the subsequent developments/actions taken in furtherance of the said tender. Therefore, this instant caveat is being preferred so that in case any such writ petition is filed, then the caveator may kindly be afforded an opportunity to represent and defend himself before any order is passed in the said case.

S.- 48404 CEO (NRANVP)

**कार्यालय आयुक्त**
**विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) छत्तीसगढ़**
**विकास भवन, तृतीय तल, सेक्टर-19, नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़ 492101**

क्रमांक RULE / 674/2026, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 08/07/2026

**सार्वजनिक सूचना**

भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दिनांक 21/12/2025 को "विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण): बीबी जी राम जी (विकसित भारत जी राम जी) अधिनियम 2025 का प्रकाशन किया गया है। अधिनियम की धारा 3(1) के प्रावधान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य हेतु "विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) : बीबी जी राम जी (विकसित भारत जी राम जी) योजना, छत्तीसगढ़" का प्रकाशन दिनांक 25/06/2026 को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में किया गया है। अधिनियम की धारा 8(2) के प्रावधान के तहत राज्य योजना का सारांश निम्नानुसार प्रकाशित किया जा रहा है:-

"विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) बीबी जी राम जी (विकसित भारत- जी राम जी) योजना, छत्तीसगढ़" की राज्य के सभी अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में 1 जुलाई 2026 से लागू किया गया है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को, जो अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हैं, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के गारंटीकृत रोजगार का अधिकार प्रदान करना तथा ग्रामीण अधोसंरचना एवं आजीविका को मुदृढ़ बनाना है।

योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को मांग के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यदि आवेदन के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो संबंधित आवेदक को नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है। इसी प्रकार कार्य करने वाले श्रमिकों को निर्धारित मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा तथा हर स्थिति में 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। भुगतान में विलंब होने पर श्रमिकों को प्रतिदिन 0.05% की दर से विलंब अतिपूर्ति का अधिकार भी दिया गया है।

योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता "विकसित ग्राम पंचायत योजना (VGPP)" है, जिसके माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत स्थानीय आवश्यकताओं, जनभागीदारी, जी.आई.एम. आधारित तकनीक तथा डिजिटल अवसंरचना के उपयोग से विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करेगी। इन योजनाओं को ग्राम सभा की स्वीकृति के बाद विकासखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर समेकित किया जाएगा तथा विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं के अभिसरण से क्रियान्वित किया जाएगा।

योजना में कृषि कार्यों को प्रभावित होने से बचाने के लिए प्रत्येक वर्ष बुबाई एवं कटाई के चरम मौसम की अधिकतम 60 दिनों की अवधि अधिसूचित की जाएगी।

योजना के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका संवर्धन, आपदा न्यूनीकरण, सार्वजनिक परिसंपत्तियों के रखरखाव तया पात्र हितग्राहियों की निजी भूमि पर परिसंपत्ति निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला मुखिया परिवार, दिव्यांगजन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राही तथा छोटे एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी गई है।

योजना में कार्यस्थल पर सुरक्षित पेयजल, छाया, प्राथमिक उपचार, बच्चों की देखभाल जैसी सुविधाओं की अनिवार्य व्यवस्था की गई है। कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर नि:शुल्क उपचार, अस्पताल सुविधा तथा पात्रता अनुसार आर्थिक सहायता एवं बीमा लाभका भी प्रावधान है।

पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-मस्टर रोल, डिजिटल मैपिंग, बैंक अथवा डाकघर खातों के माध्यम से भुगतान, सामाजिक अंकेक्षण तथा प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था लागू की गई है। शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाएगा तथा प्रत्येक जिले में लोकपाल की नियुक्ति का प्रावधान भी किया गया है।

योजना के अंतर्गत कार्यों का निष्पादन बिना ठेकेदारों के किया जाएगा तथा श्रम विस्थापित करने वाली मशीनों के उपयोग पर रोक रहेगी। मजदूरी एवं सामग्री का अनुपात निर्धारित सीमा के भीतर रखा जाएगा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच 60:40 के अनुपात में वित्तीय भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

यह योजना ग्रामीण परिवारों को रोजगार सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सहभागी ग्राम विकास, पारदर्शिता, डिजिटल सुशासन तथा ₹विकसित भारत @ 2047₹ की परिकल्पना के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

"विकसित भारत जी राम जी योजना, छत्तीसगढ़" के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी राज्य कार्यालय की वेबसाइट https://mgnrega.cg.nic.in पर देखी जा सकती है।

**आयुक्त**
**विकसित भारत - जी राम जी**
**नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़**

जी. 262702011/3

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पहली कक्षा में...

5 वर्ष, केजी-2 में 5 से 6 वर्ष तथा पहली कक्षा में दाखिले के लिए 6 से 7 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। आयु सीमा में बच्चों को तीन माह की छूट दी जाएगी। अर्थात यदि किसी बच्चे की आयु जुलाई माह में 6 वर्ष हो रही है तो उसे अप्रैल माह से प्रारंभ होने वाले नए सत्र में पहली कक्षा में प्रवेश दिया जा सकेगा। अन्य कक्षाओं में भी तीन माह की यह छूट मान्य रहेगी।

### ग्रीष्मकालीन छुट्टियां 1...

संचालित होता है। नए कैलेंडर के लागू होने के बाद यह अवधि 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी। हालांकि, गर्मी की छुट्टियां पहले की तरह 1 मई से 15 जून तक ही रहेंगी, जिससे छात्रों की अवकाश अवधि में कोई बदलाव नहीं होगा।

### महादेव सट्टा एप...

नामजद किया गया है। इनमें सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल के अलावा बेटिंग सिंडिकेट पैनल के कई सदस्य शामिल हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि यही पैनल पूरे देश में अवैध सट्टेबाजी के संचालन कर रहा था। इसके अलावा सट्टे की रकम का संग्रहण और अपराध से अर्जित रकम की मनी लांड्रिंग प्रमुख माध्यम था।

### देशभर में फैला...

यह नेटवर्क बेहद संगठित और कई स्तरों पर संचालित होता था। डिजिटल अभियानों के जरिए नए उपयोगकर्ताओं को जोड़ा जाता था और उनसे होने वाली करोड़ों रुपए की कमाई को बड़ी संख्या में 'म्यूल बैंक खातों' के जरिए इधर-उधर घुमाकर मनी लांड्रिंग की जाती थी। इसके बाद रकम को अवैध रूप से विदेश भेजा जाता था। एजेंसी का आरोप है कि इस धन का एक हिस्सा संरक्षण राशि और रिश्वत के रूप में कुछ भ्रष्ट लोकसेवकों तक भी पहुंचाया गया।

### यूएई से संचालित...

कई वर्ष पहले भारत छोड़कर पश्चिम एशिया के यूएई, दुबई शिफ्ट हो गए हैं। वहां से वे आज भी पूरे सट्टेबाजी नेटवर्क का संचालन कर रहे हैं और विभिन्न बेटिंग पैनलों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं।

### गौरेला-पेंड्रा-मरवाही...

कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। सुमित अग्रवाल को छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके कार्यभार संभालने के बाद रिमिजियुस एक्का को सुडा के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया जाएगा। हालांकि वे संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास के पद पर पहले की तरह बने रहेंगे। अनुपमा आनंद जो अभी सरायपाली (महासमुंद) में एसडीएम (राजस्व) हैं, उन्हें मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महासमुंद बनाया गया है।

### नशे में स्कूल...

स्कूल से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने सभी को हैरान कर दिया। इस स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठक हरिनंदन सिंह शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आने का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि प्रधान पाठक हरिनंदन सिंह 8 जुलाई को स्कूल समय में शराब के नशे में धुत होकर पहुंचे थे। प्रधान पाठक इस कदर नशे में थे कि वे ठीक से खड़े तक नहीं हो पा रहे थे और स्कूल गेट के बाहर ही जमीन पर गिरे हुए थे। प्रधान पाठक के नशे में धुत होकर पहुंचने के सूचना मिलने के बाद कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसका वीडियो बनाया। वायरल वीडियो में भी साफ तौर पर देखा जा सकता है कि प्रधान पाठक नशे में धुत है। इस घटना के सामने आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर सवाल खड़े हो गए है। एक तरफ शासन प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रयास कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर शिक्षक ही नशे में धुत होकर शासन के प्रयासों पर पलीता लगा रहे है।

### कांग्रेस के पूर्व...

प्रयास किया गया। जांच एजेंसी के आरोपों के अनुसार घोटाले की रकम से रामगोपाल के बेटे वैधव ने अकूत संपत्ति अर्जित की। इसके साथ ही उसके द्वारा जो संपत्तियां खरीदी गईं, उनका भुगतान कैश में किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार तत्कालीन कोषाध्यक्ष होने के कारण राजनीतिक वित्तीय गतिविधियों से वह सीधे तौर पर जुड़ा था।

**पार्टी के लिए फंडिंग करने का आरोप -**

राम गोपाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यरत था। इस पद के कारण वह पार्टी की वित्तीय गतिविधियों, राजनीतिक फंडिंग, चुनावी खर्चों और संगठनात्मक खर्चों से जुड़ा हुआ व्यक्ति था। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि कोल लेवी सिंडिकेट से प्राप्त अवैध नकद राशि का बड़ा हिस्सा राजनीतिक फंडिंग और पाटी गतिविधियों के नाम पर रायपुर स्थित कांग्रेस भवन तक पहुंचाया जाता था, जहां से उक्त राशि का नियंत्रण और उपयोग राम गोपाल अग्रवाल करता था।

### भारत को परमाणु...

पर भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त घोषणा, ऊर्जा संबंधों पर संयुक्त बयान और साइबर, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग के लिए एक खाका जारी किया। असैन्य परमाणु ऊर्जा से जुड़े समझौते के जरिए ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की वाणिज्यिक आपूर्ति का रास्ता खुलेगा। इससे भारत की परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को मदद मिलेगी। दोनों पक्षों ने प्रस्तावित व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते के साथ-साथ द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौते पर भी तेजी से काम करने का निर्णय लिया। मोदी ने मीडिया में जारी अपने बयान में कहा, आज हमने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम आपूर्ति का रास्ता खुलेगा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में हमारे लक्ष्यों को नयी गति मिलेगी। उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में हमारा सहयोग हमारी रणनीतिक सुरक्षा एवं स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने संबंधी बदलाव के लिए अहम है। इसी को ध्यान में रखते हुए आज हमने साइबर, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर ऑस्ट्रेलिया-भारत साझेदारी शुरू की है।मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष महत्वपूर्ण खनिज गलियारे पर भी मिलकर काम करेंगे।

प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का भी उल्लेख किया और स्वतंत्र एवं स्थिर हिंद-प्रशांत के महत्व पर जोर दिया। रक्षा संबंधों को मजबूत करने की ये नयी पहल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन द्वारा अपनी सैन्य ताकत दिखाए जाने को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच की गई हैं। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र केवल दो महासागरों का संगम नहीं है। यह भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे समान सोच वाले लोकतंत्रों की साझा आकांक्षाओं का भी प्रतीक है। मोदी ने कहा, आज हमने सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण संयुक्त घोषणा जारी की है। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा नवोन्मेष गलियारे के माध्यम से हम रक्षा स्टार्टअप और उद्योगों को जोड़ने के लिए काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया समुद्री सुरक्षा सहयोग खाका, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा प्रयासों को नयी गति देगा। उन्होंने कहा, हम पोत निर्माण, पोतों की मरम्मत और रखरखाव के क्षेत्र में भी साथ-साथ आगे बढ़ेंगे। मोदी ने यह भी कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का मानना है कि आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा, इसलिए आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई साझा है, हमारा संकल्प अडिग है और हमारा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। मोदी ने कहा, हम यह भी मानते हैं कि दुनिया के कई हिस्सों में जारी तनाव और संघर्षों का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से ही हो सकता है। हम मिलकर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, नौवहन की स्वतंत्रता तथा नियम-आधारित व्यवस्था को और मजबूत करेंगे। अल्बनीज ने अपने संबोधन में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के भारत के साथ संबंध आज जितने अहम हैं, उतने पहले कभी नहीं रहे।

### घुसपैठ रोकने शाह...

सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना, सीमावर्ती क्षेत्रों की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करना तथा कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के उपायों पर चर्चा करना रहा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब केंद्र सरकार अवैध घुसपैठ और अवैध प्रवासन के खिलाफ अभियान तेज कर रही है। सरकार का मानना है कि विशेष रूप से देश के पूर्वी अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती जिलों में संगठित तरीके से अवैध घुसपैठ और अवैध प्रवासन के माध्यम से जनसांख्यिकीय स्वरूप (डेमोग्राफिक प्रोफाइल) को प्रभावित करने की कोशिशें की गई हैं।

**सूत्रों के अनुसार बैठक में सीमा सुरक्षा, घुसपैठ, अवैध प्रवासन,-**

जनसांख्यिकीय परिवर्तन, ड्रोन के बढ़ते खतरे, सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी तथा इन चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उच्चस्तरीय बैठक का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केंद्र सरकार ने कुछ महीने पहले देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने और उनके कारणों की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। माना जा रहा है कि इस समिति के कार्यक्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर भी बैठक में विस्तार विचार-विमर्श हुआ।

**देश की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी-**

गृह मंत्रालय का मानना है कि सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण में भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया गया है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा तंत्र को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाया जा सके।

## 43 शिक्षकों से पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर 12 करोड़ की ठगी



**फरसगांव।** पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर कोंडागांव जिले के 43 शिक्षकों से 12 करोड़ की ठगी के मामले में तीन माह की जांच के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लोन सेंशन होने के बाद 60 प्रतिशत आरोपी अपने पास रख लेते थे। 40 प्रतिशत आवेदक को देते थे। कहते थे कि दो- तीन साल में एचआरए सहित लोन पट जाएगा। आरोपियों के भाग जाने के बाद शिक्षकों को ईएमआई पटाना पड़ रहा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि 150-200 लोगों से ठगी की गई है। लेकिन संकोच के कारण कई लोग सामने नहीं आ रहे हैं।

गुरुवार को फरसगांव थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने पूरे मामले का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने जिले के 43 शिक्षकों को झांसे में लेकर अलग-अलग बैंकों से मल्टीपल पर्सनल लोन स्वीकृत कराए और करीब 10 से 12 करोड़ रुपये की ठगी की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने फरसगांव, केशकाल, बड़ेडोंगर, धनोरा और विश्रामपुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षकों को यह विश्वास दिलाया कि वे कई बैंकों से एक साथ लोन दिलवाकर उसकी किस्तें स्वयं जमा करेंगे। लोन मिलने के बाद पीड़ितों को लगभग 40 प्रतिशत राशि देकर शेष 60 प्रतिशत रकम अपने और साथियों के खातों में ट्रांसफर करा ली जाती थी।

बाद में ईएमआई जमा नहीं होने पर शिक्षकों को ठगी का पता चला। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय एवं एसडीओपी केशकाल अरुण नेताम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। करीब तीन महीने तक बैंक खातों, लेन-देन, मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करने के बाद पुलिस ने अंबिकापुर, जशपुर और सारंगढ़ में दबिश देकर शिवशंकर दास, दिलीप कुमार सोनी, विरेन्द्र तिर्की, श्यामसुन्दर जांगड़े और अंशुमान सिंह को गिरफ्तार किया। इनमें एक आरोपी पहले से अंबिकापुर जेल में बंद था, जिसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
HMS शिव मस्सा नाशक
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-**पुस्तक प्रकाशन में टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। कंप्यूटर नॉलेज जरुरी। वेतन योग्यता अनुसार। अंग्रेजी वाले को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- Evincepub Publishing, शिवम काम्प्लेक्स, ITI कोनी, बिलासपुर 62607 11728, 9171810321 (41350)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में काम करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। पता शांति डेंटल केयर दयालबंद गुरु द्वारा के पास मेन रोड दयालबंद बिलासपुर सम्पर्क करें- 8109518000 (41377)

**आवश्यकता है-** कार ड्राइवर- 2 पद, ऑफिस बॉय- 1 पद की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार पता- हनुमान हार्डवेयर स्टोर, व्यापार विहार, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7879883245 (41375)

**आवश्यकता है-** रायपुर खम्हारडीह में घर की कार चलाने के लिए एक कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9579931943 (41378)

**आवश्यकता है-**काऊंटर मैनेजर (रेस्टोरेंट बिलिंग अनुभवी, स्वयं का वाहन एवं लाइसेंस अनिवार्य) अथवा कार ड्राइवर (10वर्ष अनुभवी, परिवार सहित रहने की सुविधा) एवं फ्रेशर लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7879121999 (41370)

**आवश्यकता है-** Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (41359)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में एक महिला घरेलू सहायिका एवं एक पुरुष सफाई कर्मी एवं ड्राइवर की आवश्यकता है (यदि कोई व्यक्ति रहना चाहते हो तो आवास सुविधा उपलब्ध है) सम्पर्क करें- 9479258223 (41376)

**आवश्यकता है-** क्लीनिक में काम करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। सैलरी 4000 से 5000 समय सुबह 10 से शाम 8बजे सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड, राजीव प्लाजा के पास बिलासपुर 9770410332 (41379)

**आवश्यकता है-**कार चलाने हेतु अनुभवी लाइसेंसी, जिम्मेदार ड्राइवर की आवश्यकता है। जिसे शहर के रास्तों की जानकारी हो। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- महेन्द्र जेम्स एण्ड ज्वेलर्स मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 917132 5702 (41362)

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य हेतु अनुभवी कार ड्राईवर की आवश्यकता है जिसे सभी प्रकार की गाड़ी चलानी आती हो। सम्पर्क करें 8839405065 (नया या फ्रेश लाइसेंस वाले सम्पर्क ना करें) (41353)

**आवश्यकता है-**सूर्या कम्प्यूटर एवं टाइपिंग सेन्टर वृन्दावन परिसर के बगल से शीघ्र ही ऑनलाईन फार्म एवं अंग्रेजी, हिन्दी कम्प्यूटर टाइपिंग के जानकार की आवश्यकता है। शीघ्र सम्पर्क करें- प्रो. श्रीमती सरला अग्रवाल नेहरू चौक के पास बिलासपुर 9303901066 (41361)

**आवश्यकता है-**टिकरापारा बिलासपुर के बॉयज हॉस्टल में कम्प्यूटर/ एकाउंट्स जानकार पुरुष वार्डन की आवश्यकता है उम्मीदवार नशा मुक्त होना अनिवार्य है। रहना+ खाना फ्री। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9303159900, 9630110824 (41369)

**आवश्यकता है-** बिलिंग क्लर्क, सामान निकालने स्टाफ, डिलीवरी पर्सनल, ई-रिक्शा ड्राइवर, सिविल इंजीनियर/डिप्लोमाधारी, पेमेन्ट कलेक्शन हेतु भरोसेमंद व्यक्ति (फ्रेशर/अनुभवी) चाहिए पता- नमन इंटरप्राइजेज एंड कंस्ट्रक्शन, त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार, बिलासपुर 7049063402, 81093 33081 (41355)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रहकर काम कर सके वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस+ प्रमोशन+ रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 87705 08791, 8982834337 (529)

**आवश्यकता है-**दुकान कार्य हेतु अनुभवी व्यवहार कुशल, ईमानदार लड़कों एवं 2-3 वर्ष कम्प्यूटर जानकार एकाउंटेंट युवक चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- मनोज गुप्ता, खोवा मण्डी गोल बाजार बिलासपुर 9340235239, 7747012196 (41367)

**आवश्यकता है-**फुटवियर शॉप में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की तत्काल आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अतिशीघ्र सम्पर्क करें- चार्ली शूज मिशन हॉस्पिटल रोड बिलासपुर 9770899991, 7389199138 (41365)

**आवश्यकता है-**थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन, दुकान में माल निकालने, पैकिंग हेतु लड़के चाहिए बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जयदेव मेडिकल एजेन्सी, अयप्पा मन्दिर रोड, भारतीय नगर बिलासपुर 9993303951 (41371)

**आवश्यकता है-**ब्यूटी पार्लर में काम करने के लिए अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अतिशीघ्र सम्पर्क करें- 9179034243 (41363)

**आवश्यकता है-** मोबाइल शॉप में काम करने हेतु लड़के की आवश्यकता है, सैलरी 7500 से 8500 सम्पर्क करें- श्रीश्याम कम्युनिकेशन (सैमसंग स्टोर) जायका रेस्टोरेन्ट के पास, मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 7000175787, 95848 44447 (41354)

**आवश्यकता है-**होटल में काम करने हेतु अनुभवी फ्रंट ऑफिस मैनेजर एवं हाउस कीपिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9329423630, 62621 21414 (41368)

**आवश्यकता है-** आरोग्य अमृततुल्य (Aarogya Amruttulya) चाय की दुकान में ऊर्जावान मेहनती लड़के/ लड़की की आवश्यकता है (कार्य- काउंटर संभालना, किचन के कार्य) पता- आरोग्य अमृततुल्य, मुंगेली नाका ग्राउऊ, मंगला, बिलासपुर 7089572509 (41356)

**आवश्यकता है-** अग्रणी जीवन बीमा कंपनी में आकर्षक कमिशन पर अभिकर्ताओं एजेंट की आवश्यकता है 10 वी, 12वीं, स्नातक महिला, पुरूष, पार्टटाईम, फुलटाईम महिलाओं के लिए विशेष मानदेय संपर्क करें 7389486395 (41351)

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन साईट में काम करने हेतु अनुभवी सुपरवाइजर एवं ऑफिस में पेपर वर्क करने हेतु लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन अग्रसेन चौक बिलासपुर 9827849000 (41357)

**आवश्यकता है-**अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) फील्ड वर्क, OT टेक्नीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधी पारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (41346)

**आवश्यकता है-** दुकान में कंप्यूटर ऑपरेटर जो टैली में कम से कम 3 वर्ष का अनुभवी हो की। साक्षात्कार हेतु स्वयं आकर मिले। सम्पर्क करें- राधेश्याम स्टेशनरी सरजु बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर (41358)

**आवश्यकता है-**(1) ट्रान्सपोर्ट मैनेजर (जो सभी गाड़ियों का पूर्ण मैनेजमेंट करे) (2) मेन्टेन्स सुपरवाइजर (जो ट्रकों के पूर्ण रखरखाव का अनुभवी हो) (3) ट्रक ड्राइवर (जो ट्रेलर 14 चक्का गाड़ियां चलाने का कम से कम 5वर्ष का अनुभव हो) सम्पर्क करें- विशाल मोटर्स 7000470116 7974174906 (41360)

**आवश्यकता है-**रायपुर सिविल लाइन्स स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है अनुभव कम से कम 5वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर सम्पर्क करें-91099 72720, 9109125252 (044)

**आवश्यकता है-**तत्काल भर्ती सुरक्षागार्ड 25, ड्राइवर 10, फिल्ड ऑफिसर 10 बाइक अनिवार्य, वेतन- 11000 से 18000+ रहना फ्री, साईट बिलासपुर, भूपदेवपुर पता- शॉप नं.-210 फर्स्ट फ्लोर बालाजी प्लाजा 8461881110, 9111000881, 88898 23100 (41295)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित दवाई दुकान में काम करने हेतु पुरुष फार्मासिस्ट/ नान फार्मासिस्ट कर्मचारियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8959828335 (41352)

**आवश्यकता है-**ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन 8000/- कार्य समय 10 से 8 पता- पाहवा इंटरप्राइजेज, गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 81091 67000 (41348)

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर ई रिक्शा ड्राइवर, और ऑफिस वर्क के लिए युवती की आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें- पीआरके एडवरटाइजिंग अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177 (41345)

## बेचना

**बेचना है-** प्लाट बेचना है मेन एनटीपीसी सीपत रोड में मोपका मेन रोड में 70×169= 11830 वर्गफीट कमर्शियल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9202479945 7828539364 (41374)

**बेचना है-**रायपुर रोड छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के सामने एयरपोर्ट रोड पर 50×200= 10000वर्गफिट व्यावसायिक डायवर्टेड बाऊन्ड्रीवाल किया हुआ प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9340685602 (41330)

**बेचना है-** प्लाट बेचना है शहर के मध्य प्राइम लोकेशन में तैबा चौक के पास 20×50 एवं 23×48 के डायवर्टेड प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 9827662992, 98261 24264 (41373)

Advertisement Booking Time 10.30 AM To 4.00 PM

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाउस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# यूरोप का दबदबा, 6 टीम अंतिम 8 में, पहली बार ब्राजील-जर्मनी बाहर

पहली बार 48 टीम की भागीदारी में हो रहे विश्व कप में अब आखिरी आठ टीम बची हैं जो 19 जुलाई को फाइनल तक पहुंचने के लिये जोर आजमाइश करेंगी लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब क्वार्टर फाइनल में ब्राजील और जर्मनी दोनों नहीं हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सत्रह में से दस विश्व कप में ब्राजील और जर्मनी दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। जर्मनी 1938, 1950, 2018 और 2022 में अंतिम आठ में नहीं था जबकि ब्राजील 1934, 1966 और 1990 में नहीं पहुंच सका था लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों दिग्गज एक साथ अंतिम आठ से गायब हों।

ब्राजील को अंतिम 16 के दौर में नॉर्वे ने और जर्मनी को अंतिम 32 में पराग्वे ने हराया। विश्व कप 1930, 1950, 1974, 1978 और 1982 में क्वार्टर फाइनल नहीं हुए थे ।

## आठ में से चार टीम ने नहीं जीता है खिताब




इस विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीम में से चार पहले भी खिताब जीत चुकी हैं जिनमें अर्जेंटीना ने तीन, फ्रांस ने दो, इंग्लैंड और स्पेन ने एक एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। बेल्जियम और मोरक्को कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं गए। वहीं स्विटजरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और नॉर्वे इससे पहले अंतिम 16 से आगे नहीं गया था। यानी 2010 में स्पेन के बाद पहली बार कोई नया चैम्पियन मिल सकता है।

## स्पेन ने अभी तक नहीं गंवाया एक भी गोल

इस बार विश्व कप में स्पेन एकमात्र टीम है जिसका डिफेंस अभेद रहा है और उसने एक भी गोल नहीं गंवाया। गोलकीपर उनाइ सिमोन ने विश्व कप में 600 मिनट से अधिक समय मैदान पर रहकर गोल नहीं गंवाने का रिकॉर्ड बनाया है। ग्रुप चरण में केप वर्दे ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। स्पेन ने सउदी अरब को 4-0 और उरूग्वे को 1-0 से हराया। अंतिम 32 में आस्ट्रिया को 3- 0 से और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। इससे पहले 1990 में इटली की टीम एक भी गोल गंवाये बिना सेमीफाइनल तक पहुंची थी।




## फ्रांस ने निर्धारित समय में ही जीते सारे मैच

खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट के भीतर ही जीते हैं। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना ने भी पांचों मैच जीते हैं लेकिन केप वर्दे के खिलाफ अंतिम 32 का उसका मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंचा था जिसमें उसने 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन और इंग्लैंड ने चार मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। नॉर्वे ने चार मैच जीते लेकिन फ्रांस ने उसे हराया था। बेल्जियम, मोरक्को और स्विटजरलैंड ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ खेले।



## यूरोप के साथ अफ्रीका और अमेरिका की एक-एक टीम

क्वार्टर फाइनल में इस बार यूरोप की छह टीम हैं जबकि चार साल पहले कतर में पांच यूरोपीय टीम अंतिम आठ में थीं। इसके अलावा अफ्रीका की एक (मोरक्को) और दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना ) की एक टीम है। मोरक्को कतर में 2022 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम थी । वह लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भी अफ्रीका की पहली टीम बन गई है ।

## आज से शुरू होंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

*बोस्टन। फीफा विश्व कप 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले संपन्न हो चुके हैं और अब क्वार्टर फाइनल के लिए आखिरी 8 टीमें खिताब की दौड़ में बची हुई है। गत विजेता अर्जेंटीना और खिताब की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीमें भी अपने-अपने मैचों के लिए तैयार हैं। इस बीच क्वार्टर फाइनल की सभी टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।*



### ऐसा है क्वार्टर फाइनल मैच का शेड्यूल

**पहला क्वार्टर फाइनल**
10 जुलाई को बोस्टन में फ्रांस और मोरक्को के बीच होगा (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे)।
**दूसरा क्वार्टर फाइनल**
11 जुलाई को लॉस एंजिल्स में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।
**तीसरा क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को मियामी में इंग्लैंड का सामना नॉर्वे (भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे) से होगा।
**चौथे क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को कैनसस सिटी में अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से (भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे) होना है।

### 14 से खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल 14 और 15 जुलाई को अर्लिंग्टन और अटलांटा में होंगे। ये दोनों मैच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ 19 जुलाई को मियामी में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे से होगा।

### फाइनल 20 को

फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

### ऐसे रहे राउंड ऑफ-16 के परिणाम

अर्जेंटीना ने 0-2 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए मिस्र को 3-2 से हराया। पांच बार के चैंपियन ब्राजील को नॉर्वे ने एक बड़े उलटफेर में बाहर कर दिया। फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया था। इंग्लैंड ने मेक्सिको को 3-2 से हराया जबकि स्पेन ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-0 से बाहर कर दिया। बेल्जियम ने सह-मेजबान यूएसए को 4-1 बाहर कर दिया, और स्विट्जरलैंड क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली 8वीं और आखिरी टीम थी।

## मैक्सिको-इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क।** फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इसने 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका-बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।



## विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना शकीरा, बीटीएस व जस्टिन बीबर होंगे शामिल

**न्यूयॉर्क।** जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10



करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, /"फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### मैक्सिको फुटबॉल टीम के कोच बने मारकेज

**मैक्सिको सिटी।** रफेल मारकेज को विश्व कप 2030 के लिये मैक्सिको फुटबॉल टीम का कोच बनाया गया है। मैक्सिको फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को इसकी घोषणा की कि बार्सीलोना के पूर्व स्टार जेवियर एगिरे की जगह मुख्य कोच बनेंगे। अगस्त 2024 से मारकेज टीम में एगिरे के सहायक थे। मैक्सिको की टीम इंग्लैंड से अंतिम 16 के दौर में हारकर विश्व कप से बाहर हो गई थी। एगिरे ने बतौर खिलाड़ी पांच विश्व कप खेले, 1999 कांफेडरेशन कप जीता और 2003 तथा 2011 में गोल्ड कप खिताब भी अपने नाम किये। मैक्सिको की टीम को अभी कोई मैच नहीं खेलना है लिहाजा मारकेज का पदार्पण सितंबर अक्टूबर में फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान होगा।

## वाइल्ड कार्डधारी ब्रिटिश खिलाड़ी फेरी विम्बलडन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी आर्थर फेरी ने विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 23 वर्ष के फेरी ने नौवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6, 6-0 से हराया। इससे पहले पुरूष एकल वर्ग में वाइल्ड कार्ड के जरिये सेमीफाइनल तक पहुंचने का कमाल गोरान इवानीसेविच ने 2001 में किया था। यह मुकाबला देखने के लिये रॉयल बॉक्स में ब्रिटेन की महारानी कैमिला भी मौजूद थी। पहला सेट जीतने के बाद दर्शकों ने खड़े होकर फेरी का अभिवादन किया। उन्होंने टाइब्रेकर में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे कोर्ट पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया और अब वह फेरी से सेमीफाइनल में खेलेंगे।

### मार्ता ने जैसमीन को हराया

*महिला वर्ग में मार्ता कोस्तियुक ने जैसमीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब वह लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कोको गाफ का सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा।*

## ईस्पोटर्स विश्व कप पेरिस में शुरू

### आयोजन 23 अगस्त तक

**पेरिस।** दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोटर्स गेमिंग टूर्नामेंट का पहला सत्र ईस्पोटर्स विश्व कप बृहस्पतिवार को पेरिस एक्स्पो पोर्टे डे वर्सेलेस में शुरू हो गया। 23 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में 2000 से अधिक एलीट खिलाड़ी, 100 से अधिक देशों के 200 शीर्ष ईस्पोटर्स क्लब दुनिया के सबसे लोकप्रिय 24 खेलों के 25 टूर्नामेंटों में भाग लेंगे जिसकी ईनामी राशि रिकॉर्ड 716 करोड़ रूपये होगी।इस टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन का कार्यक्रम इतिहास में सबसे बड़ा है जिसमें 15 लाख से ज्यादा खिलाड़ी दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोट्र्स मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए 330 टूर्नामेंट, पब्लिशर लीग और बड़े अंतरराष्ट्रीय सर्किट में हिस्सा ले रहे हैं।

## सौरव गांगुली को कल मिलेगा आईसीसी का बड़ा सम्मान, हॉल ऑफ फेम में होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा।

गांगुली यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। आईसीसी हर साल क्रिकेट इतिहास के महान खिलाड़ियों को इस सम्मानित सूची में शामिल करती है। 11 जुलाई को गांगुली को इस बड़ी उपलब्धि से नवाजा जाएगा।



### इन खिलाड़ियों को मिला चुका है यह सम्मान

गांगुली से पहले भारत के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी इस सूची में शामिल किया जा चुका है। भारत की ओर से नीतू डेविड, वीरेंद्र सहवाग, डियान एडुल्जी, विनोद मांकड़, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, महेंद्र सिंह धोनी और सुनील गावस्कर यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। गावस्कर और बिशन सिंह भारत की ओर से आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्हें यह सम्मान 2009 में मिला था। गांगुली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 421 मुकाबलों की 485 पारियों में 18,433 रन निकले हैं।

## बटलर टी-20 में विकेट के पीछे पांच कैच लपकने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इस मुकाबले में विकेट के पीछे 5 कैच लपके। इसके साथ ही वह एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विकेट के पीछे 5 कैच लपकने वाले पहले इंग्लिश विकेटकीपर बन गए। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के ही पूर्व विकेटकीपर मैट प्रायर (4 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2007) को पीछे छोड़ दिया।

### बटलर ने वैभव-अक्षर सहित इन्हें भेजा पैवेलियन

इस मैच में बटलर ने वैभव सूर्यवंशी, अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह के कैच लपककर उन्हें पवेलियन लौटाने में सहयोग किया। इसकी बदौलत इंग्लैंड ने 202 रन रन का लक्ष्य लेकर उतरी भारतीय टीम को 11.4 ओवर में मात्र 76 रनों पर ऑल आउट कर दिया। बटलर अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में संयुक्त दूसरे सर्वाधिक कैच लेने वाले

## होप संभालेंगे वेस्टइंडीज की कमान, 12 से वनडे सीरीज

**गयाना।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली जाने वाली 5 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के शुरुआती 3 मैचों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। इसमें 19 साल के कलाई के स्पिनर विटेल लावेस को पहली बार टीम में मौका दिया गया है। लावेस ने अब तक घेरलू क्रिकेट में भी डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट झटके थे। सीडब्ल्यूआई ने इस सीरीज के अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनने का प्रयास किया है। इसकी कमान शाई होप को सौंपी गई है। शिमरोन हेटमायर को टीम में नहीं चुना गया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**एसटीबीए की नियुक्ति हेतु निविदा सूचना**

**अधिसूचना क्रमांकः कॉम/कांट्र/एसटीबीए (एनएसजी-4, एनएसजी-5 एवं एनएसजी-6)/26, दिनांक 07.07.2026.**
**कार्य का नामः** बिलासपुर मंडल के एक (01) "एनएसजी–4" श्रेणी रेलवे स्टेशनो में एक वर्ष की अवधि के लिए और तीन (03) "एनएसजी–5" एवं अठारह (18) "एनएसजी–6" श्रेणी रेलवे स्टेशनो में तीन वर्ष की अवधि के लिए एसटीबीए की नियुक्ति हेतु निविदा। **स्टेशन का नामः** एनएसजी "4"- शहडोल। एनएसजी "5"- जयरामनगर, बिश्रामपुर, जांजगीर–नैला। एनएसजी "6"- दघोरा, बोरीडांड, लोरहा, मुदरिया, सिंगपुर, विलायतकलां रोड, पाराडोल, दर्रीटोला, मौहारी, चूल्हा, हिमगिर, गतोरा, घुटकु, बेलपहाड़, सारबहरा, बंधवाबारा, रुपोंद और वेंकट नगर। **अनुबंध की अवधिः** एनएसजी "4"- एक वर्ष। एनएसजी "5"- तीन वर्ष। एनएसजी "6"- तीन वर्ष। **अमानत राशिः** एनएसजी "4"- ₹ 10,000/- एनएसजी "5"- ₹ 5,000/-. एनएसजी "6"- ₹ 2,000/-. **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** निः शुल्क।

**निविदा प्रारंभ की तिथिः 10.07.2026. निविदा प्रपत्रों के जमा करने की तिथि व समयः 31.07.2026 के 11:00 बजे से 15.30 बजे तक। निविदाएं खोलने के लिए तिथि व समयः 31.07.2026 के 16:00 बजे।**

**नोटः** यदि, अंतिम तिथि एक सरकारी छुट्टी या घोषित छुट्टी किसी भी कारण के लिए होती है तो, निविदाओं को अगले कार्य दिवस पर खोला जाएगा।

निविदा दस्तावेज, पात्रता का मापदंड तथा विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संबंधित स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय और **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर** कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क करें एवं निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.secr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/ देख सकते है।

*वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/ बिलासपुर*
सीपीआर/10/276
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**सिग्नलिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

**निविदा संख्याः771-बोरीडांड-उदलकछार-नागपुर रोड - दर्रीटोला, दिनांकः 04.07.2026.**
**कार्य का नामः** एसईसी रेलवे के बोरीडांड – बैकुण्ठपुर रोड दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत बोरीडांड, उदलकछार, नागपुर रोड, दर्रीटोला एवं नागर स्टेशनों पर नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग हेतु सभी प्रकार के इंडोर कार्यों का निष्पादन तथा बोरीडांड – बैकुण्ठपुर रोड खंड में डक्ट के माध्यम से किए जाने वाले सिग्नल एवं दूरसंचार संबंधी आउटडोर कार्यों एवं चरणबद्ध कमीशनिंग से संबंधित समस्त सिग्नल एवं दूरसंचार कार्यों का निष्पादन करना है। **निविदा मूल्यः** ₹ 32,37,46,500.30 (₹ बत्तीस करोड़ सइतीस लाख छियालीस हजार पाँच सौ एवं तीस पैसे मात्र)। **अमानत राशिः** ₹ 64,74,900/- (₹ चौसठ लाख चौहतर हजार नौ सौ मात्र)।

**निविदा बंद होने की तिथिः 27.07.2026 को 16:00 बजे।**

निविदा दस्तावेज, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी हेतु, **मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर** के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/ देख सकते है।

*उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर (निर्माण), द.पू.म.रे.*
सीपीआर/10/274 अंबिकापुर@बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

भारत व इंग्लैंड के बीच पहला महिला टेस्ट क्रिकेट आज से

## 142 साल में पहली बार लाड्र्स स्टेडियम में होगा महिला टेस्ट क्रिकेट

एजेंसी ▶▶| लाड्र्स

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बीच आज 10 जुलाई शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला टेस्ट मुकाबला ऐतिहासिक होगा। यह लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट मैच है।

पुरुषों के पहले टेस्ट के 142 साल बाद इस मैदान पर महिला क्रिकेट को जगह मिलेगी। इंग्लैंड ने 1937 से अब तक 19 मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं और लॉड्र्स उसका 20वां टेस्ट स्थल होगा। टीम ने आखिरी घरेलू टेस्ट 2023 में खेला था।



### हाल के दिनों में टेस्ट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम ने इस साल सिर्फ एक मुकाबला खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वाका में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में टीम को 10 विकेट से हार मिली थी। यह साल 2006 के बाद 10 टेस्ट में उसकी पहली हार थी। भारत ने 2025 में कोई टेस्ट नहीं खेला था, जबकि 2024 में सिर्फ एक मुकाबला खेला था। वहीं, इंग्लैंड ने अपना पिछला टेस्ट जनवरी 2025 में खेला था, जिसमें उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली थी।

### पुरुषों के टेस्ट से अलग होता है महिला टेस्ट मैच

महिलाओं का टेस्ट मैच 4 दिन का होता है, जबकि पुरुषों का टेस्ट 5 दिन का होता है। इसमें एक दिन में कम से कम 100 ओवर फेंकना अनिवार्य है। वहीं, फॉलोऑन के लिए 200 की जगह 150 रन की बढ़त जरूरी होती है। अब तक सिर्फ 2 महिला टेस्ट मुकाबले 5 दिन तक चले हैं। 2023 एशेज में ट्रेंट ब्रिज पर खेला गया टेस्ट आखिरी 5 दिवसीय मुकाबला हुआ था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन से जीता था।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: एसआरसी-सी-ओबीएचएस-जीआर2-100726, दिनांक 06.07.2026;** भारत के राष्ट्रपति के माध्यम से कार्यरत सीनि. सीडीओ, सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पात्र निविदादाताओं से इसके लिए नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करने का अनुरोध किया जाता है। कोई भी ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए कृपया दस्तावेज सेक्शन में अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज देखें। **कार्य का नामः** सांतरागाछी की ट्रेनों के लिए 03 वर्षों की अवधि हेतु ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सेवा तथा लीनेन वितरण (ग्रुप 2)। **निविदा मूल्यः** रु. 80,14,83,583.13 मात्र (सभी शुल्कों सहित); **ईएमडीः** रु. 41,57,400 मात्र। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 25,000/- मात्र (अप्रतिदेय)। **निविदा बंद होने की तारीखः** 03.08.2026 को 11.30 बजे। **(PR-445)**





# वो गांव, जहां नहीं है एक भी सड़क, घर की छत पर ही चलते हैं लोग

**तेहरान।** दुनिया में कई अनोखे गांव हैं, लेकिन ईरान का मसुलेह गांव शायद सबसे अलग और आकर्षक है। इस गांव की खासियत ये है कि यहां एक भी सड़क नहीं है। ना यहां कार चलती है और ना ही बाइक दिखाई देती है। लोग घरों की छतों पर चलकर एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। यही छतें उनके लिए सड़क, बाजार और सामाजिक केंद्र का काम करती हैं।

मसुलेह गांव ईरान के उत्तर में शोमाल क्षेत्र के गिलान प्रांत में स्थित है। यह गांव पहाड़ी ढलान पर बना हुआ है। घर एक-दूसरे के ऊपर इस तरह बने हैं कि नीचे वाले घर की छत, ऊपर वाले घर के लिए आंगन या रास्ता बन जाती है। इस अनोखी वास्तुकला की वजह से गांव को 'छतों का गांव' भी कहा जाता है। पर्यटकों के लिए यह जगह स्वर्ग जैसी है। घने जंगल, ऊंचे पहाड़, कोहरा और पुरानी इमारतें मिलकर यहां का माहौल जादुई बना देते हैं। लोग यहां की छतों पर घूमते हैं, लोकल हैंडीक्राफ्ट की दुकानों पर सामान खरीदते हैं और पारंपरिक ईरानी चाय का मजा लेते हैं। दुकानें, कैफे और छोटे-छोटे रेस्टोरेंट भी छतों पर ही चलते हैं।

### सदियों पुराना है इतिहास

मसुलेह की स्थापना सदियों पुरानी मानी जाती है। यहां के लोग सदियों से इसी ढंग से रह रहे हैं। घर पत्थर और मिट्टी से बने हैं जो ठंड और बारिश दोनों से सुरक्षा देते हैं। गांव पूरी तरह पैदल यातायात पर आधारित है। कोई वाहन नहीं घुस पाता, क्योंकि यहां रास्ते ही नहीं हैं। पर्यटक बताते हैं कि यहां घूमना बिल्कुल फेयरीटेल जैसा लगता है। सुबह कोहरा छा जाता है तो ऐसा लगता है जैसे बादलों में चल रहे हों. शाम को सूरज ढलते समय पूरे गांव पर सुनहरा रंग छा जाता है। फोटोग्राफर्स के लिए यह जगह स्वर्ग है। ईरान सरकार ने मसुलेह को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया है। यहां पर्यटन बढ़ाने के लिए सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।



### शोर-शराबा से दूर

मसुलेह की सबसे खास बात यह है कि यहां का जीवन पूरी तरह प्रकृति के साथ सामंजस्य में है। यहां ना तो बड़े निर्माण हो रहे हैं और ना ही आधुनिक सड़कों का जाल बिछाया गया है। लोग अभी भी पारंपरिक तरीके से रहते हैं। महिलाएं लोकल क्राफ्ट बनाती हैं, पुरुष कृषि और पर्यटन से जुड़े काम करते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों से लोग खासतौर पर मसुलेह घूमने आते हैं। कुछ इसे 'छतों का गांव' तो कुछ 'बादलों का गांव' कहते हैं। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो और फोटो वायरल होने के बाद पर्यटकों की संख्या और बढ़ गई है। भारतीय पर्यटकों के लिए भी मसुलेह एक अनोखा अनुभव है।

## रोचक खबरें

## अमेरिका में भारी बारिश के बाद भी सड़कों पर नहीं भरता पानी

**शिकोगो।** बारिश होते ही भारत के कई शहरों में घंटों तक जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। जिसके चलते सड़कों, गलियों और निचले इलाकों में पानी जमा हो जाता है और लंबे समय तक नहीं निकल पाता। सोशल मीडिया पर शिकागो में रहने वाली एक भारतीय महिला का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें महिला ने अमेरिका में बारिश के कुछ मिनट बाद का एक वीडियो शेयर कर वहां के ड्रेनेज सिस्टम के बारे में बताया है कि कैसे अमेरिका में तेज बारिश के कुछ मिनट बाद ही सड़कें सूख जाती हैं, आखिर ऐसा कैसे होता है? शिकागो में रहने वाली एक भारतीय महिला गुंजन देवड़ा ने वीडियो के जरिए वहां के ड्रेनेज सिस्टम के बारे में जो बताया है, उसे देख आप भी हैरान रह जाएंगे। वीडियो में गुंजन बताती हैं कि, अमेरिका की ज्यादातर सड़कें हल्की ढलान के साथ बनाई जाती हैं। इसी वजह से बारिश का पानी सड़क पर जमा होने के बजाय खुद ही किनारे की ओर बहने लगता है।



## २० हजार साल पुराने जीवाश्म में मिली ये अनोखी चीज

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों की खोज ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। एक शोध में खुलासा हुआ है कि प्राचीन काल में मधुमक्खियां जानवरों की हड्डियों के भीतर घोंसले बनाती थीं। रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस पत्रिका में यह शोध प्रकाशित किया गया है। यह खुलासा वर्ष 2025 में प्रकाशित एक शोध में हुआ है। शोधकर्ताओं ने कैरिबियाई द्वीप हिस्पानियोला (हैती और डोमिनिकन गणराज्य) की एक चूना-पत्थर की गुफा से एक जीवाश्म खोजा था, जो 20 हजार साल पुराना था। वैज्ञानिकों को इस जीवाश्म के जबड़े के हड्डियों के भीतर मधुमक्खियों के घोंसले बनाने के प्रमाण मिले हैं। इन जबड़ों के खाली दांतों के गड्ढों में मधुमक्खियों के बनाए गए घोंसलों के स्पष्ट निशान मिले हैं। इस शोध के प्रमुख लेखक और शिकागो स्थित फील्ड म्यूजियम के शोधकर्ता लाजारो विन्योला लोपेज ने बताया कि जीवाश्मों की जांच की गई। इस दौरान कई जबड़ों के दांतों की खाली कोटरों में असामान्य, चिकनी और कटोरी जैसी सतह देखी गई। जांच की गई, तो पता चला कि यह सामान्य मिट्टी के जमाव नहीं थे, बल्कि एकाकी (सोलिटरी) मधुमक्खियों द्वारा बनाए गए घोंसले थे।



## बारिश में इस पेड़ के नीचे खड़े होने पर जा सकती है जान!

**न्यूयार्क।** दुनिया में कई तरह के पेड़ पौधे पाए जाते हैं, जिनमें कई अजीबोगरीब होतें और कुछ बेहद खतरनाक होते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही पेड़ के बारे में बताएंगे। इस पेड़ का नाम मैनशिनील है, जिसे ट्री ऑफ डेथ (मौत का पेड़ कहा जाता है। यह पेड़ समुद्री किनारों पर मिलता है और देखने में सामान्य लगता है। लेकिन, यह बेहद खतरनाक होता है। देखने में कुछ सामान्य पेड़ लोगों के लिए खतरनाक होते हैं और नुकसान पहुंचा सकते हैं। समुद्री तटों से लेकर घने जंगलों तक कुछ ऐसे पौधे हैं, जो अपने आप को जीवित रखने के लिए खास तरह की क्षमता विकसित कर लेते हैं। इसलिए, इन पौधों के पास जाते समय उत्सुकता के साथ सावधानी भी जरूरी बरतनी जरूरी होती है। खतरनाक पौधों में शामिल मैनशिनील को जहरीली प्रकृति की वजह से ट्री ऑफ डेथ कहा जाता है। इसका नाम स्पेनिश शब्द मंजानिला से आया है। इसका मतलब है कि छोटा सेब, क्योंकि इसके फल छोटे सेब की तरह दिखाई देते हैं। इस छोटे से फल के अंदर जानलेवा रहस्य छिपा है।



# अंतरिक्ष से एस्ट्रोनॉट्स की सुरक्षित वापसी का रास्ता साफ! सफल हुआ ये टेस्ट

नई दिल्ली। भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान मिशन को लेकर जोरों पर तैयारियां चल रही है। इसी क्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो को बड़ी कामयाबी मिली है। इसरो ने अंतरिक्ष यात्रियों यानी एस्ट्रोनॉट्स को सुरक्षित धरती पर वापस लाने के क्रम में एक बड़ी सफलता हासिल की है। इसरो ने अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े सबसे जरूरी पैराशूट सिस्टम का सफल टेस्ट इंटीग्रेटेड मेन पैराशूट एयरड्रॉप टेस्ट-05 सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो ने गगनयान क्रू कैप्सूल के पैराशूट सिस्टम का एक बहुत ही जरूरी टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

### क्यों खास है यह पैराशूट सिस्टम?

गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के लिए यह पैराशूट सिस्टम सबसे जरूरी फीचर्स में से एक है। जब क्रू मॉड्यूल अंतरिक्ष से वापस लौटते समय पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेंगे, तो उसकी रफ्तार बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। इसी स्पीड को कंट्रोल करने और सेफ लैंडिंग स्पीड तक लाने के लिए पैराशूट्स की एक पूरी सीरीज को बहुत ही सटीक तरीके से का करना होगा।

### गगनयान मिशन से पहले इसरो की बड़ी कामयाबी



### कैसे हुआ यह टेस्ट?

इस टेस्ट के लिए इंजीनियर्स ने भारतीय वायु सेना के आईएल-76 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का प्रयोग किया। इस विमान की सहायता से 2.5 किलोमीटर की ऊंचाई से एक डमी वजन के साथ मेन पैराशूट असेंबली को नीचे गिराया गया। टेस्ट की शुरुआत में एक एक्सट्रैक्टर पैराशूट ने पेलोड को स्थिर करने के लिए एक ड्रोग पैराशूट को खोला। जैसे ही जरूरी फ्लाइट कंडीशंस हासिल हुईं, मेन पैराशूट सफलतापूर्वक खुल गया और उसने पेलोड की स्पीड को पूरी तरह सुरक्षित सीमा तक कंट्रोल किया।

### मिशन जी1 के लिए बड़ी कामयाबी

इसरो के अनुसार, इस टेस्ट का उद्देश्य मेन पैराशूट की मजबूती और डिजाइन की क्षमताओं को उस अधिकतम लोड पर टेस्ट करना था, जो पहले अनक्रूड यानी बिना इंसानों वाले गगनयान जी1 मिशन के दौरान आ सकता है। क्वालिफिकेशन कैंपेन के तहत यह पांचवां इंटीग्रेटेड मेन पैराशूट एयरड्रॉप टेस्ट था। इसरो ने कहा कि इस सफल ट्रायल से जी1 मिशन से पहले मेन पैराशूट सिस्टम की परफॉर्मेंस और इसकी विश्वसनीयता पर भरोसा काफी बढ़ गया है।

### 10 पैराशूट्स का खास जाल

गगनयान क्रू मॉड्यूल को धीमा करने के लिए कुल 4 अलग-अलग तरह के 10 पैराशूट्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका पूरा सीक्वेंस कुछ इस तरह काम करेगा-

**अपेक्स कवर सेपरेशन पैराशूट**

सबसे पहले ये दो पैराशूट खुलेंगे, जो पैराशूट कंपार्टमेंट के ऊपर लगे सेफ्टी कवर को हटाएंगे।

**ड्रोग पैराशूट**

इसके तुरंत बाद ये दो पैराशूट खुलेंगे, जो कैप्सूल की रफ्तार को कम करेंगे और उसे हवा में स्थिर रखेंगे।

**पायलट पैराशूट**

मॉड्यूल के स्थिर होने के बाद, ये तीन पायलट पैराशूट बाहर निकलेंगे।

**मेन पैराशूट**

ये पायलट पैराशूट ही आखिर में तीन बड़े मेन पैराशूट को खींचकर खोलेंगे।

## पर्यावरण बचाने की अनोखी पहल

# सुपरमार्केट ने बैन किया प्लास्टिक केले के पत्तों में डिलीवर हो रहा सामान

**बैंकाक।** दुनिया भर में प्लास्टिक प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन चुका है। हर साल लाखों टन प्लास्टिक समुद्रों, नदियों और जमीन को प्रदूषित कर रहा है। ऐसे में थाईलैंड के सुपरमार्केट ने एक सरल लेकिन प्रभावी कदम उठाया है, जो पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने प्लास्टिक पैकेजिंग पर रोक लगाते हुए केले के पत्तों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। अब फल, सब्जियां और अन्य सामान केले के पत्तों में लपेटकर ग्राहकों को दिया जा रहा है।

**लोगों को पसंद आ रहा ये सिंपल सा बदलाव**

थाईलैंड के कई सुपरमार्केट चेन ने प्लास्टिक बैग और रैप की जगह केले के पत्तों को अपनाया है। केले के पत्ते बड़े, मजबूत और प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होते हैं।



### क्यों सफल हो रही यह पहल?

केले के पत्ते थाईलैंड में आसानी से उपलब्ध हैं। केला वहां की प्रमुख फसल है। फल तोड़ने के बाद पौधे की पत्तियां और तने बेकार हो जाते हैं। इन्हें पैकेजिंग में इस्तेमाल करके कृषि अपशिष्ट को उपयोगी बनाया जा रहा है। इससे ना सिर्फ प्लास्टिक का उपयोग कम हुआ है, बल्कि किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत भी मिल रहा है। लोगों की प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक है। कई ग्राहक कह रहे हैं कि यह तरीका ना सिर्फ पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि सामान ताजा भी रहता है।

### दुनिया भर में प्रेरणा

यह पहल विश्व स्तर पर चर्चा में है। कई देशों के पर्यावरण कार्यकर्ता इसे मिसाल बता रहे हैं। भारत में भी कुछ जगहों पर केले के पत्तों में खाना परोसने की परंपरा है। अगर सुपरमार्केट और किराना दुकानें इसे अपनाएं तो प्लास्टिक कम करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, इसमें चुनौतियां भी हैं। हर अच्छी पहल के साथ कुछ चुनौतियां भी होती हैं। केले के पत्ते प्लास्टिक जितने टिकाऊ नहीं होते। भारी सामान या लंबी दूरी की डिलीवरी में समस्या हो सकती है।

## 8 महीने पानी में डूबा रहता है ये शिव मंदिर साल में सिर्फ चार महीने होते हैं दर्शन

**अमरावती।** कृष्णा नदी के बैकवाटर में 8 महीने तक पूरी तरह जलमग्न रहने वाला ऐतिहासिक श्री संगमेश्वर स्वामी मंदिर जलस्तर घटने के बाद दोबारा प्रकट हो गया है। चालुक्य काल का यह मंदिर आंध्र प्रदेश के नांदयाल जिले में स्थित है, जहां पहुंचने के लिए तेलंगाना के सोमशिला तट से नाव का सहारा लेना पड़ता है। मान्यता है कि यहां पांडवों ने नीम की लकड़ी का शिवलिंग स्थापित किया था। साल में केवल 4 महीने ही इस अद्भुत मंदिर के दर्शन हो पाते हैं, जिसके लिए अब श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

इतिहासकारों और धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, इस अद्भुत मंदिर का निर्माण 7वीं-8वीं शताब्दी में बादामी के चालुक्य शासकों द्वारा करवाया गया था। यह स्थान भौगोलिक और धार्मिक रूप से बेहद विशेष है, क्योंकि यहां सात पवित्र नदियों कृष्णा, वेणी, तुंगभद्रा, भीमराथी, मलापहारिणी, संगमेश्वर और भवनसी का महासंगम होता है।

**महाभारत से जुड़ा रहस्य!**



# दोनों आंखों के सफेद पार्ट पर करवा लिया टैटू, अब इस महिला के निकलते हैं 'काले आंसू'

**ब्रासीलिया।** कुछ शौक, वाकई जिंदगी की सबसे बड़ी सजा बन जाते हैं। ब्राजील की सड़कों पर अपनी एक अलग पहचान रखने वाली लाविया मेस्किटा की कहानी सुनकर आप भी यही कहेंगे। इंस्टाग्राम पर 'लव मेडुसा' के नाम से फेमस ये बिंदास टैटू आर्टिस्ट आज 'काले आंसूओं' से परेशान है। करीब 2 महीने पहले लाविया ने अपने दोनों आंखों के सफेद हिस्सों को टैटू बनवाकर काला करा लिया था, जिसके कारण अब उनकी आंखों की रोशनी जाने की नौबत तक आ गई है। उनका कहना है आज भी जब वो रोती हैं तो काले आंसू आते हैं, सब कुछ धुंधला सा और ब्लैक-एंड-व्हाइट नजर आता है।


### अब कोई नौकरी देने को तैयार नहीं



लाविया को सबसे बड़ा झटका अपने कॅरियर में लगा है। टैटू बनवाने के बाद से उन्हें कहीं भी काम नहीं मिल रहा है। लाविया कहती हैं कि उन्होंने बिना सोचे-समझे बस चेहरे पर टैटू बनवाने की धुन में यह कदम उठा लिया। टैटू की दुनिया में चेहरे और आंख के टैटू को 'जॉब स्टॉपर' कहा जाता है, यानी इन्हें देखते ही कंपनियां नौकरी देने से मना कर देती हैं।

### खुद के बच्चे भी रूप देखकर खौफ से रोने लगते हैं


एक मां के लिए इससे बड़ी सजा क्या होगी कि उसका अपना बच्चा ही उसकी शक्ल देखकर कांपने लगे। लाविया ने बताया कि उनके बच्चे अक्सर रात को उनकी आंखों के डरावने सपने देखकर उठ जाते हैं। हद तो तब हो जाती है जब लाविया उन्हें चुप कराने के लिए पास जाती हैं, तो बच्चे उनका चेहरा देखकर और जोर-जोर से रोने लगते हैं। हालांकि, इंस्टाग्राम पर उनकी कुछ तस्वीरें बच्चों के साथ नॉर्मल दिखती हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail :